हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, मंगलवार 1 सितंबर 2026

LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

70 Years

हमारा सफर, आपका विश्वास.
Our Journey, Your Trust.

विश्वास,
पीढ़ियों का.



सच्ची सुरक्षा एक ऐसा उपहार है जो एक पीढ़ी से दूसरी को सौंपा जाता है...
1956 से, एलआईसी ने भरोसे का एक अटूट रिश्ता बनाया है जो समय के साथ और भी मज़बूत होता जा रहा है.

मना रहे हैं विश्वास के 70 सालों का जश्न.

LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

हर पल आपके साथ

सहायक कंपनियां: LIC PFL LIC PENSION FUND LTD | LIC CARDS SERVICE LIMITED

सहयोगी कंपनियां: LIC HFL LIC HOUSING FINANCE LTD | LIC MUTUAL FUND | LICHFL Asset Management Company Limited

क्यूआर कोड स्कैन करें और डाउनलोड करें My LIC App

विज़िट करें: licindia.in

कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827

हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'

हमें यहाँ फॉलो करें: LIC India Forever

IRDAI Regn No.: 512

LIC/P1/2026-27/15/Hin

नकली फोन कॉल्स और झूठे/धोखाधड़ी पूर्ण ऑफ़र्स से सावधान रहें. आईआरडीएआई जीवन बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस घोषित करने या प्रीमियमों के निवेश, रकम की वापसी जैसी गतिविधियों में संलग्न नहीं है. ऐसे फोन कॉल प्राप्त करने वाले व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करवाएँ.

देश में लागू होंगे आज से बड़े बदलाव रसोई से एयरपोर्ट तक असर

एलपीजी सिलेंडर के बदलेंगे दाम, हवाई सफर भी होगा महंगा

कहीं मिलेगा राहत भरा बदलाव, तो कहीं लगेगा जोर का झटका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

1 सितंबर से देश में कुछ अहम बदलाव लागू होने जा रहे हैं, वो आपके घर की रसोई से लेकर एयरपोर्ट तक पर असर डालने वाले हैं। कहीं राहत भरा चेंज देखने को मिलेगा, तो कहीं बड़ा झटका लगने वाला है। पहली तारीख से होने वाले इन बदलावों में प्रमुख तौर पर जहां ऑयल मार्केटिंग कंपनियां एलपीजी सिलेंडर की नई कीमतें जारी करेंगी, तो वहीं भारत से विदेश जाने वाले यात्रियों के लिए भी नियम बदलने वाला है। यही नहीं दूध की कीमत से लेकर कारों के दाम तक बड़ा झटका भी लगने वाला है।

रसोई के बजट पर पड़ेगा असर

ऑयल मार्केटिंग कंपनियां हर महीने की पहली तारीख को सुबह-सुबह एलपीजी की संशोधित नई कीमतें जारी करती हैं। ऐसे में 1 सितंबर को भी सरकार एलपीजी गैस प्रोवाइडर कंपनियों एलपीजी सिलेंडर न्यू प्राइस अपडेट करेंगी। इनमें होने वाली किसी कटौती या बढ़ोतरी का सीधा असर रसोई के बजट पर पड़ेगा। बता दें कि 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर में बीते महीने की शुरुआत में बड़ा बदलाव देखने को मिला था और ये सस्ता कर दिया गया था, लेकिन घर की रसोई में इस्तेमाल होने वाले 14.2 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमतें यथावत रखी गई थीं।

हवाई सफर के खर्चों पर पड़ेगा असर

सितंबर महीने की शुरुआत में होने वाला दूसरा बड़ा बदलाव सीधे आपके हवाई सफर पर होने वाले खर्च पर असर डालने वाला साबित होगा। दरअसल, ऑयल मार्केटिंग कंपनियां न सिर्फ एलपीजी सिलेंडर की नई कीमतें जारी करती हैं, बल्कि हवाई ईंधन यानी एयर टर्बाइन फ्यूल के दाम में बदलाव करती हैं और इनमें होने वाली कटौती-बढ़ोतरी का असर एयर टिकट प्राइस पर देखने को मिल सकता है।



ये कारें खरीदना पड़ेगा महंगा

सितंबर में तीसरा बदलाव कार खरीदने का प्लान बना रहे लोगों पर असर डालेगा। दरअसल, कार का शौकीनों को झटका लगने वाला है, क्योंकि 1 सितंबर 2026 से टाटा और हुंडई की कारें महंगी होने वाली है। का ऐलान किया है। जहां एक ओर टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड महीने के पहले दिन से अपनी सभी वैरिएंट की कारों और एसयूवी की कीमतों में 25,000 रुपये तक की बढ़ोतरी करने वाली है। तो वहीं हुंडई मोटर इंडिया ने भी अपनी कारों के दाम में इस साल की तीसरी बढ़ोतरी का ऐलान किया है।

दूध की कीमतों में इजाफा

सितंबर के महीने की शुरुआत मुंबई के लोगों पर महंगाई के अटैक के साथ होने वाली है। दरअसल, पहली तारीख से यहां दूध महंगा हो जाएगा। हालांकि, पैकेट वाले दूध के दाम नहीं बढ़लेंगे, बल्कि तबेला वाले दूध की कीमतों में तगड़ा इजाफा होगा। मुंबई में इस दूध की कीमत में 9 रुपये प्रति लीटर बढ़ने जा रही है और इस माइक प्राइस हाइक के बाद 93 रुपये प्रति लीटर में मिलने वाला तबेला दूध 102 रुपये प्रति लीटर में मिलेगा। दूध कारोबारियों का कहना है कि दूध के दाम में यह बढ़ोतरी पशु चारा की लागत में लगातार वृद्धि और अन्य होने वाले खर्च में इजाफे के चलते की जा रही है।

विदेश यात्रा के दौरान ये मिलेगी राहत

1 सितंबर से देश में लागू होने वाले रूल चेंज में पांचवां बदलाव आपकी विदेश यात्रा से जुड़ा है और ये राहत भरा चेंज है। रिपोर्ट्स की मानें, तो भारत से विदेश जाने वाले यात्रियों को पहली तारीख से इमिग्रेशन काउंटर पर अब बोर्डिंग पास पर स्टैम्प लगवाने की जरूरत नहीं होगी, बल्कि यात्री मोबाइल में इलेक्ट्रॉनिक बोर्डिंग पास या उसकी प्रिंटेड कॉपी दिखाकर इमिग्रेशन प्रोसेस पूरा कर सकेंगे।

खबर संक्षेप

सीजेपी कांग्रेस जिताओ प्रोग्राम है : फडणवीस

पुणे। पुणे में बीजेपी की महाराष्ट्र प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक को



संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। इस दौरान उन्होंने सीजेपी पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि, 'सीजेपी कोई छोटा-मोटा संगठन नहीं है, यह कांग्रेस जिताओ प्रोग्राम है। हमें जो चेहरे दिखाई दे रहे हैं, ये सिर्फ ऊपर के चेहरे हैं। ये सभी वही लोग हैं, जो भारत जोड़ो यात्रा में शामिल 180 संगठनों का हिस्सा थे। ये वही संगठन हैं।

वडोदरा : नाबालिग से गैंगरेप, 5 को उम्रकैद

वडोदरा। गुजरात के बहुचर्चित भायली गैंगरेप मामले में सोमवार



को वडोदरा कोर्ट ने पांचों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। आरोपियों पर 50-50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। वहीं, कोर्ट ने पीड़िता को 10 लाख रुपए का मुआवजा देने का भी आदेश दिया है। यह घटना 4 अक्टूबर 2024 की रात हुई थी। नवरात्रि के दौरान गरबा कार्यक्रम से लौट रही नाबालिग अपने दोस्त के साथ एक सुनसान जगह से गुजर रही थी। इसी दौरान आरोपियों ने उसे रोक लिया था।

तुर्किये जा रही फेरी बोट पलटी, 7 लोगों की मौत

अंकारा। मेडिटेरियन सी में तुर्किये जा रही फेरी बोट रविवार को समुद्र में पलट गई। यह फेरी यूरोपीय देश साइप्रस के उत्तरी तट से 270 से ज्यादा यात्रियों के साथ रवाना हुई थी। तुर्किये की मीडिया के मुताबिक, हादसे में कम से कम 7 लोगों की मौत हो गई है। उत्तरी साइप्रस के पीएम उनाल उस्तेल ने बताया कि अब तक 237 लोगों को बचा लिया गया है। कई यात्रियों ने पलटी बोट के ऊपर चढ़कर अपनी जान बचाने की कोशिश की थी। वहीं, 24 अन्य लोगों की तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। उन्होंने बताया कि खराब मौसम के बीच फेरी रवाना हुई थी और निकलने के करीब 15 मिनट बाद उसमें पानी भरने लगा। इसके बाद यह हादसा हुआ।

'कॉकरोच' के आगे नरम पड़ी सरकार!

नीट प्रदर्शनकारियों पर दर्ज एफआईआर रद्द कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंचा केंद्र

केंद्र सरकार ने दिल्ली समेत कई राज्यों में नीट परीक्षा पेपर लीक के विरोध में हुए प्रदर्शनों के दौरान कथित हिंसा और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोपों में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। सरकार का कहना है कि कई मामलों में छात्रों और उनके परिवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं, जिन्हें असाधारण परिस्थितियों में निरस्त किया जाना चाहिए।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खास बातें
- सर्वोच्च न्यायालय से बोली सरकार- आर्टिकल 142 का कीजिए इस्तेमाल
- इधर, सीजेपी ने सरकार के रवैये पर साधा निशाना



सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सोमवार को भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष इस याचिका का उल्लेख किया। उन्होंने अदालत से मामले में शीघ्र हस्तक्षेप की मांग की और कहा कि केंद्र संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत सर्वोच्च न्यायालय की असाधारण शक्तियों का प्रयोग कर इन एफआईआर को रद्द करने का अनुरोध कर रहा है।

इस अनुच्छेद के तहत अदालत पूर्ण न्याय करने के लिए आवश्यक कोई भी आदेश पारित कर सकती है। केंद्र की याचिका में कहा गया है कि नीट पेपर लीक को लेकर छात्रों और अभिभावकों में व्यापक आक्रोश था। प्रदर्शनों के दौरान कुछ स्थानों पर तनाव बढ़ा और पुलिस के साथ झड़पें हुईं। इसके बाद दिल्ली और अन्य राज्यों में कई एफआईआर दर्ज की गईं। सरकार का पक्ष है कि बड़ी संख्या में युवा छात्रों के भविष्य पर इन मामलों का असर पड़ सकता है, इसलिए अदालत को व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखकर एफआईआर रद्द करनी चाहिए। मामले की अगली सुनवाई 1 सितंबर को तय की गई है।

छात्रों के हितों का दिया हवाला

याचिका में यह भी उल्लेख किया गया है कि कई प्रदर्शनकारियों पर सार्वजनिक संपत्ति क्षति, हिंसा भड़काने और कानून-व्यवस्था बिगाड़ने जैसे आरोप लगे हैं। केंद्र का तर्क है कि जांच एजेंसियों ने कुछ मामलों में कार्रवाई की, लेकिन समग्र स्थिति को देखते हुए अदालती हस्तक्षेप जरूरी है। सॉलिसिटर जनरल ने पीठ के समक्ष मामले की गंभीरता और छात्रों के हितों का हवाला देते हुए शीघ्र सुनवाई पर जोर दिया।

सीजेपी ने किया 5 सितंबर को बड़े विरोध मार्च का ऐलान

इस बीच, कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने सरकार के रुख पर तीखा हमला बोला है। सीजेपी का आरोप है कि सरकार ने प्रदर्शनकारियों को दिए गए आश्वासन पूरे नहीं किए। सीजेपी ने 5 सितंबर को दिल्ली में बड़े विरोध मार्च की घोषणा की है। यह मार्च इंडिया गेट से शुरू होकर दिल्ली पुलिस मुख्यालय तक निकलेगा। पार्टी के अनुसार, इस मार्च में नीट पेपर लीक से प्रभावित छात्रों के परिवार, अभिभावक और वे लोग शामिल होंगे जो पुलिस बर्बरता और अत्यधिक बल प्रयोग का आरोप लगा रहे हैं। सीजेपी का कहना है कि सरकार एक ओर अदालत में एफआईआर रद्द कराने की बात कर रही है, दूसरी ओर जमीन पर प्रदर्शनकारियों की मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। पार्टी ने मार्च को शांतिपूर्ण रखने का दावा किया है, लेकिन दिल्ली पुलिस से पर्याप्त सुरक्षा और अनुमति सुनिश्चित करने की मांग भी की है।

मार्च पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट ने किया इंकार

इधर, सुप्रीम कोर्ट ने भी कॉकरोच जनता पार्टी के मार्च पर रोक लगाने से साफ इंकार कर दिया है। भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची और वी. मोहना की बेंच ने कहा कि उनके सामने ऐसे कोई हालात नहीं है कि वो उन्हें मार्च करने से रोक सकें। सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों पर ये फैसला छोड़ दिया है कि मार्च निकाला जा सकता है या नहीं और अगर निकाला जाता है तो उसकी शर्तें क्या होगी। बेंच ने कहा- 'हमारे पास शक करने की कोई वजह नहीं है कि हर कोई शांतिपूर्ण और कानूनी तरीके से व्यवहार करेगा, अभी हमारे सामने ऐसा कुछ मानने या सोचने की कोई ठोस वजह नहीं है।' सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मार्च के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के बारे में फैसला केंद्र और दिल्ली सरकार को लेना है।

सिंधु जल संधि विवाद

कहा- संप्रभु फैसलों पर अधिकार नहीं

मध्यस्थता अदालत का फैसला भारत सरकार ने किया खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



भारत ने सोमवार को विश्व बैंक द्वारा गठित सिंधु जल संधि से जुड़ी मध्यस्थता अदालत के फैसले को खारिज करते हुए उसे अवैध रूप से गठित निकाय बताया है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि इस अदालत का भारत के संप्रभु फैसलों पर कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है और भारत द्वारा सिंधु जल संधि को स्थगित रखने का फैसला लागू रहेगा। वहीं, मध्यस्थता अदालत ने कहा है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद संधि को स्थगित करने के लिए भारत द्वारा दिए गए आधार पर्याप्त नहीं हैं और संधि अभी भी पूरी तरह लागू है।

भारत ने अदालत के गठन पर ही उठाए सवाल

विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि विश्व बैंक ने संधि की शर्तों का स्पष्ट उल्लंघन करते हुए इस तथाकथित मध्यस्थता अदालत का गठन किया है। भारत इस तथाकथित अदालत के फैसले को उसी तरह खारिज करता है, जिस तरह उसने पहले भी इस 'अवैध रूप से गठित' संस्था की सभी टिप्पणियों और फैसलों को खारिज किया है। भारत ने कानून की नजर में इस अवैध रूप से गठित तथाकथित मध्यस्थता अदालत के अस्तित्व को कभी मान्यता नहीं दी है ।

भारत ने कार्यवाही में हिस्सा लेने से किया इंकार

विदेश मंत्रालय के मुताबिक, 'भारत ने इस निकाय के सामने कभी पैरवी नहीं की और इसके पहले दिए गए किसी भी फैसले या टिप्पणी को मानने से भी इंकार किया है। भारत ने इस निकाय के सामने कभी उपस्थिति दर्ज नहीं कराई और इसके पहले के किसी भी फैसले पर कोई संज्ञान लेने से इंकार किया है।'

अदालत ने संधि स्थगित करने के भारत के फैसले को नहीं माना

विदेश मंत्रालय का यह बयान उस समय आया, जब इससे कुछ घंटे पहले मध्यस्थता अदालत ने कहा था कि जिन आधारों पर भारत ने सिंधु जल संधि को स्थगित रखने का फैसला किया, वे संधि को निलंबित करने या समाप्त करने को उचित नहीं ठहराते। इसलिए सिंधु जल संधि पूरी तरह लागू है और भारत को संधि के तहत अपने दायित्वों का पालन करना चाहिए।

ईरानी राष्ट्रपति से किर्गिस्तान में मिले पीएम मोदी

'वार्ता-कूटनीति के जरिये हो संघर्ष का समाधान'

एजेंसी ▶▶| बिश्केक



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान से कहा कि भारत आने वाले समय में ईरान के साथ व्यापार का दायरा 'बढ़ाना और उसमें विविधता लाना' चाहता है। मोदी ने वार्ता एवं कूटनीति के जरिये पश्चिम एशिया संघर्ष के समाधान की भी अपील की। प्रधानमंत्री मोदी ने किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन से इतर पेजेश्कियान के साथ बैठक की। मोदी ने सोशल मीडिया पर कहा, 'बिश्केक में राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान से मुलाकात हुई। ईरान के साथ भारत की पुरानी दोस्ती को विभिन्न क्षेत्रों में और मजबूत करने के हमारे संकल्प को दोहराया।'

क्षेत्र में बढ़ते तनाव पर जताई चिंता : विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया के संघर्ष पर चर्चा की और उभरती स्थिति पर अपने विचार साझा किए। मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने क्षेत्र में बढ़ते तनाव पर चिंता जताई और भारत के इस रुख को दोहराया कि सभी मुद्दों को बातचीत और कूटनीति के जरिये सुलझाया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने इस क्षेत्र में स्थायी शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए लगातार कोशिशें जारी रखने की जरूरत पर भी जोर दिया।

ईरान ने की समर्थन की सराहना

मोदी और पेजेश्कियान की मुलाकात के बारे में ईरान की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि ईरान के राष्ट्रपति ने हालिया युद्ध के दौरान ईरान को नयी दिल्ली से मिले समर्थन और सहयोग के लिए 'सराहना' की तथा क्षेत्र में शांति और सुरक्षा कायम करने के लिए कूटनीतिक कोशिशों को तेज करने की जरूरत पर जोर दिया। पेजेश्कियान ने कहा, 'दुर्भाग्य से, कूटनीतिक तरीकों का इस्तेमाल करने के बजाय, अमेरिकियों ने युद्ध, असुरक्षा और जबरदस्ती अपनी मर्जी थोपने का रास्ता चुना है।'

अमेरिका ने एक महीने बाद फिर किया ईरान पर हमला

होर्मुज में समुद्री माइंस से टकराया सुपर टैंकर

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

होर्मुज स्ट्रेट में एक सुपर टैंकर दो समुद्री माइंस से टकरा गया। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) के मुताबिक, टकराने के बाद टैंकर में भीषण आग लग गई और वह पूरी तरह रुक गया। ईरान ने जहाज का नाम और चालक दल की संख्या नहीं बताई है। आईआरजीसी ने कहा कि टैंकर बिना अनुमति वाले समुद्री रास्ते से गुजर रहा था। ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में अपने तय सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करने वाले दूसरे जहाजों को भी कार्रवाई की चेतावनी दी है। इस बीच अमेरिका ने करीब एक महीने बाद ईरान पर फिर सैन्य कार्रवाई की है। अमेरिकी सेना ने रविवार को होर्मुज स्ट्रेट के पास ईरान के लारक द्वीप पर दो रॉकेट लॉन्चर्स को निशाना बनाया।



ईरान का जॉर्डन में अमेरिकी बेस पर जवाबी हमला

अमेरिकी हमले के बाद ईरान ने जॉर्डन में दो अमेरिकी एयरबेस पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागने का दावा किया। ईरानी मीडिया के मुताबिक, मिसाइलों को अमेरिकी एयरबेस के तकनीकी और मेंटेनेंस इंफ्रास्ट्रक्चर तथा लड़ाकू विमानों की तैनाती वाले क्षेत्रों को निशाना बनाकर दागा गया। वहीं, अल अरबिया के मुताबिक, जॉर्डन की एयर डिफेंस ने ईरानी मिसाइलों को रोक दिया।

होर्मुज के बीच में है लारक द्वीप

लारक द्वीप ईरान के प्रमुख बंदरगाह बंदर अब्बास के पास है और होर्मुज के ठीक बीच में स्थित है। यह समुद्री रास्ता दुनिया के लिए बेहद अहम है, क्योंकि युद्ध से पहले दुनिया के इस्तेमाल होने वाले करीब 20% तेल और लिक्विफाइड नेचुरल गैस की आवाजाही इसी रास्ते से होती थी। रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान फिलहाल इस द्वीप के पास से गुजरने वाले टैंकरों की जांच कर रहा है और जहाजों से स्ट्रेट पार करने के लिए 20 लाख डॉलर यानी करीब 19 करोड़ तक टैक्स वसूल रहा है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कनाडा में कहा

'जरूरत पड़ने पर मदद के लिए हाथ बढ़ाना भारत की परंपरा'

एजेंसी ▶▶| टोरंटो

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत विदेश प्रवास पर हैं। अमेरिका यात्रा के बाद कनाडा के टोरंटो पहुंचे भागवत ने 'हिंदू विश्व बंधु-एम्ब्रेस द वर्ल्ड इन फ्रेंडशिप' कार्यक्रम को संबोधित किया। भागवत ने कहा कि जब भी दुनिया में कहीं भारत से मदद मांगी गई, भारत ने कभी इंकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर मदद के लिए हाथ बढ़ाना भारत की परंपरा और उसके 'डीएनए' का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि इसी कारण यह कहा जाता है कि 'अगर हिंदू जागता है तो दुनिया जागती है।' बकौल भागवत, भारतीय परंपरा सिखाती है कि जीव-जगत और निर्जीव वस्तुओं को भी अपना माना जाए। भारत में विविधता को एकता के लिए चुनौती नहीं माना जाता, बल्कि विविधता को ही एकता का स्वरूप समझा जाता है। भागवत ने 'वसुधैव कुटुंबकम' की अवधारणा का उल्लेख करते हुए कहा कि खुले विचारों वाले और ज्ञान रखने वाले लोग पूरी धरती को एक परिवार मानते हैं।

हिंदू विश्व बंधु-एम्ब्रेस द वर्ल्ड इन फ्रेंडशिप कार्यक्रम को किया संबोधित



'भारत महाशक्ति नहीं, अपने चरित्र से बना विश्वगुरु'

तेजी से बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य की तरफ संकेत करते हुए भागवत ने कहा कि भारत को सुपरपावर कहा जा सकता है, लेकिन भारत कभी महाशक्ति बनने के लिए दुनिया में नहीं निकला। उन्होंने कहा कि भारत ने दुनिया की सेवा की और अपने चरित्र के कारण 'विश्वगुरु' बना। उन्होंने भारत के प्राचीन यात्रियों का जिक्र करते हुए कहा कि हमारे पूर्वज मैक्सिको से साइबेरिया तक गए। उन्होंने हिमालय को पैदल पार किया और छोटी नावों से दक्षिण-पूर्व एशिया तक पहुंचे, लेकिन किसी देश को जीतने के लिए नहीं गए। उन्होंने ज्ञान, खगोल विज्ञान, आयुर्वेद और सभ्यतागत मूल्यों को दुनिया तक पहुंचाया।

अत्याचार हुआ तो भारत ने शरण दी

भागवत ने कहा कि 'हिंदू' शब्द को किसी एक भाषा, पूजा पद्धति या जीवनशैली तक सीमित नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि ये सभी मानव जीवन की विविधताएं हैं और हिंदू सभी का सम्मान एवं स्वीकार करते हैं।उन्होंने कहा कि दुनिया में कहीं भी लोगों पर अत्याचार हुआ तो भारत ने उन्हें शरण दी। उनके मुताबिक, भारत में बाहर से आए अनेक लोग आज भी अपनी परंपराओं और विशिष्टताओं के साथ रहते हैं। ऐसे कई लोग भारतीय नागरिक हैं। उन्होंने कहा कि भारत में मुस्लिम, ईसाई और यहूदी समुदाय भी मौजूद हैं और जरूरत पड़ने पर दूसरे देशों के लोग भी यहां शरण लेते रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों का बड़ा ऑपरेशन

एके-47 समेत हथियारों का बड़ा जखीरा बरामद

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के शोपियां में सुरक्षाबलों को आतंकियों के खिलाफ बड़ी कामयाबी मिली है। सोमवार को एक गुप्त इनपुट के बाद चलाए गए सर्च ऑपरेशन में जवानों ने आतंकियों के एक ठिकाने का भंडाफोड़ किया। मौके से एक एके-47 राइफल, पिस्टल और हैंड ग्रेनेड के साथ भारी तादाद में कारतूस बरामद किए गए हैं। समय रहते हथियारों का यह जखीरा पकड़े जाने से किसी बड़ी आतंकी वारदात की साजिश टल गई। यह पूरी कार्रवाई जम्मू-कश्मीर पुलिस, 44 राष्ट्रीय राइफल्स और सीआरपीएफ की साझा टीम ने अंजाम दी. जवानों ने शोपियां के संदिग्ध इलाके को चारों तरफ से घेरकर तलाशी शुरू की थी। इसी दौरान जंगल और झाड़ियों के बीच छिपाकर बनाया गया यह ठिकाना पकड़ में आ गया।

यह हुआ बरामद

ठिकाने की सघन तलाशी लेने पर जवानों को एके-47 राइफल के साथ दो मैगजीन और 7.62 एमएम के 60 जिंदा कारतूस मिले. इसके अलावा, एक पिस्टल, 9 एमएम की छह गोलियां और एक हैंड ग्रेनेड भी बरामद किए गए। हथियारों की तादाद से साफ है कि यहां आतंकियों के किसी बड़े मॉड्यूल के लिए रसद और असलहा जुटाया जा रहा था।

शिक्षक दिवस काउंटडाउन-1 सितंबर



गुरवः सर्वश्रेष्ठा भवन्ति ज्ञानदायिनः।
तेषां वन्दनमेकाग्रं कुर्यात्भक्त्या सदा नरः॥

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹116921/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹142800/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹155879/-
Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।
*Conditions apply
anand Jewels
Pandri, Raipur

समर्पण को अर्पण

एक शिक्षक सिर्फ किताबों का ज्ञान नहीं देता, वह जीवन को समझने की दृष्टि भी देता है। अपने समर्पण, सेवा और अथाह ज्ञान से विद्यार्थियों का भविष्य संवारता है। ज्ञान से जीवन को रोशन करने वाले उन कई विभूतियों को इस साल अलंकृत किया जा रहा है, जिन्होंने किताबी ज्ञान के साथ जीवन की असली शिक्षा से समाज को संवारा है। हरिभूमि इनके अनुकरणीय और प्रेरक प्रयासों को सिलसिलेवार सामने ला रहा है, जिससे समाज को सुगठित करने वाली प्रेरणा का दायरा विराट हो सके। शुरुआत आज से..

खास-पुरस्कार एक सम्मान है, आपके ज्ञान, सेवा और समर्पण के लिए पर इस राज्य स्तरीय पुरस्कार से इतर भी ऐसे सम्मानीय शिक्षक मौजूद हैं, जिन्होंने अपनी विलक्षण दक्षता और प्रगतिवादी सोच से कुछ गढ़ा है, हम उन शिक्षकों से अनुरोध करते हैं कि वे अपनी इस सोच और सेवा को हरिभूमि के साथ साझा करें, जिसे हम 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रकाशित करेंगे। इस व्हाट्सएप नंबर पर वे 4 सितंबर तक फोटोग्राफ्स के साथ अपने किए कामों का ब्योरा भेज सकते हैं।

हरिभूमि व्हाट्सएप 6268747629 | अंतिम तिथि 4 सितंबर

167 स्कूलों में शुरु कराईं स्मार्ट कक्षाएं, आधा खर्च उठाया और लगवा दी टीवी, बचत की आदत डालने बांटे गुल्लक



यशवंत साहू ⏭ धमतरी

खास खबर

मगरलोड विकासखंड के शासकीय माध्यमिक शाला लुगे में पदस्थ शिक्षक रंजीता साहू ने शिक्षा के साथ सामाजिक सरोकार और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर अलग पहचान बनाई है। उनकी उपलब्धियों को देखते हुए छत्तीसगढ़ शासन ने इस वर्ष उन्हें राज्यपाल पुरस्कार के लिए चयनित किया है। राज्यपाल 5 सितंबर को शिक्षक दिवस पर राजधानी में रंजीता साहू को सम्मानित करेंगे। पति तुमनचंद साहू के साथ मिलकर उन्होंने विभिन्न अभियानों के माध्यम से विद्यार्थियों, ग्रामीणों और विद्यालयों ⏭शेष पेज 5 पर

स्मार्ट शिक्षा से बदली स्कूलों की तस्वीर

रंजीता ने सामुदायिक सहभागिता से अब तक 167 विद्यालयों में स्मार्ट टीवी लगवाकर स्मार्ट कक्षाओं की शुरुआत कराई। इसमें 50 प्रतिशत राशि स्वयं और 50 प्रतिशत राशि समुदाय द्वारा वहन की गई। शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने विद्यालय में व्हाइट बोर्ड लगवाने के साथ संकुल के विद्यालयों में बेहतर प्रकाश व्यवस्था के लिए 65 ट्यूब लाइट भी लगवाई गई। 300 से अधिक विद्यालयों में स्वयं निर्मित गणित एवं नैतिक मूल्यों पर आधारित शैक्षणिक चार्ट और फ्लेक्स निःशुल्क बांटे। अब तक 11 हजार से अधिक विद्यार्थियों को पेन तथा जरूरतमंद बच्चों को कॉपी, पुस्तकें, ड्राइंग और प्रोजेक्ट सामग्री उन्होंने उपलब्ध कराई है।

बच्चों में बचत और आत्मनिर्भरता की भावना

मैं हूं गुल्लक अभियान के तहत 10 हजार से अधिक विद्यार्थियों को निःशुल्क गुल्लक वितरित कर बचत और अच्छे संस्कारों के लिए प्रेरित किया। पिछले 11 वर्षों में करीब 1,100 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। कोरोना काल में भी कोरोना योद्धाओं की सेवा की तथा बच्चों की पढ़ाई मोहल्ला और घरेलू कक्षाओं के माध्यम से जारी रखने में अहम भूमिका निभाई। वर्तमान में वे मां गौरी गौ सेवा समिति बोड़रा से जुड़कर गौसेवा, गो संरक्षण और शैक्षणिक गतिविधियों में भी सक्रिय योगदान दे रही हैं।

स्कूल को बनाया स्मार्ट, पढ़ाई ऐसी कि निजी विद्यालय के बच्चे भी आ गए

धमतरी जिले के ही शासकीय प्राथमिक शाला धौराभाठा के प्रधानपाठक लीलाराम साहू को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय कार्यों के लिए 5 सितंबर को राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित करेंगे। उन्होंने नवाचारी शिक्षण, स्मार्ट क्लास, जनसहभागिता और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए गए कार्यों से सरकारी स्कूल की तस्वीर बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 16 जून 2005 को शिक्षक के रूप में नियुक्त हुए लीलाराम साहू ने पूर्व पदस्थ शाला उन्नत प्राथमिक शाला मुड़पार, प्राथमिक शाला तरसींवा और वर्तमान शाला धौराभाठा में स्मार्ट क्लास रूम स्थापित किए। व्यवहारिक एवं नवाचारी शिक्षण से विद्यार्थियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। धौराभाठा स्कूल में दर्ज संख्या 28 से बढ़कर 125 ⏭शेष पेज 5 पर



23 बच्चे नवोदय, एकलव्य और जवाहर उत्कर्ष में चयनित

उनके मार्गदर्शन में अब तक 23 विद्यार्थियों का चयन नवोदय, एकलव्य और जवाहर उत्कर्ष विद्यालयों में हो चुका है। उन्होंने बच्चों को व्यावसायिक शिक्षा के तहत सौमेंट गमला निर्माण भी सिखाया। उनके नवाचारी कार्यों को राज्य स्तर पर पढ़ई तुंहर दुआर के हमारे नायक, चर्चापत्र और शिक्षा के गोठ जैसी पत्रिकाओं में स्थान मिला। उनके बनाए टीएलएम को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मिला और राज्योत्सव में प्रदर्शित किया गया।

सोने-चांदी के कम ज्यादा होते दाम के कारण खर्च निकालने में थोड़ी हो रही परेशानी

100 करोड़ का शो रूम, महीने का खर्च 50 लाख, सोने-चांदी में उछाल-गिरावट ने कमाई का गणित भी बिगाड़ा



सोने-चांदी के दामों में उछाल और गिरावट की वजह से सराफा कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। ऐसे में 50 से 100 करोड़ की लागत से कारोबार की शुरुआत करने वाले भव्य शो रूम को चलाना भी आसान नहीं रह गया है। इसके संचालन में ही हर माह 50 लाख तक खर्च आता है। ग्राहकों के ठिठकने की वजह से लागत निकालकर प्राफिट कमाना मुश्किल से संभव हो पाता है। छोटे कारोबारी थोड़े ज्यादा परेशानी में हैं, क्योंकि इनका धंधा कम हो रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सोने और चांदी की कीमत के कारण प्रदेश के साथ राजधानी रायपुर में भी कारोबार प्रभावित हो रहा है। प्रदेश में सराफा में रोज का 50 से 60 करोड़ का कारोबार होता है। इसमें से आधे से ज्यादा कारोबार राजधानी रायपुर में होता है। राजधानी रायपुर में भी सबसे ज्यादा बड़े शोरूम हैं। रायपुर में तो बड़ी-बड़ी कंपनियों के भी शोरूम खुल गए हैं। इनका कारोबार भी बड़ा है।

हरिभूमि विशेष

हर माह का खर्च भी भारी

एक शोरूम का हर माह का खर्च ही बड़ा है। 20 लोगों के स्टाफ और कारीगर वाले शोरूम की बात करें तो इसका खर्च हर माह का दस लाख हो जाता है। अगर दुकान किराए की है तो सदर बाजार जैसे क्षेत्र में तीन लाख रुपए तो किराया ही लग जाता है। इसके बाद स्टाफ और कारीगरों का वेतन छह से सात लाख और अन्य खर्च मिलाकर दस लाख का खर्च हर माह हो जाता है। 100 स्टाफ और कारीगरों वाले शोरूम की बात करें तो इनका वेतन ही 30 से 35 लाख हो जाता है। इसके अलावा बिजली का बिल, केंटीन और अन्य खर्च मिलाकर 40 से 50 लाख तक का खर्च हो जाता है।



खर्च निकालने में थोड़ी परेशानी

इस समय जिस तरह से सराफा बाजार में सोने और चांदी के भाव के कारण स्थिति है, ऐसे समय में बड़े शोरूम का खर्च निकालना इतना आसान नहीं है, लेकिन इसके बाद भी कारोबारी कहते हैं कि जैसे-तैसे खर्च निकल जा रहा है। लेकिन अब पहले की तरफ आसानी से खर्च नहीं निकल पा रहा है, यह भी कारोबारी मानते हैं।

जितना बड़ा शोरूम, उतनी ज्यादा लागत

एक बड़ा शोरूम खोलने के लिए कितना पैसा लगाना पड़ता है, इसकी जानकारी लेने के लिए जब सराफा कारोबारियों से संपर्क किया गया है, उन्होंने बताया इसकी कोई सीमा नहीं है। वैसे बड़ा शोरूम खोलने के लिए कम से कम 100 करोड़ तो लग ही जाते हैं। इसके आगे चाहे जितना लगा लें। एक जानकारी के मुताबिक राजधानी रायपुर में भी 100 से ज्यादा के करीब दो दर्जन शोरूम हैं।

20 से 100 तक का स्टाफ और कारीगर


जितना बड़ा शोरूम रहता है उसके हिसाब से स्टाफ और कारीगर भी रखने पड़ते हैं। कम लागत के शोरूम में पांच से दस कारीगर और 10 से 20 लोग का स्टाफ रहता है। बड़े शोरूम में 50 से 70 लोगों का स्टाफ और 20 से 30 कारीगर रहते हैं। राजधानी में रायपुर में भी ऐसे शोरूम हैं जिनके पास स्टाफ और कारीगर मिलाकर सौ से ज्यादा लोग काम करते हैं।

पूर्व डीईओ गंजीर को आय से अधिक संपत्ति मामले में चार साल कैद, जुर्माना भी

एसीबी व ईओडब्ल्यू ने 8.71 लाख नकद, लगभग 5 सौ ग्राम सोना 40 संपत्तियों व तीन मकानों से जुड़े दस्तावेज किए थे बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

दंतेवाड़ा। विशेष अदालत दंतेवाड़ा ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष गंजीर को दोषी करार देते हुए 4 साल के सश्रम कारावास और 10 हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है। वर्ष 2017 में एंटी करप्शन ब्यूरो और आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा ने आय से अधिक संपत्ति की शिकायत मिलने पर दंतेवाड़ा के तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष गंजीर के ठिकानों पर छापा मारा था। कार्रवाई के दौरान जांच एजेंसी ने 8.71 लाख रुपए नकद के अलावा ⏭शेष पेज 5 पर



दंतेवाड़ा कोर्ट में सुनवाई

एसीबी द्वारा आरोपी सुभाष गंजीर को गिरफ्तार करने के बाद मामला जिला एवं सत्र न्यायालय दंतेवाड़ा पहुंचा। कोर्ट में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13 और 13 ई के तहत करप्शन का मामला दर्ज कर सुनवाई की गई। इसी मामले में दंतेवाड़ा विशेष न्यायालय ने एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा पेश किए गए साक्ष्यों, गवाहों और सबूतों को सही पाते हुए आरोपी को चार वर्ष की सश्रम सजा और 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता ममता शर्मा ने पैरवी की।

खनिजों में आत्मनिर्भरता से बदलेगा छत्तीसगढ़ का भविष्य : साय

क्रिटिकल मिनरल्स से छत्तीसगढ़ में निवेश के नए दरवाजे खुले, 20 ब्लॉक्स की नीलामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में खनिज संसाधनों के जरिए बड़े निवेश को आकर्षित करने के लिए रायपुर में क्रिटिकल एवं स्ट्रेटेजिक मिनरल ब्लॉक्स की नीलामी को लेकर रोड शो किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केंद्रीय कोयला एवं खान राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, खनन विशेषज्ञ, वरिष्ठ अधिकारी और उद्योग जगत के प्रतिनिधि शामिल हुए। रोड शो में खनिजों की बढ़ती वैश्विक जरूरत, देश की खनिज सुरक्षा और छत्तीसगढ़ में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, आज के तकनीकी दौर में क्रिटिकल मिनरल्स का महत्व लगातार बढ़ रहा है और कई मामलों में इनका महत्व सोने-चांदी से भी अधिक हो गया है। छत्तीसगढ़ के पांच क्रिटिकल मिनरल ब्लॉक्स प्रदेश को विकास ⏭शेष पेज 5 पर

खास खबर



वर्तमान तकनीकी दौर में क्रिटिकल मिनरल्स का महत्व लगातार बढ़ रहा : मुख्यमंत्री

20 खनिज ब्लॉक्स की नीलामी

क्रिटिकल एवं स्ट्रेटेजिक मिनरल्स की नीलामी की 8वीं किस्त में देश के 7 राज्यों के कुल 20 खनिज ब्लॉक्स शामिल किए गए हैं। इनमें 3 माइनिंग लीज और 17 कंपोजिट लाइसेंस ब्लॉक हैं। इन ब्लॉक्स में ग्रेफाइट, रेयर अर्थ एलिमेंट्स, रेयर मेटल्स, वैनेडियम, गैलियम, टाइटेनियम, मोलिब्डेनम और टंगस्टन जैसे महत्वपूर्ण खनिज शामिल हैं। इनका उपयोग रक्षा क्षेत्र, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, ऊर्जा, एआई, डिजिटल टेक्नोलॉजी और एडवांस मैन्युफैक्चरिंग में किया जाता है।

क्रिटिकल मिनरल्स के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ में बड़ी संभावनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा, छत्तीसगढ़ देश के प्रमुख खनिज संपन्न राज्यों में है और अब क्रिटिकल मिनरल्स के क्षेत्र में भी प्रदेश नई पहचान बनाने की ओर अग्रसर है। कटघोरा और बस्तर में लिथियम एवं दुर्लभ मृदा तत्व, बलरामपुर में ग्रेफाइट, वैनेडियम एवं गैलियम, बालोद में फास्फोराइट तथा महासमुंद में निकेल, क्रोमियम और ग्लाकोनाइट की संभावनाएं मौजूद हैं।

खनिज क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर जोर : दुबे

केंद्रीय राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कहा, भारत अभी कई महत्वपूर्ण खनिजों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर है, लेकिन आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य के तहत इस निर्भरता को कम करने के प्रयास तेज किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुई से लेकर जहाज और ई-रिक्शा से लेकर आधुनिक तकनीक तक, विभिन्न क्षेत्रों में क्रिटिकल मिनरल्स की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भी क्रिटिकल मिनरल्स की उपलब्धता और खनिज सुरक्षा का मुद्दा उठाते रहे हैं। उन्होंने कहा, टेंडर प्रक्रिया में बदलाव से युवाओं और नए उद्यमियों के लिए खनन एवं अन्वेषण क्षेत्र में अवसर बढ़े हैं।

2025 मेंस एग्जाम, 265 पदों पर हो रही नियुक्ति

पीएससी एग्जाम, 265 पदों के लिए 608 परीक्षार्थियों देंगे इंटरव्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) ने राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2025 का रिजल्ट जारी कर दिया है। आयोग द्वारा जारी प्रेस नोट के मुताबिक मुख्य परीक्षा के परिणाम के आधार पर कुल 608 कैंडीडटेस को इंटरव्यू के लिए चिन्हांकित किया गया है। यह भर्ती प्रक्रिया राज्य शासन के विभिन्न विभागों में 265 ⏭शेष पेज 5 पर

21 से इंटरव्यू की संभावना


आयोग के अनुसार राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2025 का इंटरव्यू 21 सितंबर 2026 से शुरू होने की संभावना है। इंटरव्यू के लिए चिन्हित सभी कैंडीडटेस को आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के जरिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इंटरव्यू की विस्तृत सूचना तारीख और अन्य जरूरी दिशा-निर्देश आयोग की वेबसाइट पर अलग से जारी किए जाएंगे।

परीक्षा लिए बगैर ही रविवि ने जारी कर दिए परिणाम...सभी छात्र पूरक श्रेणी में!

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

परीक्षाओं में गड़बड़ी को लेकर पं.रविशंकर शुक्ल विवि अपना ही रिकॉर्ड तोड़ रहा है। गलत प्रश्नपत्र बांटे जाने, समय-सारिणी में रिकॉर्ड तोड़ परिवर्तन के बाद अब रविवि ने बगैर परीक्षा लिए ही परिणाम जारी कर दिए हैं। सभी छात्रों को पूरक की श्रेणी में रख गया है। मामला बीए द्वितीय वर्ष के चतुर्थ सेमेस्टर का है। छात्र पिछले एक महीने से रविवि के चक्कर लगा ⏭शेष पेज 5 पर

मामला बीए द्वितीय वर्ष का, एक माह से चक्कर काट रहे विद्यार्थी



आरोप-प्रत्यारोप का दौर : शिकायत लेकर जब छात्र रविवि पहुंचे तो उन्हें कहा गया कि यह विषय शेड्यूल में ही नहीं था। महाविद्यालय द्वारा छात्रों को इकोनॉमिक्स हिस्ट्री पढ़ाई जानी थी, ना कि मनी बैंकिंग। इसके बाद से छात्र सदमे में हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन और महाविद्यालय प्रबंधन दोनों ही एक-दूसरे पर दोषारोपण कर रहे हैं। छात्रों को जो अंकसूची प्रदान की गई है, उसमें मनी बैंकिंग के स्थान पर बीकॉम के एक विषय का जिक्र करते हुए उन्हें अनुत्तीर्ण बताया गया है।

मोदी बोले-बड़ी उपलब्धि, सीतारमण ने कहा- दिख रहे सुधारों के नतीजे

जीडीपी ने चौकाया, टैरिफ हो या जंग नहीं रुकेगा भारत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका का टैरिफ वार और अमेरिका-ईरान का युद्ध भी भारतीय अर्थव्यवस्था की तेज रफ्तार को रोक नहीं पाया है। इसका उदाहरण हैं, वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में जीडीपी ग्रोथ रेट के आंकड़े। भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में अनुमान से बेहतर 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी। यह अमेरिका-ईरान युद्ध और इसकी वजह से वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता के बीच घरेलू आर्थिक गतिविधियों की मजबूती को दर्शाता है। पीएम नरेंद्र मोदी ने इसे बड़ी उपलब्धि बताया।



वैश्विक चुनौतियों के बावजूद बनी रही गति

मंत्रालय ने कहा, वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने पहली तिमाही में वृद्धि की गति बनाए रखी है। मौजूदा कीमतों पर सकल घरेलू उत्पाद चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में 88.27 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जो एक साल पहले की समान अवधि में 80 लाख करोड़ रुपये था।

निराशावादी लोग गलत साबित : मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा, निराशावादी लोग गलत साबित हुए और भारत ने एक बार फिर तरक्की की। पीएम मोदी ने इन आंकड़ों का स्वागत किया। पीएम ने इसे ग्लोबल आर्थिक अनिश्चितताओं, तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और सप्लाई-चेन में रुकावटों के बावजूद हासिल किया गया 'मिसाल कायम करने वाला' प्रदर्शन बताया। उन्होंने कहा, वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में भारत की 7.8% की शानदार जीडीपी ग्रोथ एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।

देशवासियों की कड़ी मेहनतः सीतारमण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस शानदार प्रदर्शन का श्रेय भारत के लोगों और उनकी कड़ी मेहनत को दिया। सीतारमण ने कहा, 'इस शानदार प्रदर्शन का श्रेय भारत के लोगों और उनकी कड़ी मेहनत को जाता है। एनडीए सरकार की ओर से किए गए सुधार और अर्थव्यवस्था का कुशल प्रबंधन अच्छे नतीजे दे रहे हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार अपने सभी नागरिकों के लिए आर्थिक अवसर बढ़ाने प्रतिबद्ध है।



रामायण में राजा जनक का किरदार निभाएंगे टीवी अभिनेता राजीव

नई दिल्ली। नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' 2026 की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म के अंदर बॉलीवुड के कई बड़े कलाकार नजर आने वाले हैं। 'रामायण' में कौन एक्टर क्या किरदार निभाएगा, इसको लेकर भी तस्वीरें साफ हो गई हैं। लेकिन एक किरदार को लेकर लगातार सस्पेंस बना हुआ था, जो है माता सीता के पिता राजा जनक है। राजा जनक के किरदार को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। फिल्म 'रामायण' में यह किरदार टीवी के एक्टर राजीव कुमार निभाने वाले हैं। राजीव कुमार लंबे समय से टेलीविजन की दुनिया में सक्रिय हैं। उन्होंने 'मिलके भी हम न मिले' और 'कभी कभी इत्तेफाक से' जैसे मशहूर सीरियल्स में काम किया है।

लाइफ Style

शालिनी प्राइवेसी पर हमला बर्दाश्त नहीं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अर्जुन रेड्डी' फेम शालिनी पांडे डीपफेक का शिकार हो गई हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे फर्जी वीडियो पर एक्ट्रेस ने चुप्पी तोड़ते हुए इसे एआई जनरेटेड बताया है। फिल्म अर्जुन रेड्डी और महाराज से अपनी पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस शालिनी पांडे डीपफेक का शिकार हो गई हैं।

इंटरनेट पर उनके नाम से एक आपत्तिजनक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। जिसे लेकर शालिनी पांडे ने अपनी चिंता को जाहिर करते हए पूरे मामले पर अपनी चुप्पी तोड़ी है और इसे पूरी तरह फर्जी और एआई-जनरेटेड बताया है। शालिनी पांडे ने एक आधिकारिक बयान जारी करते हुए कहा कि उनके नाम से घूम रहा वीडियो पूरी तरह से गढ़ा गया है। उन्होंने कहा, "यह देखकर बहुत दुख और गुस्सा होता है कि तकनीक का इस्तेमाल किसी महिला की छवि और निजता को नुकसान पहुंचाने के लिए किया जा रहा है। यह वीडियो पूरी तरह फर्जी और एआई जनरेटेड है। मैं अपने प्रशंसकों और सभी लोगों से अपील करती हूं कि वे इस तरह के किसी भी फर्जी कंटेंट को शेयर, डाउनलोड या आगे न बढ़ाएं। शालिनी ने वीडियो के संबध में अपने इंस्टा पर पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने उनके ट्वीटर पर वायरल हो रहे डीपफेक वीडियो के बारे में बात की है। उन्होंने पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि इंटरनेट पर वायरल हो रहा एआई-जनरेटेड वीडियो पूरी तरह फर्जी है और उसमें नजर आ रही लड़की वह नहीं हैं। शालिनी ने कहा कि यह बेहद परेशान करने वाला है कि तकनीक का इस्तेमाल लोगों, खासकर महिलाओं को निशाना बनाने और उन्हें नुकसान पहुंचाने के लिए किया जा रहा है।



हॉलीवुड मसाला




डेज ऑफ थंडर के सीक्वल का हुआ ऐलान

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के मशहूर एक्टर टॉम क्रूज के दिवाने पूरे विश्वभर में है। अपनी कूल इमेज को लेकर एक्टर के फैंस हमेशा से उनकी फिल्मों की नई अपडेट का इंतजार करते रहे है। इसी कड़ी में मिशन इम्पॉसिबल स्टार ने अपनी नई रिलीज को लेकर फैंस के साथ जानकारी शेयर की है। जो उनकी रेसिंग ड्रामा फिल्म 'डेज ऑफ थंडर' से जुड़ी है। दरअसल, सिनेमाघरों में 27 जून, 1990 को रिलीज हुई उनकी रेसिंग ड्रामा मूवी 'डेज ऑफ थंडर' की सीक्वल आने वाला है, जिसकी जानकारी टॉम क्रूज ने अपने इंस्टाग्राम पर फैंस के साथ शेयर की।



माइकल ने संगीत से मिटाई नस्लभेद की दीवारें

नई दिल्ली। 'माइकल जैक्सन'... संगीत की दुनिया का वो नाम जिनके गाने पीढ़ी दर पीढ़ी लोगों ने सुने हैं। निया के 'किंग ऑफ पॉप' कहलाने वाले माइकल ने न सिर्फ अपने गानों पर लोगों को डांस करने पर मजबूर किया, बल्कि उनके पावरफुल सॉन्ग्स ने लंबे समय से अमेरिका में चली आ रहे भेदभाव की दीवार को भी गिराया। अमेरिकी गायक, गीतकार और डांसर के अलावा माइकल जैक्सन समाजसेवी भी थे। उन्होंने अपने गानों में अमेरिका में हमेशा से चले आ रहे नस्लीय-भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई। पॉप किंग ने 'ब्लैक एंड व्हाइट' गाने में नस्लवाद की आलोचना की और बहुसंस्कृतिवाद का समर्थन किया। इसके अलावा 'रिमेंबर द टाइम' में उन्होंने अमेरिकन संस्कृति के बारे में बताया। उनकी गायकी ने पॉप कल्चर पर गहरा प्रभाव छोड़ा। वैसे तो माइकल जैक्सन ने अपनी जिंदगी में दौलत और शोहरत सब पाई।



दोस्तों के साथ एंजॉय करती दिखीं जान्हवी


मुंबई। चर्चित अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने सोशल मीडिया पर कुछ फोटोज शेयर किए हैं। इनमें वे अपने गर्ल्स गैंग के साथ पिज्जा एंजॉय करती दिख रही हैं। मौसम ने करवट ले ली है। कुछ इलाकों में गर्मी से राहत मिल गई है और मौसम सामान्य हो गया है। जान्हवी कपूर भी गर्मियों की विदाई पर खुश हैं। उन्होंने अपने हालिया सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह जाहिर किया है। जान्हवी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से आज सोमवार को एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने तस्वीरों की एक सीरीज है। जान्हवी बेहद स्टाइलिश अंदाज में नजर आ रही हैं। कुछ तस्वीरों में वे अपने मेकअप प्रोडक्ट्स फ्लॉन्ट करती दिख रही हैं। जान्हवी ने पोस्ट के साथ कैप्शन लिखा है, 'गर्मियों को गुडबाय। आप बहुत अच्छी थीं'। साथ में रेड हार्ट इमोजी बनाया है।



सेंसर बोर्ड ने मिर्जापुरः द मूवी पर चलाई कैंची

मुंबई। 'मिर्जापुरः द मूवी' को सेंसर बोर्ड ने 3 घंटे 17 मिनट के रनटाइम और 'ए' सर्टिफिकेट के साथ पास कर दिया है। 4 सितंबर को रिलीज हो रही इस फिल्म में कुछ संवाद और सीन में बदलाव किए गए हैं। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर तहलका मचाने के बाद सुपरहिट फ्रेंचाइजी 'मिर्जापुर' अब सिनेमाघरों में बड़ा धमाका करने के लिए पूरी तरह तैयार है। अपनी रिलीज से महज कुछ दिन पहले 'मिर्जापुरः द मूवी' ने केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड की प्रक्रिया को पार कर लिया है। फिल्म को पास करते समय सीबीएफसी ने कुछ बदलावों के आदेश दिए हैं। चार जगहों पर अपशब्दों को म्यूट किया गया है, जबकि छह स्थानों पर आपत्तिजनक शब्दों को बदला गया है। संवादों के स्तर पर 'गले से लग गर' जैसे वाक्यांश में बदलाव कराए गए।

टीवी मसाला



बिग बॉस के प्रीमियर में दिखे 4 सुपरस्टार होस्ट

नई दिल्ली। जियो स्टार ने एक नया प्रोमो जारी किया है, जिसमें बिग बॉस तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम के होस्ट - विजय सेतुपति, नागार्जुन, किच्चा सुदीप और मोहनलाल नजर आ रहे हैं। यह प्रोमो 6 सितंबर 2026 को चारों वर्जन के एक साथ प्रीमियर से पहले इस फ्रैंचाइजी के चारों चेहरों को एक साथ ला रहा है। विजय सेतुपति, नागार्जुन, किच्चा सुदीप और मोहनलाल ने अपने-अपने वर्जन के जरिए दर्शकों के साथ मजबूत जुड़ाव बनाया है। चारों होस्ट को पहली बार एक साथ स्क्रीन शेयर करते देखना चार अलग-अलग फैन बेस को एक साथ लाता है और उत्साह को और बढ़ाता है। आने वाले सीजन के उत्साह के बीच होस्ट एक-दूसरे के राज्यों के खाने को लेकर मजेदार स्थिति में फंस जाते हैं, जिससे कहानी में एक मजेदार मोड़ आता है। यह प्रोमो चारों होस्ट की स्टार पावर को एक साथ लाता है और बिग बॉस के जबरदस्त प्रीमियर के लिए माहौल बनाता है। उनका मजाक-मस्ती, ऑब्जर्वेशन और वीकेंड की बातचीत हर सीजन के सबसे इंतजार किए जाने वाले हिस्सों में से हैं, जो अक्सर घर के बाहर भी चर्चा का विषय बनते हैं। चारों को एक प्रोमो में एक साथ लाने से तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम फैंस के लिए एक अनोखा क्रॉसओवर बनता है और फ्रैंचाइजी के सबसे बड़े साउथ लॉन्च के लिए माहौल तैयार होता है। जियो स्टार के एंटरटेनमेंट (साउथ) हेड, कृष्णन कुट्टी ने कहा, "हमारे चारों होस्ट का अपने दर्शकों के साथ एक खास रिश्ता है, और यही रिश्ता बिग बॉस को हर मार्केट में इतना दमदार बनाता है।

12 लाख के सवाल पर टूटा सपना

नई दिल्ली। कौन बनेगा करोड़पति 18 का हालिया एपिसोड सिर्फ सवालों का खेल नहीं रहा। हॉट सीट पर बैठीं अमरावती की प्रगति दिनेश कल्पेकर ने अपनी जिंदगी की ऐसी बातें बताईं कि हर कोई उनकी कहानी सुनता रह गया। चाय बेचने वाले पिता की बेटी प्रगति 12 लाख रुपए के सवाल तक पहुंच गई थीं, लेकिन 'कोमागाता मारू' वाले सवाल पर उनका जवाब गलत हो गया। आखिर में वो 5 लाख रुपए जीतकर घर लौटीं। शो के दौरान उन्होंने अपने बचपन, टूटे डॉक्टर बनने के सपने और छोटे भाई से जुड़ी ऐसी बात बताई जिसने सबको भावुक कर दिया। प्रगति ने बताया कि उनके पिता चाय की दुकान चलाते हैं। घर में पैसों की दिक्कत थी, फिर भी उन्होंने बच्चों की पढ़ाई कभी नहीं रुकने दी। पढ़ाई के लिए प्रगति को बचपन में नाना-नानी के घर भेज दिया गया. इसी वजह से उनका छोटा भाई करीब पांच साल तक ये नहीं जान पाया कि उसकी एक बड़ी बहन भी है। प्रगति का सपना एमबीबीएस करके डॉक्टर बनने का था। उन्होंने नीट की तैयारी भी की, लेकिन सीट नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने बीडीएस में दाखिला लिया। उस वक्त वो काफी उदास हो गई थीं।



दायरा का दमदार ट्रेलर रिलीज, आमने सामने दिखे करीना और पृथ्वीराज

नई दिल्ली। 'दायरा' का ट्रेलर करीना कपूर खान और पृथ्वीराज सुकुमारन के बीच एक तनावपूर्ण टकराव को दिखाता है। वे दोनों पुलिस ऑफिसर हैं जो नाबालिगों से जुड़े अपराध के एक मामले में आमने-सामने आ जाते हैं। ट्रेलर में जितेंद्र जोशी, क्षिति जोग, कंवलजीत सिंह, संदीप कुलकर्णी और तृप्ति खामकर भी सहायक भूमिकाओं में हैं। मेघना गुलजार के निर्देशन में बनी यह फिल्म 18 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मेघना गुलजार की डायरेक्ट की गई यह थ्रिलर फिल्म कानून, न्याय और जवाबदेही के बीच के टकराव को दिखाती है, क्योंकि इसमें एक विवादित पुलिस एनकाउंटर की जांच आगे बढ़ती है। करीना कपूर खान ने डीएसपी अजूनी कोहली का किरदार निभाया है, जबकि पृथ्वीराज सुकुमारन ने डीएसपी रमन कुमार का रोल किया है। ट्रेलर की शुरुआत एक पुलिस एनकाउंटर से जुड़े मामले पर दोनों अधिकारियों के अलग-अलग रुख से होती है। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ती है, इयूटी और न्याय को लेकर उनके नजरिए में टकराव होने लगता है। मामला तब और गंभीर हो जाता है जब एक परिवार अपनी



लापता बेटी को खोजने में मदद के लिए अधिकारियों से संपर्क करता है। जांच के दौरान, एक ऐसे आरोपी के बारे में जानकारी सामने आती है जो कथित तौर पर पिछले दो सालों से उसी रास्ते पर सक्रिय था।

क्या है ट्रेलर में? *: ट्रेलर नाबालिग अपराधियों से जुड़े कानूनी ढांचे पर भी सवाल उठाता है। एक मुख्य बहस यह है कि क्या रेप और हत्या जैसे गंभीर अपराधों के आरोपी नाबालिगों के मामलों में नाबालिगों की सुरक्षा से जुड़े कानून लागू होने चाहिए। दोनों अधिकारियों के बीच असहमति सिर्फ उस खास मामले तक ही सीमित नहीं है। वे एक-दूसरे की प्रक्रिया, जवाबदेही और पुलिस अधिकारी के तौर पर अपनी जिम्मेदारियों की सीमाओं को समझने के तरीके पर सवाल उठाते हैं।*

राधे-कृष्ण का 20 साल पुराना भजन, कानों में रस घोलती श्रेया की आवाज, जन्माष्टमी पर हर जगह रहती है गूंज

नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा में राधा-कृष्ण के गानों की भरमार है। ये गाने ना सिर्फ राधा-कृष्ण के अटूट प्रेम की ओर इशारा करते हैं बल्कि जीवन में सिखाते हैं कि प्रेम सिर्फ पाना ही नहीं है। प्रेम में विरह का भी अपना महत्व है। उनका प्रेम लौकिक नहीं, बल्कि आध्यात्मिक और निर्गुण प्रेम है। वहीं, यह आत्मा (राधा) और परमात्मा (कृष्ण) के मिलन का प्रतीक माना जाता है। इसी पर बॉलीवुड में कई गाने भी बने हैं, जिन्हें जन्माष्टमी के अवसर पर ही नहीं, बल्कि सुबह शाम आरती में भी आपने बजते हुए सुना होगा. 20 साल से श्रेया घोषाल का यह गाना कहें या भजन लोगों के गानों में मिठास घोलता है। आपने नही पहचाना हम बात कर रहे हैं सावईया गाने की। जो लोग अभी भी नहीं पहचान पाए उन्हें बता दें कि यह 2006 में आई रोमांटिक फिल्म विवाह का गाना सवईया है, जिसके बोल कुछ इस प्रकार हैं। 'राधे कृष्ण की ज्योति अलौकिक तीनों लोक में छाए रही है, भक्ति विवश एक प्रेम पुजारिन फिर भी दीप जलाए रही है...कृष्ण को गोकुल से राधे को बरसाने से बुलाए रही है दोनों करो स्वीकार कृपा कर जोगन आरती गाए रही है..।'



विवाह फिल्म के गाने

सवैया राधे कृष्ण की के अलावा फिल्म में उदित नारायण और श्रेया घोषाल कामुझे हक है, दो अनजाने अजनबी, मिलन अभी आधा अधूरा है, काफी पॉपुलर है। वहीं बाबुल सुप्रियो और श्रेया घोषाल का हमारी शादी में, पामेला जैन, और श्रेया घोषाल का ओ जिजी, सुदेश भोंसले का तेरे द्वारे पे आई बारात, सुरेश वाडकर, कुमार शानू और रवींद्र जैन का कल जिसने जन्म यहां पाया भी काफी सुने जाते हैं।

अनाथ लड़की की है फिल्म की कहानी

विवाह 2006 में रिलीज हुई थी, जो बंगाली फिल्म सुभोदृष्टि का रीमेक है। फिल्म को सूरज आर बरजात्या ने लिखा और डायरेक्ट किया था। कास्ट में शाहिद कपूर और अमृता राव लीड रोल में थे। जबकि अनुपम खेर, आलोक नाथ, सीमा बिस्वास, अमृता प्रकाश, समीर सोनी और लता सभरवाल सपोर्टिंग रोल में थे। फिल्म की कहानी पूनम (अमृता राव) एक अनाथ लड़की है, जिसे उसके चाचा-चाची ने पाला है। वहीं दिल्ली के अमीर परिवार के लड़के प्रेम (शाहिद कपूर) का उसके लिए रिश्ता आता है। दोनों को प्यार होता है और सगाई होती है। लेकिन शादी से ठीक पहले घर में आग लग जाती है और पूनम अपनी चचेरी बहन को बचाते हुए बुरी तरह जल जाती है। प्रेम फिर भी उसे स्वीकार करते हुए शादी करता है।

एक लाइन बनाने में लगाया था 1 साल, दिलचस्प है गाने की कहानी

दरगाह के बाहर बूढ़ी महिला की लकीरें देख लिखा गाना

नई दिल्ली। कुछ गाने ऐसे होते हैं, जो दिल की गहराइयों में बस जाते हैं। फिर उन गीतों को आप कितनी बार, कितने साल भी सुन लो, आपका मन नहीं भरता, क्योंकि वह गीत ही दिल का सुकून बन जाते हैं। हालांकि, इस तरह के गाने को लिखने में कभी-कभी बहुत वक्त लग जाता है। एक ऐसा ही गाना साल 2009 में आया था, जिसकी एक लाइन लिखने के लिए लिरिसिस्ट को साल भर का समय लग गया था। उस एक लाइन को भी वह एक बूढ़ी महिला की वजह से ही पूरा कर पाए थे। कौन सा था वह गाना, जो आज बन चुका है दिलों का सुकून। पढ़ें गाने से सुना दिलचस्प किस्सा।

एक लाइन नहीं लिख पा रहे थे लिरिसिस्ट

जिस गाने की बात हम कर रहे हैं वह 17 साल पहले अभिषेक बच्चन और सोनम कपूर स्टारर फिल्म 'दिल्ली-6' का है। गाने के का टाइटल था 'अर्जिया'। इस गाने में एक ऐसी लाइन थी, जिसको लिखने के लिए गीतकार को कम से कम एक साल लगा था। हाल ही में प्रसून जोशी कौन बनेगा करोड़पति की हॉटसीट पर बैठे, जहां शो के मेजबान अमिताभ बच्चन ने उनसे पूछा, सबसे कठिन गाना आपके लिए क्या था, जिसके लिए आपको शब्द लिखने पड़े? इस सवाल का जवाब देते हुए प्रसून जोशी ने कहा, "एक गीत है 'मरम्मत मुकद्दर की कर दो मौला', उसे मैंने अंत में लिखा, क्योंकि एक साल तक मुझे ये समझ नहीं आ रहा था कि मैं भक्ति में ऐसा नया क्या लिखूं।"



अर्जियां सारी मैं चेहरे पर लिख के लाया हूं

प्रसून जोशी ने गाने से जुड़ा किस्सा शेयर करते हुए आगे लिखा, मेरे सामने एक इमेज आई। बचपन में हम रामपुर में रहते थे। मैं स्कूल जाता था, तो रास्ते में एक दरगाह पड़ती थी। वहां पर एक बहुत ही बूढ़ी महिला मुझे हर बार दिखाई देती थी। उनके माथे पर मुझे बहुत लकीरें दिखाई देती थीं। मुझे ऐसा दिखा कि वह लकीरें एक तरह से दरारें हैं, जिनकी वह कह रही हैं कि मरम्मत कर दो। उसके बाद मैंने रहमान सर से कहा कि 'अर्जियां सारी मैं चेहरे पर लिख के लाया हूं। तुम से क्या मांगू तुम खुद ही समझ लो मौला। प्रसून जोशी ने जिस तरह से बूढ़ी महिला के मस्तक की लकीरों से वह गाना बनाया, इस किस्से को जानकर बिग बी भी हैरान रह गए। 17 साल पहले आए यह गाना आज भी कितनी बार भी सुन लो दिल में सुकून भर ही जाता है।

हरिभूमि

छत्तीसगढ़ • मध्यप्रदेश • हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

बच्चों की रोज परीक्षा, स्कूल पहुंचने के लिए 20 फीट ऊंचे पिलर से जंग, सीढ़ी इधर भी-उधर भी

शेख हसन खान ▶▶| मैनपुर

शिक्षा को हर बच्चे का अधिकार माना जाता है, लेकिन गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र में शिक्षा हासिल करने के लिए नौनिहालों को हर रोज अपनी जान की बाजी लगानी पड़ रही है। एक ऐसा ही खौफनाक और दिल दहला देने वाला नजारा तहसील ▶▶|शेष पेज 5 पर

हरिभूमि सरोकार





स्कूल आने के लिए हर कदम पर खतरे का सामना कर रहे आदिवासी बच्चे

पांच वर्षों बाद भी करोड़ों का पुल निर्माण कार्य अधूरा

तहसील मुख्यालय मैनपुर से पांच किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत देहारगुड़ा और खामभाठा के बीच पैरी नदी में पिछले 5-6 वर्षों से विशाल पुल निर्माण कार्य किया जा रहा है , पुल निर्माण कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है। इसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा करने पर क्षेत्रीय विधायक जनक ध्रुव एवं गरियाबंद के तत्कालीन कलेक्टर भगवान सिंह उईके ने एक साल पूर्व निरीक्षण कर निर्माण एजेंसी ठेकेदार एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई थी तब निर्माण एजेंसी द्वारा 6 माह के भीतर बारिश से पहले पूल निर्माण कार्य पूरा करने की बात कही थी, लेकिन कलेक्टर की फटकार का असर ठेकेदार ▶▶|शेष पेज 5 पर

सरपंच ने कहा करेंगे आंदोलन

ग्राम पंचायत के सरपंच महेश दीवान, जनपद सदस्य प्रताप सिंह मरकाम, पूर्व उपसरपंच पवन दीवान,लोकेश साण्डे, लीलाधर ,रामप्रसाद,सोहन नागेश बुधराम साण्डे, हितराम, देवन सिंह नेताम, सोहन नागेश, पूर्व सरपंच डिकेश्वरी साण्डे एवं ग्रामीणों ने बताया पुल ठेकेदार द्वारा ▶▶|शेष पेज 5 पर

विधायक बोले तुरंत कार्रवाई हो

विधायक जनक ध्रुव ने कहा अधूरे पुल का निरीक्षण कर एक साल पहले ही निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए थे। 6 माह के भीतर पुल निर्माण करने का आश्वासन दिया था। अब बच्चों को भारी परेशानी हो रही है, साथ ही ग्रामीण भी जान जोखिम में डालकर आना-जाना कर ▶▶|शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

एथनॉल की मात्रा पर सुनवाई से इंकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इंकार कर दिया।




इसमें केंद्र सरकार और अन्य संबंधित पक्षों को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया था कि देशभर के पेट्रोल पंप पर पेट्रोल में मौजूद एथनॉल की सटीक मात्रा अनिवार्य रूप से बतायी जाए।

एक्सप्रेसवे पर पलटी थार, चार युवकों की मौत

हापुड़। उत्तर प्रदेश के हापुड़ में गंगा एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार थार पलटने से चार युवकों की मौत हो गई और एक किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान पालपुर निवासी जोगिंदर (26), मेवली निवासी सुखबीर (25) और जसवंत (20), तथा पुरदलपुर निवासी रवि (20) के रूप में की गई है।

जगन्नाथ मंदिर में चूहों के लिए लगाए जाएंगे पिंजरे

पुरी। पुरी में 12वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर के गर्भगृह में चूहों और तिलचट्टों के बढ़ते प्रकोप से



निपटने के लिए पारंपरिक कीट नियंत्रण उपाय अपनाए जाएंगे। मंदिर के अंदर किसी भी जानवर या कीड़े को मारने पर स्पष्ट रोक होने के कारण चूहों को जाल या पिंजरे में फंसाकर जिंदा पकड़ने और बाहर छोड़ने का फैसला किया गया है।

बम की झूठी सूचनाओं के लिए विशेष प्रकोष्ठ

नई दिल्ली। बम रखे होने की फर्जी सूचना फैलाने वालों और महिलाओं तथा बच्चों के खिलाफ होने वाले ऑनलाइन अपराधों की जांच के लिए दिल्ली पुलिस के नवनिर्मित दिल्ली साइबर अपराध समन्वय केंद्र (डी 4सी) में विशिष्ट प्रकोष्ठ बनाए जाएंगे। राष्ट्रीय राजधानी में पिछले कई महीनों के दौरान सरकारी कार्यालयों, स्कूलों और अदालतों को बम से उड़ाने की कई फर्जी धमकियां मिली हैं।

मेस्सी का इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास

ब्यूनस आयर्स। दुनिया के सबसे महान फुटबॉलरों में शुमार लियोनेल मेस्सी ने इंटरनेशनल



फुटबॉल से संन्यास का ऐलान कर दिया है। जुलाई में हुए वर्ल्ड कप के बेहद रोमांचक फाइनल मुकाबले में स्पेन के हाथों मिली 1-0 की हार के साथ ही मेस्सी के अर्जेंटीना करियर का अंत हो गया।

किर्गिस्तान में प्रधानमंत्री मोदी ने रूसी राष्ट्रपति से की मुलाकात

पुतिन से बोले मोदी-युद्ध बहुत हो गया, अब शांति की तरफ बढ़िए

एजेंसी ▶▶| बिश्केक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को रूस-यूक्रेन संघर्ष को तुरंत खत्म करने की अपील करते हुए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से कहा कि वह 'अंतहीन युद्ध को समाप्त करने' की ओर बढ़ें। इस संघर्ष का शांतिपूर्ण समाधान मानवता की साझा प्राथमिकता है। मोदी-पुतिन की मुलाकात को मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में भारत और रूस की साझेदारी के लिहाज से भी अहम माना जा रहा है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उज्बेकिस्तान की दो दिवसीय यात्रा पूरी करने के बाद रविवार को किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक पहुंचे। पीएम मोदी शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के 26वें शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए किर्गिस्तान गए हैं।

खास खबर

इस संगठन को बने 25 साल पूरे हो गए हैं। यह दो दिवसीय शिखर सम्मेलन 31 अगस्त और 1 सितंबर को आयोजित किया गया है। किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के मौके पर पुतिन के साथ बैठक में मोदी ने कहा कि युद्ध का हर दिन मानवता को पीछे ले जाता है। उन्होंने कहा कि गांधी और बुद्ध की धरती भारत शांति के सभी प्रयासों का समर्थन करता है और आगे भी करता रहेगा। ▶▶|शेष पेज 5 पर

ब्रिक्स में शामिल होने के लिए दिया न्योता

पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत कुछ ही दिनों में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने जा रहा है। सभी भारतीय आपका और आपके प्रतिनिधि मंडल का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। आपकी यात्रा हमारे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करेगी और ब्रिक्स ढांचे के भीतर बातचीत और सहयोग को और बढ़ावा देगी। पीएम मोदी के बाद राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि रूस में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या के मामले में भारत शीर्ष देशों में शामिल है। हाल के वर्षों में यह संख्या सात गुना बढ़कर अब 40,000 हो गई है। राष्ट्रपति पुतिन ने आगे कहा कि हम नियमित रूप से भारत और रूस के सांस्कृतिक उत्सव आयोजित करते हैं।



पिछले साल की यात्रा को किया याद

मोदी ने कहा, पिछले साल आपकी भारत यात्रा बहुत सफल और वाकई यादगार रही। हमारे लिए यह बहुत संतोष की बात है कि हमारा सहयोग नयी ऊंचाइयां छू रहा है और हम दोनों देशों के लोगों की भलाई के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय हित को सबसे ऊपर रखना हमारा साझा दृष्टिकोण रहा है और भविष्य में भी यही हमारा मार्गदर्शक सिद्धांत बना रहेगा। पुतिन ने कहा कि विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त साझेदारी के आधार पर रूस-भारत संबंधों में गति आई है।



विश्व 'नोमैड' खेल के उद्घाटन समारोह में हुए शामिल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व 'नोमैड' खेल के उद्घाटन समारोह में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान समेत शंघाई सहयोग संगठन के कई नेताओं के साथ भाग लिया। विश्व 'नोमैड' खेल का छठा संस्करण किर्गिस्तान में 31 अगस्त से छह सितंबर तक आयोजित किया जा रहा है। मोदी ने खेलों में हिस्सा ले रहे भारतीय दल से मुलाकात की। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, बिश्केक में विश्व नोमैड खेलों के उद्घाटन समारोह में शामिल हुआ।

पहली बार छग महिला मोर्चा में पुरुष प्रभारी सुभाष को कमान



सुभाष तिवारी



वैभव बैस



पूनम चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन ने अपने सभी मोर्चा के प्रदेश प्रभारियों का ऐलान किया है। इसमें इतिहास में पहली बार महिला मोर्चा का प्रदेश प्रभारी किसी पुरुष को बनाया है। प्रदेश संगठन ने बहुत सोच-विचार के बाद राजधानी रायपुर के नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष सुभाष तिवारी को महिला मोर्चा का प्रदेश प्रभारी बनाया है।

खास खबर

- प्रदेश भाजपा ने किया सातों मोर्चा के प्रदेश प्रभारियों का ऐलान

प्रदेश में अब तक महिला मोर्चा का प्रदेश प्रभारी किसी महिला नेत्री को ही बनाया जाता रहा है। लेकिन पहली बार इसकी कमान एक पुरुष नेता को सौंपी गई है। इसके पीछे का कारण भाजपा के संगठन के नेता यह बताते हैं कि प्रभारी का मतलब एक तरह से पालक होता है। ऐसे में इस सोच के साथ एक पुरुष को इसकी कमान दी गई है कि वे इसको अच्छी तरह से निभा सकते हैं।

पूनम किसान, वैभव भाजयुमो प्रभारी

प्रदेश संगठन ने प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की अनुमति से सभी सात मोर्चा के प्रभारियों का ऐलान किया है। युवा मोर्चा का प्रभारी वैभव बैस, किसान मोर्चा का पूनम चंद्राकर, पिछड़ा वर्ग मोर्चा का लखनलाल साहू, अनुसूचित जनजाति मोर्चा का शिरीष अग्रवाल, अनुसूचित जाति मोर्चा का गुलाब टिकरिहा और अल्पसंख्यक मोर्चा का मनोज जैन को प्रदेश प्रभारी बनाया गया है।

देवी के दर्शन कर लौट रहे दो श्रद्धालुओं की मौत

पिकअप को दूसरे वाहन ने मारी टक्कर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सारंगढ़ क्षेत्र में सोमवार को सड़क हादसे में बागबाहरा क्षेत्र के दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई। बागबाहरा क्षेत्र के पतेरापाली, गाड़ाघाट, आमानारा गांवों के श्रद्धालु चंद्रपुर स्थित प्रसिद्ध मां चंद्रहासिनी देवी मंदिर से दर्शन कर पिकअप वाहन से लौट रहे थे। श्रद्धालुओं से भरी पिकअप को तेज रफ्तार माजदा वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। वाहन में सवार ग्रामीणों के बीच चीख-पुकार मच गई। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने तत्काल मदद शुरू की और घायलों को बाहर निकालने ▶▶|शेष पेज 5 पर

ये हुए घायल

घायलों में चेतन ठाकुर (15), हेमलाल दीवान (32), अंजलि दीवान (18), केशव राम पटेल (50), होलेश्वर ठाकुर (35), कामिनी दीवान (28), योगेश दीवान (32), कुसुम ठाकुर (17), वीर पटेल (13), रूपलाल पटेल (35), रूपलाल पटेल की बेटी, ओम बाई ठाकुर (34), केशव पटेल (50), फलीस ठाकुर (34) और टेक सिंह ध्रुव (25) हैं।

खड़े ट्रक से टकराई बोलेरो, एक श्रद्धालु की गई जान



अम्बिकापुर। बारिश और अंधेरे के बीच सड़क पर खड़े ट्रक से खोपा धाम से दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की बोलेरो पीछे जा टकराई। बोलेरो की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सवार एक श्रद्धालु की मौत हो गई, पांच अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हादसे में 18 से अधिक घायल

पटाखा फैक्ट्री में धमाका 11 लोगों की गई जान

एजेंसी ▶▶| कौशांबी

कौशांबी जिले के पिपरी थानाक्षेत्र में एक पटाखा फैक्ट्री में जबरदस्त धमाका हो जाने से 11 लोगों की मौत हो गई। घायल पांच लोगों का प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल में इलाज चल रहा है। प्रियांजलि (5), प्रवीण सिंह (13), जान्हवी (12), आदित्य (12), रवि (8), ज्ञान सिंह (40), आदित्य (8), अंजू (32), विक्रम सरोज (35), अंश (6) और नन्हा (4) की मौत हो गई।

मृतकों के परिजनों को सहायता

इस बीच, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संवेदना व्यक्त की है। मृतकों के परिजनों एवं घायलों के लिए सहायता की भी घोषणा की है। दिवंगत हुए लोगों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50,000-50,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

दिल्ली फिर शर्मसार, ताजा हो गईं निर्भया मामले की यादें

चलती बस में 17 साल की लड़की से गैंगरेप, 40 किमी तक दरिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

बारिश के बीच रात में ग्रेटर नोएडा से बस में सवार हुई 17-वर्षीय एक लड़की के साथ बस के चालक और परिचालक ने कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया और बाद में उसे 40 किलोमीटर से अधिक दूर राष्ट्रीय राजधानी के कश्मीरी गेट इलाके में छोड़ दिया। घटना चार अगस्त की रात की है, जब उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले की रहने वाली पीड़िता नोएडा में अपने रिश्तेदार से मिलने जा रही थी। इस वारदात ने ▶▶|शेष पेज 5 पर

सीसीटीवी से पकड़े गए आरोपी

पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की सहायता से कुछ ही घंटों में बस का भी पता लगा लिया गया और दोनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया ▶▶|शेष पेज 5 पर



रिपेयरिंग के लिए गई थी बस

आरोपी बस में खराबी आने के बाद बस को सूरजपुर की वर्कशॉप में रिपेयरिंग के लिए लेकर गए थे। बस की रिपेयरिंग के बाद ड्राइवर और कंडक्टर खाली बस लेकर तिमारपुर जा रहे थे। इसी दौरान परी चौक पर छात्रा उन्हें मिली।

दिल्ली महिला आयोग ने लिया संज्ञान

दिल्ली महिला आयोग ने मामले का स्वतः संज्ञान लिया है और दिल्ली पुलिस आयुक्त अनुराग कुमार को शीघ्र जांच शुरू करने और सात दिनों के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। इसने यह भी सलाह दी कि मामला बीएनएस और अन्य कानूनों के कड़े प्रावधानों के तहत दर्ज किया जाए।

नेपाल में मृतकों की संख्या बढ़कर 939 हुई, 4250 अभी भी लापता

39 देशों के 590 नागरिकों की नहीं आई खबर

एजेंसी ▶▶| काठमांडू

नेपाल में आई भीषण बाढ़ को छह दिन बीत चुके हैं, लेकिन 39 देशों के 590 नागरिकों का अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। तबाही के बीच सुरंगों और मलबे में जिंदगी की तलाश के लिए भारत, चीन समेत कई देशों की टीमें जुटी हैं। रेस्क्यू अभियान लगातार जारी है, लेकिन मुश्किल भौगोलिक परिस्थितियां और मलबा बचाव कार्य में बड़ी चुनौती बने हुए हैं। परिजनों की उम्मीदें अब भी कायम हैं और हर गुजरते घंटे के साथ लापता लोगों की तलाश तेज की जा रही है। नेपाल में मरने वालों की संख्या बढ़कर 939 हो गई जबकि 4,250 लोग अब भी लापता हैं।

सुरंग में फंसे हैं 639 श्रमिक

अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि बचाव दल नेपाल के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में विभिन्न जलविद्युत परियोजना स्थलों पर 639 श्रमिकों और कर्मचारियों का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। इनमें से कई लोगों के सुरंगों में फंसे होने की आशंका है। एक स्थान पर बचाव दलों को बंद सुरंग तक पहुंचने में परेशानी हुई, जिसके बाद नियंत्रित विस्फोट किया गया। इन अभियानों में भारत और चीन की विशेषज्ञ टीमें बचाव दलों की सहायता कर रही हैं। नेपाल ने सुरंगों में बचाव कार्य और फोरेंसिक जांच के लिए विशेष उपकरणों व तकनीकी सहायता समेत अतिरिक्त अंतरराष्ट्रीय मदद मांगी है।



मदद में आगे आए कई देश: आपदा की इस घड़ी में भारत, चीन, जापान, अमेरिका, यूएई और दक्षिण कोरिया समेत कई देश नेपाल की मदद में आगे आए हैं। राहत सामग्री में प्रीफैब्रिकेटेड ब्रिज यूनिट, फ्रीजर, जनरेटर, सोलर लैंप, डीएनए किट, टेंट, कंबल, दवाएं और फूड पैकेट्स शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र, डब्ल्यूएचओ, विश्व खाद्य कार्यक्रम और यूनिसेफ जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं भी राहत अभियानों में सहयोग दे रही हैं।

एक बार फिर मनहूस '26 तारीख' से जुड़ा नाता

26 अगस्त 2026 नेपाल बाढ़ त्रासदी
26 अक्टूबर 2015 हिंदूकुश भूकंप में लगभग 400 की मौत
26 मई 2026 इंडोनेशिया के योग्याकार्ता में भूकंप में 5,700 मौतें
26 जुलाई 2005 महाराष्ट्र बाढ़ में कुल 1,094 लोगों की जान गई
26 दिसंबर 2004 हिंद महासागर में भूकंप एवं सुनामी में 2,28,000 मौतें
26 दिसंबर 2003 ईरान के बाम में भूकंप में करीब 31 हजार लोगों की जान गई
25-26 मार्च 2002 अफगानिस्तान भूकंप में मरने वालों की संख्या 1,800 तक

चिंतन

बाहरी दबाव के बीच विकास की रफ्तार

पश्चिम एशिया में जारी तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर मंडराती अनिश्चितता के बीच भारत की अर्थव्यवस्था ने उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रहना इस बात का संकेत है कि बाहरी झटकों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था की आंतरिक ताकत बनी हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक ने इस अवधि में सात प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया था। उससे अधिक की वृद्धि ने न केवल आर्थिक गतिविधियों की मजबूती दिखाई है, बल्कि यह भी साबित किया है कि घरेलू मांग अभी दबाव में पूरी तरह नहीं आई है। वित्तीय सेवाओं, रियल एस्टेट, सूचना प्रौद्योगिकी और पेशेवर सेवाओं में दो अंकों से अधिक की वृद्धि ने इस विस्तार को गति दी है। आज वैश्विक अर्थव्यवस्था में सबसे बड़ी चुनौती यही है कि अनिश्चितता के बीच मांग और निवेश को कैसे बनाए रखा जाए। हालांकि सकल घरेलू उत्पाद की तेज वृद्धि अपने आप में यह प्रमाण नहीं है कि आम नागरिक की आर्थिक स्थिति भी उसी अनुपात में सुधरी है। अर्थव्यवस्था का वास्तविक स्वास्थ्य, रोजगार, मजदूरी, ग्रामीण मांग, छोटे कारोबार और परिवारों की क्रय शक्ति से भी तय होता है। जीडीपी की गणना के लिए 2022-23 को नया आधार वर्ष बनाना भी बदलती अर्थव्यवस्था के अनुरूप आवश्यक कदम है। पिछले आधार वर्ष के समय देश की आर्थिक संरचना और आज की अर्थव्यवस्था में बड़ा अंतर है। डिजिटल कारोबार, ऑनलाइन सेवाएं, नई तकनीक, बदलते उपभोग के तौर-तरीके और नए रोजगार स्वरूप आर्थिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुके हैं। ऐसे में नए आधार वर्ष और व्यापक आंकड़ों के जरिए अर्थव्यवस्था को मापने का प्रयास आंकड़ों को अधिक प्रासंगिक बना सकता है। इस पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता और आंकड़ों की विश्वसनीयता सबसे महत्वपूर्ण होनी चाहिए। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए आयात पर काफी निर्भर है। कच्चा तेल महंगा होने से परिवहन और उत्पादन लागत बढ़ती है और उसका असर अंततः वस्तुओं तथा सेवाओं की कीमतों पर पड़ता है। महंगाई बढ़ने पर परिवारों के पास गैर-जरूरी खर्च के लिए कम पैसा बचता है। इससे मांग प्रभावित हो सकती है और कंपनियों के लाभ पर भी दबाव बढ़ सकता है। इसलिए पहली तिमाही की मजबूत वृद्धि को आने वाली तिमाहियों में बनाए रखना आसान नहीं होगा। सरकार को बुनियादी ढांचे पर निवेश जारी रखने के साथ निजी निवेश को गति देनी होगी। रोजगार सृजन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती और छोटे तथा मध्यम कारोबारों के लिए अनुकूल माहौल तैयार करना भी जरूरी है। भारत के लिए 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर को आर्थिक उपलब्धि का अंतिम प्रमाण मानना भूल होगी। असली परीक्षा यह होगी कि विकास की यह रफ्तार कितनी टिकाऊ रहती है और उसका लाभ कितने लोगों तक पहुंचता है। तेज विकास के साथ महंगाई नियंत्रण में रहे, रोजगार बढ़े, ग्रामीण मांग मजबूत हो और आम परिवार की आय में सुधार आए, तभी जीडीपी की ऊंची दर को वास्तविक आर्थिक समृद्धि माना जाएगा। बाहरी संकटों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था ने मजबूती दिखाई है। वैश्विक परिस्थितियां भारत के नियंत्रण में नहीं हैं, लेकिन घरेलू मांग, निवेश, रोजगार और आर्थिक सुधारों को मजबूत करना पूरी तरह देश के हाथ में है। पहली तिमाही की रफ्तार ने उम्मीद जगाई है; अब चुनौती इसे टिकाऊ, संतुलित और आम आदमी तक पहुंचने वाले विकास में बदलने की है।



मुद्दा
ओमकार चौधरी

विरोध की राजनीति कहां जाकर रुकेगी

लोकतंत्र में सरकार का विरोध निसंदेह अधिकार है। प्रधानमंत्री की आलोचना की जा सकती है, भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से वैचारिक असहमति रखी जा सकती है और संसद के भीतर सरकार को कठघरे में खड़ा करना तो विपक्ष का संवैधानिक दायित्व भी है। लेकिन सरकार का विरोध करते-करते यदि राष्ट्रीय प्रतीकों, संवैधानिक संस्थाओं और स्वयं भारतीय लोकतंत्र की प्रतिष्ठा को लगातार निशाने पर लिया जाने लगे तो यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि राजनीतिक विरोध की सीमा आखिर कहां समाप्त होती है?

न्यूयॉर्क में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत के कार्यक्रम के बाहर खालिस्तान समर्थकों द्वारा भारतीय तिरंगे के अपमान ने इसी प्रश्न को एक बार फिर गंभीरता से हमारे सामने ला खड़ा किया है। इस घटना पर देश के भीतर विपक्ष की चुप्पी ने बहुत बड़े प्रश्न खड़े कर दिए हैं। तिरंगा भारत की स्वतंत्रता, संप्रभुता और राष्ट्रीय अस्मिता का प्रतीक है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए एक बहुत स्पष्ट रेखा खींची कि आरएसएस, भाजपा या सरकार की आलोचना करने की स्वतंत्रता है, लेकिन भारत और उसके राष्ट्रीय ध्वज का अपमान स्वीकार नहीं किया जा सकता। सवाल यह है कि भारत का विपक्ष इसी स्पष्टता और तीव्रता से क्यों नहीं बोला? यह सवाल इसलिए ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि मोहन भागवत के न्यूयॉर्क भाषण पर विपक्षी नेताओं की प्रतिक्रियाएं आने में कोई देर नहीं लगी। भागवत ने कहा कि विविधता में एकता भारत के डीएनए में है और यदि कोई हिंदू यह सोचता है कि भारत में मुसलमान नहीं होने चाहिए तो वह हिंदुत्व की भावना से दूर चला जाता है। विपक्ष ने तत्काल पूछा कि भागवत यही बात भारत में क्यों नहीं कहते। उन पर दोहरी भाषा बोलने और आरएसएस के कथित व्यवहार तथा उनके वक्तव्य में अंतर होने के आरोप लगाए गए। इसमें कोई समस्या नहीं है। उसी कार्यक्रम के बाहर खालिस्तान समर्थक भारत के तिरंगे का अपमान कर रहे थे। उस समय वही राजनीतिक बेचैनी क्यों नहीं दिखाई दी? यह किसी आरएसएस नेता के सम्मान का मामला नहीं था, बल्कि भारत के राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान का प्रश्न था। इस घटना को हाल में उठे वंदे मातरम् विवाद से पूरी तरह अलग करके भी नहीं देखा जा सकता। केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के सभी छह अंतरों को महत्व दिए जाने के बाद कांग्रेस की ओर से स्पष्ट किया गया कि उसके कार्यक्रमों में केवल पहले दो अंतरे ही गाए जाएंगे और इसके समर्थन में 1937 के कांग्रेस कार्यसमिति के फैसले का आधार लिया गया। ऐतिहासिक तर्क अपनी जगह हो सकता है, लेकिन सवाल यह है कि 1937 की परिस्थितियों में लिया गया निर्णय 2026 के भारत पर हमेशा के लिए क्यों लागू रहना चाहिए? वंदे मातरम् भाजपा का गीत नहीं है और न नरेंद्र मोदी ने इसकी रचना की है। बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय की यह रचना भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की प्रेरणा बनी, क्रांतिकारियों की जुबान पर रही और ब्रिटिश साम्राज्यवाद के विरुद्ध भारतीय प्रतिरोध का उद्घोष बनी। ऐसे राष्ट्रीय गीत के सभी छह अंतरे गाने की बात पर यदि उत्तर यह हो कि हम तो दो ही गाएंगे और कुछ ही दिनों बाद विदेश की धरती



पर तिरंगे का अपमान हो तथा उस पर वैसी राजनीतिक मुखरता दिखाई न दे, तो राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति राजनीतिक दृष्टिकोण पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। राजनीतिक मतभेद कितने भी गंभीर क्यों न हों, क्या स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय समारोह को भी सत्ता और विपक्ष की रोजमर्रा की राजनीतिक लड़ाई में खींच देना उचित है? सरकार से लड़िए, प्रधानमंत्री की नीतियों का विरोध कीजिए, संसद में उन्हें घेरिए और चुनाव में पराजित करने का प्रयास कीजिए, लेकिन लाल किले की प्राचीर और स्वतंत्रता दिवस किसी राजनीतिक दल के नहीं हैं।

संसद के भीतर भी पिछले कुछ समय से ऐसी घटनाएं लगातार सामने आती रही हैं जो इसी चिंता को गहरा करती हैं। लोकसभा अध्यक्ष को चुनौती देना, उनके खिलाफ प्रस्ताव लाना और पीठ के निर्णयों को राजनीतिक पक्षधरता के रूप में प्रस्तुत करना एक तरफ है, तो राज्यसभा के सभापति के सामने बार-बार ऐसी अपमानजनक परिस्थितियां पैदा करना दूसरी तरफ, जिनसे सदन की गरिमा प्रभावित होती है। लोकसभा के भीतर राहुल गांधी द्वारा स्वयं अपना माइक्रोफोन बंद करने और उसके बाद यह कहने का दृश्य सामने आया कि उनका माइक चेयर ने बंद कर रखा है। देश और विदेश में यह आरोप दोहराया जाता रहा कि विपक्ष के नेता का माइक्रोफोन बंद कर दिया जाता है और उन्हें संसद में बोलने नहीं दिया जाता। सवाल केवल एक माइक्रोफोन का नहीं है, बल्कि उस तस्वीर का है जो दुनिया के सामने भारतीय संसद की बनाई जाती है।यह दुनिया के सामने भारतीय संसदीय लोकतंत्र की विश्वसनीयता पर भी प्रश्न खड़ा करता है। विदेश में भारत के बारे में कही गई बातों में सिख समुदाय को लेकर दिया गया बयान भी कम गंभीर नहीं था। अमेरिका में राहुल गांधी ने यह सवाल उठाया कि भारत में लड़ाई इस बात की है कि क्या एक सिख को पगड़ी पहनने, कड़ा धारण करने और गुरुद्वारे जाने की अनुमति होगी। भारत में करोड़ों सिख अपने धार्मिक प्रतीकों के साथ स्वतंत्रतापूर्वक जीवन जीते हैं। ऐसी स्थिति में यह दुनिया के सामने भारत की कैसी तस्वीर प्रस्तुत करता है? इससे भी गंभीर पहलू यह रहा कि खालिस्तान समर्थक तत्वों ने ऐसे बयानों का अपने अलगाववादी नैरेटिव के पक्ष में इस्तेमाल किया। अब जब उन्हीं खालिस्तान समर्थक तत्वों द्वारा न्यूयॉर्क में भारतीय तिरंगे के अपमान की तस्वीरें सामने आती हैं तो यह प्रश्न और गंभीर हो जाता है कि भारत की घरेलू राजनीतिक लड़ाई में इस्तेमाल की गई भाषा को विदेशों में भारत-विरोधी शक्तियो किस प्रकार अपने हित में इस्तेमाल करती हैं। पिछले कुछ वर्षों के राजनीतिक विमर्श पर नजर डालें तो आरोपों की सूची बहुत लंबी दिखाई देती है। यदि संसद अविश्वसनीय है, चुनाव आयोग अविश्वसनीय है, मीडिया अविश्वसनीय है, न्यायपालिका संदेह के घेरे में है और संवैधानिक संस्थाएँ कथित रूप से कब्जे में हैं, तो देश के नागरिक और दुनिया को आखिर यह संदेश क्या दिया जा रहा है?

क्या यह कि भारत की पूरी लोकतांत्रिक व्यवस्था ही भरोसे के योग्य नहीं है? इस चिंता में अब जेन-जी की राजनीति भी जुड़ गई है। युवाओं की बेरोजगारी, प्रतियोगी परीक्षाओं, पेपर लीक, शिक्षा और अवसरों से जुड़ी समस्याएं वास्तविक हैं और उन पर आंदोलन करना उनका लोकतांत्रिक अधिकार है। लेकिन आंदोलन और अराजकता के बीच एक स्पष्ट रेखा होती है। अराजक परिस्थितियां पैदा करने की राजनीति को केवल युवाओं की लोकतांत्रिक भागीदारी बताकर नहीं छोड़ा जा सकता। युवाओं के असंतोष को सत्ता परिवर्तन की सड़क-राजनीति की दिशा देना गंभीर चिंता का विषय है। भारत में सरकारें मतपत्र से बनती और बदलती हैं, अराजक भीड़ की ताकत से नहीं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

> लोकतंत्र में सरकार का विरोध निसंदेह अधिकार है। प्रधानमंत्री की आलोचना की जा सकती है, भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से वैचारिक असहमति रखी जा सकती है और संसद के भीतर सरकार को कठघरे में खड़ा करना तो विपक्ष का संवैधानिक दायित्व भी है, लेकिन यदि राष्ट्रीय प्रतीकों, संवैधानिक संस्थाओं और स्वयं भारतीय लोकतंत्र की प्रतिष्ठा को लगातार निशाने पर लिया जाने लगे तो यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि राजनीतिक विरोध की सीमा आखिर कहां समाप्त होती है? युवाओं के असंतोष को सत्ता परिवर्तन की सड़क-राजनीति की दिशा देना गंभीर चिंता का विषय है। भारत में सरकारें मतपत्र से बनती और बदलती हैं, अराजक भीड़ की ताकत से नहीं।

राष्ट्रीय पोषण सप्ताह
बाल मुकुन्द ओझा



50 करोड़ लोगों की पहुंच से बाहर है पौष्टिक आहार

देश में हर वर्ष 1 से 7 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया जाता है। इस वर्ष पोषण सप्ताह की थीम जीवन के पहले छह वर्षों में मस्तिष्क के विकास को अधिकतम करना रखी गई है। इस थीम का मुख्य मकसद लोगों को पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने वाले संतुलित और विविध आहार को बढ़ावा देने पर केंद्रित कराना है। संयुक्त राष्ट्र की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार भारत में 2025 तक करीब 49.5 करोड़ लोग पौष्टिक भोजन खरीदने में सक्षम नहीं हैं। हालांकि 2017 की तुलना में 32 करोड़ लोगों की स्थिति में सुधार हुआ है, फिर भी भारत दुनिया के सबसे अधिक प्रभावित देशों में शामिल है। रिपोर्ट में महंगाई, कमजोर सप्लाई सिस्टम और जलवायु परिवर्तन को प्रमुख कारण बताते हुए सरकारों को पौष्टिक भोजन सस्ता और सुलभ बनाने की सलाह दी गई है। राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के अंतर्गत आम लोगों को पौष्टिक आहार के बारे में जागरूक किया जाता है, ताकि शरीर में पोषण की पूर्ति को बढ़ावा दिया जा सके और बीमारियों का खतरा कम किया जा सके। आज दुनियाभर में खानपान को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म हो रहा है। क्या खायें और क्या न खायें, इस पर बहस चल रही है। स्वास्थ्य एवं पोषण का होना किसी भी मानव के लिए पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। स्वस्थ्य रखने के लिए शरीर को पोषक आहार की आवश्यकता पड़ती है। पोषण आहार स्वस्थ के लिए बेहद ही जरूरी होता है। पोषण युक्त चीजें खाने से शरीर को जरूरी तत्व मिल जाते हैं और शरीर में ऊर्जा बनी रहती है। इसलिए अपनी डाइट में केवल पोषण आहार को ही शामिल करें और वही चीजें खाएं जो कि पोषण से युक्त हो। हर व्यक्ति के लिए पूर्ण पौष्टिक आहार जरूरी होता है, क्योंकि जरूरी पोषक तत्वों की कमी होने से शरीर ना सिर्फ कमजोर हो सकता है बल्कि बीमारियों का घर बन सकता है। पौष्टिक आहार को लेकर दुनिया में व्यापक हलचल मची है। आहार मनुष्य की सर्वाधिक महत्वपूर्ण आधारभूत आवश्यकता है, जिसके बिना कोई भी प्राणी जीवन की कल्पना नहीं कर सकता है। दुनिया में प्रचुर खाद्यान्न उत्पादन होने के बावजूद लोगों के लिए स्वास्थ्यपरक आहार आज भी एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। हमारे शरीर को पूरी तरह स्वस्थ रहने के लिए पोषक पदार्थों की जरूरत होती है। ये पोषक पदार्थ अलग-अलग तरह के भोजन से हमें मिलते हैं, यानि ताजे फल, सब्जियां, साबुत अनाज, फलियां, सूखे मेवे, डेयरी उत्पाद और मीट वगैरह आदि। शारीरिक श्रम करना, सोना और आराम करने की तरह ही संतुलित और पौष्टिक आहार लेना भी जरूरी है। भोजन का मतलब यह नहीं होता कि आप कुछ भी खा रहे हैं। ऐसा भोजन करें जो स्वच्छ और पोषण तत्वों से भरपूर हो। इससे न सिर्फ हम बीमारियों से दूर रहते हैं, बल्कि शारीरिक विकास भी अच्छी तरह होता है। संतुलित आहार के अनेक फायदे नहीं है, जैसे आप के शरीर को ऊर्जा प्रदान करता है और अच्छी नींद को बढ़ावा भी देता है। संतुलित आहार शरीर में वसा कम करता है, साथ ही शरीर को अच्छे से काम करने के लिए प्रेरित करता है। शरीर के लिए आवश्यक संतुलित आहार लंबे समय तक नहीं मिलना ही कुपोषण है। हमारे देश में गरीबी एवं अज्ञानता के कारण भोजन में पौषक तत्वों की कमी रहती है। इन्ही कारणों से बच्चों में कुपोषण एवं वयस्कों में कई विकार उत्पन्न होते हैं। आहार में कार्बोज, प्रोटीन, वसा, खनिज लवण एवं विटामिन विद्यमान हो, तभी व्यक्ति की शारीरिक वृद्धि एवं विकास होगा। इस प्रकार के आहार में जल एवं फाइबर की भी पर्याप्त मात्रा होनी चाहिए। नाश्ते में अंकुरित अनाज यानी मूंग, चना और सोयाबीन को अंकुरित खाएं। ऐसा करने से उनमें मौजूद पोषक तत्वों की मात्रा बढ़ती है। मौसमी हरी सब्जियों को डाइट में शामिल करें। अधिक फैट वाला दूध, बटर तथा पनीर लेने से बचें। जंकफूड से बचना होगा और पोषक आहार अपनाना होगा, तभी मोटापे जैसी बीमारियों से बचा जा सकता है। भारत सरकार ने हर प्रकार की गरीबी को कम करने के लक्ष्य के साथ लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में उल्लेखनीय प्रगति की है। पोषण अभियान और एनीमिया मुक्त भारत जैसी उल्लेखनीय पहलों ने स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच में उल्लेखनीय वृद्धि की है, जिससे वंचित रहने में काफी कमी आई है। दुनिया के सबसे बड़े खाद्य सुरक्षा कार्यक्रमों में से एक का संचालन करते हुए, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के तहत लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली 81.35 करोड़ लाभार्थियों को कवर करती है, जो ग्रामीण और शहरी आबादी को खाद्यान्न प्रदान करती है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


व्यक्ति को कैसे मिल सकती है दुखों से मुक्ति



संकलित
दर्शन

छठी शताब्दी ईसा पूर्व में संपूर्ण विश्व दर्शन के नए क्षितिज स्पर्श कर रहा था। चीन में कन्फ्यूशियस और लाओत्से, ईरान में जरथुस्त्र, यूनान में पाइथागोरस नए तर्क गढ़ रहे थे तो भारत में महावीर स्वामी और गौतम बुद्ध वैदिक दर्शन को नया आयाम देने में लगे थे। गौतम बुद्ध ने बताया कि जन्म से लेकर मृत्यु तक संपूर्ण जीवन दुखमय है। मृत्यु भी दुख का अंत नहीं है, बल्कि नए दुख का आरंभ है, क्योंकि मृत्यु के बाद भी पुनर्जन्म होता है। उनका मानना था कि प्राणी की इच्छा अपूर्ण रहती है तो पुनर्जन्म लेना पड़ता है। बुद्ध अनात्मवादी और अनीश्वरवादी तो थे, किंतु भौतिकवादी नहीं थे। उनका मत है कि सृष्टि में जो कुछ है वह क्षणिक है, परिवर्तनशील है। द्वितीय आर्य सत्य है कि प्रत्येक कार्य का कारण अवश्य होता है, जिसे बुद्ध ने प्रतीत्यसमुत्पाद कहा। इस दुख के कारणता सिद्धांत को द्वादश निदान चक्र भी कहा जाता है। इस दुख का मूलभूत कारण अविद्या है। अविद्या से संस्कार या पूर्व में किए गए कर्मो की प्रवृत्तियां उत्पन्न होती हैं। संस्कार से विज्ञान, विज्ञान से नामरूप, नामरूप से षडायतन, षडायतन से स्पर्श, स्पर्श से वेदना, वेदना से तृष्णा, तृष्णा से उपादान, उपादान से भव, भव से जाति, जाति या जन्म से जरा-मरण का दुख भोगना पड़ता है। बौद्ध दर्शन का तृतीय आर्यसत्य दुख-निरोध है। दुखों के मूल कारण अविद्या को दूर करके इसी जीवन में दुखों का अंत किया जा सकता है। दुखों का निरोध ही निर्वाण है।

शनिदेव को पिप्पलाद मुनि ने दिया शाप



संकलित
प्रेरणा

पुराने समय में वृत्तासुर नाम के एक असुर का आतंक बढ़ गया था। इस असुर को सभी देवता पराजित नहीं कर पा रहे थे। उस समय दधिचि ऋषि ने देवताओं से कहा कि मेरे शरीर की हड्डियों से आप वज्र नाम का शस्त्र बनाइए और उस वज्र से वृत्तासुर का अंत हो जाएगा। देवताओं की भलाई के लिए दधिचि ऋषि ने अपनी देह त्याग दी और बाद में देवताओं ने ऋषि की हड्डियों से वज्र बनाया। देवराज इंद्र ने इस वज्र से असुरों को पराजित कर दिया। दधिचि मुनि के पुत्र का नाम पिप्पलाद था। दधिचि के पुत्र का जन्म पीपल के नीचे हुआ था, इस कारण इस बच्चे का नाम पिप्पलाद रखा गया। बच्चे के जन्म से पहले ही दधिचि की मृत्यु हो गई थी। जब पिप्पलाद बड़े हुए तो उन्होंने देवताओं से पूछा कि मेरे पिता की इतनी जल्दी मृत्यु कैसे हो गई। उस समय उन्हें मालूम हुआ कि शनि की अशुभ दृष्टि की वजह से दधिचि मुनि की मृत्यु का योग बना है। वे बड़े तपस्वी थे। जब उन्हें मालूम हुआ कि शनि के कारण उनके पिता की जल्दी मृत्यु हुई तो उन्होंने शनि को ग्रह मंडल से हटने का शाप दे दिया। शाप के असर से शनि ग्रह मंडल से हटने लगे तो सभी देवताओं ने पिप्पलाद मुनि से अपना शाप वापस लेने की प्रार्थना की। देवताओं की प्रार्थना से पिप्पलाद मुनि ने शनि को क्षमा कर दिया, लेकिन उन्होंने से शनि से कहा कि अब से किसी बच्चे को 16 वर्ष की उम्र तक शनि दोष का सामना न करना पड़े, शनि बच्चों पर अशुभ दृष्टि नहीं डालेंगे।

अंतर्मन



आज की पाती

विकास के साथ जरूरी है प्रकृति का संरक्षण

हाल ही में नेपाल में ग्लेशियर फटने से भारी तबाही हुई है। इसमें जान-माल का नुक्सान हुआ। कुदरत के इस कहर के पीछे पहाड़ों पर अंधाधुंध निर्माण है। सड़कों का निर्माण करने के लिए पहाड़ों के सीने को छलनी किया जा रहा है। हमारे देश में भी बरसात का मौसम पहाड़ी क्षेत्रों पर भारी पड़ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में यहां बरसात ने बहुत कहर बरपाया है। ताश के पत्तों की तरह इमारतों को ढहते देखा है। अपनी सुख सुविधाओं के लिए सड़कों, रेलमार्गों और अन्य विकास के काम जरूरी हैं, लेकिन इससे भी जरूरी है प्रकृति का संरक्षण। अगर हम बीज बबूल के बोएं और फिर इससे हम आम जैसे मीठे फल की इच्छा रखेंगे, तो यह हमारी सबसे बड़ी नासमझी नहीं होगी तो और क्या होगा?

– विनायक जोशी, बिलासपुर

ट्रेंड

व्यापार का दायरा



बिश्केक में राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान से मुलाकात हुई। हमने ईरान के साथ भारत की पुरानी दोस्ती को मजबूत करने के अपने संकल्प को दोहराया। हम आने वाले समय में अपने व्यापार के दायरे को बढ़ाना और उसमें विविधता लाना चाहते हैं।

- **नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

जीडीपी ग्रोथ दर्ज



वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में भारत ने 7.8% की जीडीपी ग्रोथ दर्ज की, जो वैश्विक अनिश्चितता के इस दौर में एक शानदार प्रदर्शन है। भारत के लिए, यह मजबूती, सुधार और लगातार बनी हुई गति का एक सशक्त संकेत है।

-**रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

चुनाव आयोग



एसआईआर के तहत दिल्ली के लिए वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट जारी कर दिया गया है। 1.5 करोड़ में से 47 लाख वोटरों के नाम इसमें नहीं है। भारत सरकार आबादी को लेकर बेवजह परेशान है। एसआईआर के ज़रिए चुनाव आयोग हमारे देश की आबादी को 140 करोड़ से घटाकर 50 करोड़ कर देगा।

-**अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

तानाशाही की पराकाष्ठा



कांग्रेस अध्यक्ष खरगे के साथ होने वाले छुआछूत के खिलाफ आवाज उठाने पर राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करना बीजेपी के अहंकार और तानाशाही की पराकाष्ठा है। बीजेपी दलितों के खिलाफ छुआछूत को जारी रखना चाहती है।

- **अशोक गहलोत,** पूर्व सीएम, राजस्थान

करंट अफेयर

ट्रंप तीसरे कार्यकाल के लिए दे रहे हैं मिले-जुले संकेत

अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में तीसरे कार्यकाल के लिए चुनाव लड़ने की इच्छा कई बार जता चुके डोनाल्ड ट्रंप के हालिया बयानों से अब यह संकेत मिलने लगा है कि वह खुद भी इसकी संभावना को लेकर आश्वस्त नहीं हैं। रिपब्लिकन नेता ट्रंप ने अपने हालिया भाषणों में जनवरी 2029 में अपना कार्यकाल खत्म होने के बाद की जिंदगी का जिक्र करते हुए कहा कि वह घर पर बैठकर यह देखते हुए परेशान होंगे कि उनका उत्तराधिकारी उनकी उपलब्धियों का श्रेय ले रहा है। ट्रंप ने इस महीने न्यूयॉर्क के लॉन्ग आइलैंड में एक कार्यक्रम में कहा, 'आपका अगला राष्ट्रपति कहेगा, 'मैंने कितना शानदार काम किया है।' किसी मौजूदा राष्ट्रपति का अपने पूर्व राष्ट्रपति बनने की बात करना राजनीतिक रूप से हमेशा संवेदनशील होता है लेकिन मध्यावधि चुनाव में अब केवल नौ सप्ताह बाकी हैं और ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल के उस दौर में पहुंच रहे हैं, जब इस बात की चर्चा बढ़ेगी कि उनका प्रभाव अब जल्द ही समाप्त हो जाएगा। अपने बिना 'व्हाइट हाउस' (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) की कल्पना करने की बात रखना ट्रंप के रुख में एक उल्लेखनीय बदलाव है।



ऑफ बीट

आपकी विशिष्ट गंध बता सकती है क्या बीमारी है

हमारे शरीर से हर सेकंड सैकड़ों रसायन हवा में प्रवाहित होते हैं। ये रसायन हवा में आसानी में घुल जाते हैं क्योंकि इनमें वाष्प का दबाव अधिक होता है, जिसका अर्थ है कि वे उबल जाते हैं और कमरे के तापमान पर गैस में बदल जाते हैं। वे इस बात का पता देते हैं कि हम कौन हैं और कितने स्वस्थ हैं। प्राचीन यूनानी काल से, हम जानते हैं कि जब हम अस्वस्थ होते हैं तो हमारी गंध अलग-अलग होती है। जबकि आज हम रक्त विश्लेषण पर भरोसा करते हैं, प्राचीन यूनानी चिकित्सक बीमारियों के निदान के लिए गंध का उपयोग करते थे। आपकी सांस का एक झोंका लेकर वह बता सकते थे कि आपको फेटोर हेपेटिकस (मतलब खराब लीवर) है, तो इसका मतलब होता था कि आप लीवर की बीमारी की ओर बढ़ सकते हैं। यदि किसी व्यक्ति की सांस की हवा में मीठापन या फलों की गंध होती थी, तो चिकित्सकों का निष्कर्ष होता था कि पाचन तंत्र में शर्करा टूट नहीं रही है, और उस व्यक्ति को संभवत: मधुमेह है। विज्ञान ने तब से दिखाया है कि प्राचीन यूनानी सही थे - जिगर की विफलता और मधुमेह तथा संक्रामक रोगों सहित कई अन्य बीमारियाँ आपकी सांसों को एक विशिष्ट गंध देती हैं। 1971 में, नोबेल पुरस्कार विजेता रसायनज्ञ लिनुस पॉलिंग ने सांस में 250 विभिन्न गैसीय रसायनों की गिनती की।



अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

हिड़मा जैसे कुख्यात नक्सली को आदर्श मानने वाले ही दिमागी नक्सली: सीएम

बस्तर अब भय और हिंसा से निकलकर शांति, विश्वास और विकास की नई राह पर: साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक निजी चैनल के साक्षात्कार के दौरान कहा कि नक्सलवाद के समर्थन में बात करने वाले और कुख्यात नक्सली हिड़मा , जिसने सैकड़ों निर्दोषों की हत्या की, उसे आदर्श मानने वाले ही दिमागी नक्सली हैं । उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ नक्सलवाद के लंबे और पीड़ादायक दौर से बाहर निकलकर शांति, विश्वास और विकास की नई राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। हमारे सुरक्षाबलों के अदम्य साहस, केंद्र और राज्य सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति तथा बस्तर के लोगों के सहयोग से नक्सलवाद समाप्ति की ओर है। अब आवश्यकता इस बात की भी है कि हिंसा और नक्सलवाद को वैचारिक समर्थन देने तथा उसका



महिमामंडन करने वाली मानसिकता को समाज स्पष्ट रूप से अस्वीकार करे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज भी कुछ लोग ऐसे कुख्यात नक्सलियों को अपना आदर्श मानते हैं, जिनके हाथ निर्दोष नागरिकों और सुरक्षाबलों के खून से रंगे रहे हैं। हिड़मा जैसे नक्सलियों ने हिंसा और आतंक के माध्यम से बस्तर की अनेक पीढ़ियों को भय, अभाव और पिछड़ेपन में रखने का काम किया। ऐसे लोगों का महिमामंडन करना, उनके समर्थन में नारे लगाना या उन्हें नायक के रूप में प्रस्तुत करना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं ठहराया जा सकता। अनेक परिवारों ने अपनों को खोने का दर्द सहा, बच्चों से उनके माता-पिता छिने और विकास की संभावनाओं को दशकों तक बाधित किया गया। इस पीड़ा को नजरअंदाज कर हिंसा के जिम्मेदार लोगों का गुणगान करना बस्तर के पीड़ित परिवारों और शहीद जवानों के बलिदान का भी अपमान है।

बस्तर की पहचान बदल रही

श्री साय कहा कि आज बस्तर की पहचान बदल रही है। जिस क्षेत्र को कभी नक्सली हिंसा, बारूदी सुरंगों और भय के कारण जाना जाता था, वहां अब स्कूलों की घंटियां सुनाई दे रही हैं। सड़कें बन रही हैं, स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंच रही हैं, युवाओं को शिक्षा और रोजगार के नए अवसर मिल रहे हैं। दूरस्थ गांव शासन की योजनाओं और विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं। बस्तर के युवा अब बंदूक नहीं, किताब, कलम, कौशल और रोजगार चाहते हैं। वे अपने सपनों को साकार करना चाहते हैं और देश-प्रदेश की प्रगति में भागीदार बनना चाहते हैं। हमारी सरकार का संकल्प है कि बस्तर के प्रत्येक युवा को आगे बढ़ने का अवसर मिले और प्रत्येक परिवार तक विकास तथा सुशासन का लाभ पहुंचे। अब इस शांति को स्थायी बनाते हुए बस्तर को विकास, पर्यटन, शिक्षा, रोजगार और समृद्धि की नई पहचान देना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

झीरम पर फैसला 5 सितंबर को आएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

प्रदेश के बहुचर्चित झीरम घाटी नक्सली हमले से जुड़े मामले में सोमवार को फैसला नहीं आ सका। एनआईए की विशेष अदालत में आज फैसला सुनाया जाना था, लेकिन किसी कारणवश अदालत ने निर्णय को एक बार फिर सुरक्षित रखते हुए अब 5 सितंबर को फैसला सुनाने की तारीख तय की है। लंबे समय से इस मामले के फैसले का इंतजार कर रहे पीड़ित परिवारों और प्रदेशवासियों की नजर अब अगली तिथि पर टिक गई है। गौरतलब है कि झीरम घाटी मामले में दोनों पक्षों की अंतिम दलीलें पूरी हो चुकी हैं। इसके बाद एनआईए की विशेष अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रखा था और 31 अगस्त को निर्णय सुनाए जाने की उम्मीद थी। हालांकि, सोमवार को अदालत से फैसला नहीं आया और अब इसे पांच दिन के लिए 5 सितम्बर तक आगे बढ़ा दिया गया है।

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO LTD
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) CIN-U40108CT2003SGC015820 GSTIN-22AADCC5773E1ZX
OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (TRANS.) QTR. NO.-C-08/11, FIRST FLOOR, DANGANIYA, RAIPUR (C.G.) -492 013
Website- www.cspc.co.in e-mail: - cetrans.raipur@cspc.co.in Ph.No. 0771-2574411,4450

No.02-19/Tender/P:26-35/723 Raipur, Dtd: 27.08.2026

NOTICE INVITING TENDER (Through e-bidding in SAP SRM System)

Sealed tenders are invited from eligible bidders for following work:-

Sl.	Tender No.	Particulars of works	E.M.D. (in Rs.)	Due date of opening
1	02-19/ Tender/ P:26-35/723 dtd. 27.08.2026 RFx No.- 8100054013	For supply, installation & Commissioning of Air conditioners at 400 KV S/s Dn. CSPTCL, Bhilai – Other associated works like glass partition works/fitting packing along with arrangement of suitable AC distribution board with necessary MCCB & TPN etc.	Rs. 43,000/-	17.09.2026 14:30Hrs.

Note: Other terms & condition, details etc. regarding tender can be seen on our website www.cspc.co.in
SAVE ELECTRICITY
Executive Director (Trans.)
CSPTCL: Raipur (C.G.)

CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION CO. LTD.
(A GOVERNMENT OF CHHATTISGARH UNDERTAKING) (A SUCCESSOR COMPANY OF CSEB)
OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER, (CC-I), RAIPUR. Website - www.cseb.gov.in
Office Mail ID – secc.raipur@cspc.co.in Phone No. 0771-2574800, 2574801 Fax No. 0771-2574805

NOTICE INVITING TENDER THROGU E-BIDDING

E-tenders are invited against below tenders of following work:-

S. N.	Tender No.	Name of work	Value of contract (Without GST)	EMD Amount (online)	Last date & Time of submission of bids	Due date of Opening
1	TR-2026_59 Dt.31.08.2026 RFX No. 8100053993	Awarding contract for engagement of **1 Peon** for O/o **City Circle-I, CSPDCL, Raipur,** the period of contract will be for **2 year** on the monthly rate basis. The CSPDCL reserves the right to terminate the term of contract period/ order on 1 month advance notice basis.	**3,40,920/-**	**3409/-**	Dt.21.09.26 upto 02:30 PM	Dt.21.09.26 upto 03:00 PM

Details of Tender, Technical Specifications, Terms and Conditions etc are available on our website www.cseb.gov.in, www.cspdcl.co.in and **e-bidding http:/cijsrp.cspdcl.co.in**The Tender document can also be downloaded from CSPDCL's official website mentioned above. The cost of required Tender fee (which is not refundable) of **Rs. 2000/-** including GST and EMD for each tender may be deposited by online through e-bidding.
SAVE ELECTRICITY
Superintending Engineer
City Circle-I, CSPDCL: Raipur

एनएच130 सी में पेड़ गिरने से फिर लगा 10 किमी लंबा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

देवभाग- मैनपुर नेशनल हाइवे 130 सी में बारिश के कारण सड़क किनारे वाहन फंसने से जाम लग रहा है तो कहीं पेड़ गिरने से।सोमवार को सुबह एक विशाल पेड़ नेशनल में जुगाड़ के पास गिर गया, जिसके कारण 10 किमी तक लंबा जाम लगा रहा। जाम के कारण यात्री सहित फंसे लोग परेशान होते रहे। पुलिस प्रशासन, वन



विभाग का अमला मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से घंटों बाद पेड़ को हटाकर यातायात को बहाल किया गया।

ऋण प्रकरणों में लेटलतीफी यूनियन बैंक की बिजली काटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हितग्राहियों के ऋण प्रकरणों की स्वीकृति में लगातार की जा रही देरी और उदासीनता को लेकर प्रशासन ने सख्त कदम उठाते यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की अर्जुनी शाखा के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की है। संबंधित शाखा द्वारा ऋण आवेदनों के निराकरण में अपेक्षित तत्परता नहीं दिखाए जाने के चलते कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने बैंक का विद्युत कनेक्शन विच्छेदित करने का आदेश जारी किया है।

विभिन्न शासकीय व स्वरोजगार योजनाओं के तहत बैंक में प्रस्तुत ऋण आवेदनों के समय पर स्वीकृत न होने से जरूरतमंद हितग्राहियों को लंबे समय से भारी मानसिक और आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। बैंक प्रबंधन के इस ढुलमुल रवैये को लेकर जनदर्शन के माध्यम से कलेक्टर जितेंद्र यादव को लगातार गंभीर शिकायतें प्राप्त हो रही थी। हितग्राहियों का कहना था कि सभी आवश्यक दस्तावेज और औपचारिकताएं पूरी करने के बावजूद फाइलों को बेवजह अटकाकर रखा गया था। जिससे उन्हें बैंक के अनगिनत चक्कर काटने को मजबूर होना पड़ा।

■ कलेक्टर यादव ने की कार्रवाई मची खलबली

निर्देश पर अमल नहीं

प्रशासनिक स्तर पर इन शिकायतों का संज्ञान में लेते जिला कलेक्टर जितेंद्र यादव द्वारा बैंक प्रबंधन को पूर्व में भी लंबित प्रकरणों को समय-सीमा के भीतर निपटाने और हितग्राहियों को शीघ्र ऋण उपलब्ध कराने के कड़े निर्देश दिए गए थे। इन स्पष्ट दिशा-निर्देशों के बावजूद शाखा स्तर पर कोई संतोषजनक प्रगति देखने को नहीं मिली और प्रकरण जस के तस लंबित रहे। शासकीय प्राथमिकताओं की निरंतर अनदेखी और आम जनता को हो रही असुविधा को देखते अंततः शाखा की बिजली आपूर्ति बंद करने का कठोर निर्णय लिया गया।

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित
छठवी मंजिल, टॉवर "सी", कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, सी.बी.डी.
सेक्टर- 21, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग), 492002
website- www.markfed.cg.nic.in Email id ; mf_ctrlroom_raipur@gov.in

क्रमांक/विपणन/MT/ 2788 /2025-26 नवा रायपुर, दिनांक 31.08.2026

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में HDPE / PP Woven Sacks for packaging 50kg Food Grains ISI marked to IS 14887 क्रय हेतु निविदा सूचना

छ. ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में विपणन संघ द्वारा HDPE/PP Woven Sacks for packaging 50kg Food Grains ISI marked to IS 14887 क्रय करने के लिए जैम पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की गई है। उक्त जारी निविदा का बीड क्रमांक GEM / 2026/B/7909878 है। निविदा दिनांक 21.09.2026 तक दोपहर 02.00 बजे तक ऑनलाईन भरी जा सकती है ।

सूचना वेबसाईट http://gem.gov.in में जाकर प्राप्त किया जा सकता है। ई - निविदा की कार्यवाही के संबंध में अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए जैम पोर्टल के माध्यम से संपर्क किया जा सकता है। email-Helpdesk-gem@gov.in फोन नंबर 1800 419 3436 एवं 1800 102 3436

S-48905/1 **महाप्रबंधक (विप.)**

जहर खाने से युवक की मौत, मर्ग कायम

कांकेर। सरोना थानांतर्गत पुड़पार दखनी निवासी 25 वर्षीय लोकेंद्र सिंह मंडावी पिता प्रवीण सिंह ने जहर खा लिया था, जिसे इलाज के लिए अस्पताल ले गए, लेकिन उसकी मौत हो गई।

कंटेनर से दो करोड़ का गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश की सीमा पर चिल्फी पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कंटेनर से करीब साढ़े चार क्विंटल अवैध गांजा बरामद किया है। जब्त गांजे की अनुमानित बाजार मूल्य करीब दो करोड़ से अधिक की बताई जा रही है। तस्करों ने पुलिस की नजर से बचाने के लिए कंटेनर के भीतर बेहद शातिराना तरीके से गुप्त चेंबर तैयार किए थे। इन्हीं चेंबर में गांजे की बोरियां छिपाकर रखी गई थीं। पुलिस ने कंटेनर के ड्राइवर को मौके से गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि आरोपी का नाम सार्वजनिक नहीं किया गया है। जानकारी के अनुसार, चिल्फी



थाना क्षेत्र के अंतर्गत रायपुर-जबलपुर नेशनल हाईवे-30 पर छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश बॉर्डर में पुलिस द्वारा वाहनों की नियमित जांच की जा रही थी। इसी दौरान नागालैंड पासिंग नंबर एनएल-01 एजे 3706 वाले एक बड़े कंटेनर को पुलिस ने जांच के लिए रोका। पुलिस को वाहन की जांच के दौरान कुछ संदेहास्पद गतिविधियां नजर आईं। इसके बाद कंटेनर की बारीकी से तलाशी ली गई।

गुप्त चेंबर में छिपाई गई थी गांजा की बड़ी खेप

तलाशी के दौरान पुलिस को कंटेनर के भीतर बनाए गए गुप्त चेंबर का पता चला। चेंबर को इस तरह से तैयार किया गया था कि सामान्य जांच के दौरान उसके भीतर रखे सामान का आसानी से पता न चल सके।

छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम लिमिटेड
प्रधान कार्यालय : ऑफिस कॉम्पलेक्स, ब्लॉक-A, सेक्टर-24, अटल नगर, रायपुर, (छ.ग.)
दूरभाष - 0771-2972124, 2972125, 2972126, E-mail :- vanvikasnigam@yahoo.com, cgrvvnl@gmail.com, website :- http://rvvn.cgstate.gov.in

माह सितम्बर-2026 में सर्व साधारण हेतु नीलाम सूचना

क्र.	परियोजना मंडल का नाम एवं मुख्यालय	काष्ठागारों का नाम	नीलाम तिथि एवं समय	अनुमानित काष्ठ की मात्रा							औ. बांस (नो. टन)	व्यापारिक बांस (नग)
				काष्ठ (घ.मी.)			बल्ली (नग)			जलाऊ चट्टे		
				सागौन	साल	अन्य	सागौन	साल	अन्य	नग		
1	बारनवापारा	कोडार	08.09.2026	6253	-	1214	152998	-	197945	19	-	-
2	कोटा	कोटा	11.09.2026	3319	323	484	87131	11901	7193	109	-	-
	सरगुजा	तारा		8	87	13	3451	435	753	118	-	-
3	अंतागढ़	कराठी	16.09.2026	1533	81	709	23705	300	19491	174	50	13030
		धनेसरा		2	-	225	1000	-	2100	24	-	-
	जगदलपुर	कोण्डागाँव		11	94	4	1014	506	-	14	-	-
4	कवर्धा	बोड़ला	21.09.2026	537	7	55	46014	-	10476	196	-	-
5	पानाबरस	मोहला	28.09.2026	2157	-	1414	121176	-	56891	1346	13	1465

टीप :1. नीलाम की शर्तें संबंधित परियोजना मंडल कार्यालय/काष्ठागारो/वेबसाईट से प्राप्त की जा सकती है। **2.** उक्त नीलाम ई-ऑक्शन के माध्यम से किया जायेगा। **3.** क्रेता यदि चाहे तो नीलाम से 03 दिन पूर्व लॉट का निरीक्षण कर सकते है।

S-48899/1 प्रबंधक (विपणन)

Mineral Resources Department, Government of Chhattisgarh
Directorate of Geology & Mining
Indravati Bhavan, Block-4, Second Floor, Nawa Raipur
Atal Nagar, Raipur, Chhattisgarh - 492002, India

31 August 2026

Notice Inviting Tender

Invitation for Bids for grant of 02 Mining Lease (ML) and 01 Composite Licence (CL) Limestone Ore Block

In exercise of the powers conferred by Sections 10B and 11 of the Mines and Minerals (Development and Regulation) Act, 1957, and in accordance with the Mineral (Auction) Rules, 2015 (as amended from time to time) notified thereunder, the Mineral Resources Department, Government of Chhattisgarh, has identified the following mineral blocks for grant of mining lease/composite licence through electronic auction and hereby invites bids for the purpose of granting mining lease/composite licence:

Sl No	Name of the Block	mineral	District	Type of Mineral concession	Area (Ha)	Level of Exploration	Tender Price (INR)*
1	Dhabadih North Limestone Block	Limestone	Janjgir-Champa	ML	414.00	G3	5 Lakhs
2	Dhabadih South Limestone Block	Limestone	Janjgir-Champa	ML	394.00	G3	5 Lakhs
3	Khairwahi Limestone Block	Limestone	Balod	CL	700.00	G4	2 Lakhs

*Excluding GST

Accordingly, Financial bids are invited in digital format only and technical bids are invited both in digital and physical format from Eligible bidders.

Terms and conditions, deadlines etc. for participating in the electronic auction are provided in the Tender Document. The Model Tender Document for the mineral blocks and mineral block summary are available free of cost in electronic form and can be downloaded from the website of MSTC Ltd.(https://mstcecommerce.com/auctionhome/mlcln/index.jsp) and websites of Mineral Resources Department, Government of Chhattisgarh (https://chhattisgarhmines.gov.in) for the purpose of information only.

Those interested and eligible for bidding can participate in the bidding only after online purchase of the Tender Document on payment of the non-refundable tender fee as mentioned above (Applicable Goods and Service Tax(GST) shall be payable on Reverse Charge Mechanism), from the website of e-auction platform provider MSTC Ltd. Bidder shall be able to make payment of the Tender Document fee through RTGS/ net banking (through the payment gateway of e-auction platform). After registration at MSTC website, interested & eligible bidders can purchase the Tender Document. On successful registration, eligible bidders will obtain Login ID and password necessary for participation in the e- auction process.

The last date for online purchase of Tender Document is Wednesday, 14th October and the last date for submission of the bid is 15:00 Hours IST on Thursday, 15th October. Any further communications, amendments etc. shall be available on the above website of MSTC and the websites of Mineral Resources Department, Government of Chhattisgarh.

G-262703017/2 **Director**
Geology & Mining, Chhattisgarh

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मंडल, बिलासपुर

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना
Portal : http://eproc.cgstate.gov.in

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई- पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार हेतु 16.09.2026 तक निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्र.	नि.आ.सू. क्रं. / दिनांक	कार्य का नाम	लागत (लाख में)
1	250	जिला बिलासपुर वि.ख. बिल्हा के ग्राम मटियारी एवं लखराम में पशु औषधालय भवन का निर्माण कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग क्रं.-1 बिलासपुर। मद संख्या - 67-4403-6781**	33.88
2	251	जिला मुंगेली के छपरवा पारा (झाझपुरी कला) से महामाया सरईपतेरा तक लंबाई 1.00 कि.मी. का निर्माण कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग मुंगेली। मद संख्या - 24-5054-1222**	155.09
3	252	अनुविभागीय अधिकारी कृषि कार्यालय भवन निर्माण कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग सक्ती। मद संख्या - 67-4401-6984**	49.80
4	253	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग भैसमा अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी पेच मरम्मत कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग कोरबा। मद संख्या - 24-3054-1034**	75.00
5	254	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रं.-2 कटघोरा अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी पेच मरम्मत कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग कोरबा। मद संख्या - 24-3054-1034**	50.05
6	255	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रं.-1 कटघोरा अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी पेच मरम्मत कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग कोरबा। मद संख्या - 24-3054-1034**	50.00
7	256	पेण्ड्रा संभाग अंतर्गत गौरेला करंगरा मार्ग, पीपरखुंटी आमागोहान खोंगसरा मार्ग, पीपरखुंटी भैनामुड़ा मार्ग, पीपरखुंटी बासिनटोला मार्ग, भढ़ावनडांढ़ खोडरी मार्ग, हर्राडीह मार्ग धनौली कोरजा मार्ग, पेण्ड्रा पसान मार्ग, पेण्ड्रारोड मरवाही मार्ग, सेवरा धनपुर सिवनी लखनघाट चंगेरी मार्ग एवं कारीआम बसंतपुर भाडी मार्ग में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर का कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग पेण्ड्रा। मद संख्या - 24-3054-0134**	60.00
8	257	उपसंभाग पेण्ड्रारोड के अंतर्गत भदौरा सधवानी खोडरी मार्ग, समुनिकेतन सधवानी मार्ग, जोगीसार लाटा पहुंच मार्ग, भदौरा धनगवा मार्ग, गौरेला बायपास मार्ग, गौरेला वेंकटनगर मार्ग, रेस्ट हाऊस पहुंच मार्ग एवं देवरगांव पहुंच मार्ग, में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर का कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग पेण्ड्रा। मद संख्या - 24-3054-0134**	80.00
9	258	उपसंभाग मरवाही के अंतर्गत पेण्ड्रा मरवाही मार्ग, पेण्ड्रा चिरमिरी मार्ग, हाईस्कूल मरवाही पहुंच मार्ग, रूमगा पहुंच मार्ग, मटियाडांढ अमेरिटिकरा भरीडांड मार्ग, मरवाही परासी चंगेरी मार्ग, तेंदुमुडा कछार सामुदलई उषाढ़द्य मार्ग, बरौर उषाढ बेलझिरिया मार्ग, धरहर गुजरानाला मार्ग, परासी जिल्दा पोडी मार्ग, तेंदुमुडा बगरार मार्ग एवं सेमरदर्री भाटाटिकरा मार्ग में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर का कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग पेण्ड्रा। मद संख्या - 24-3054-7983**	80.00
10	259	उपसंभाग मरवाही के अंतर्गत पेण्ड्रा पसान मार्ग, सेवरा धनपुर सिवनी लखनघाट चंगेरी मार्ग, कारीआम बसंतपुर भाडी मार्ग, जनपद पंचायत पहुंच मार्ग प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंच मार्ग, पेण्ड्रा बचरवार मार्ग, रामजानकी मंदिर पहुंच मार्ग, पेण्ड्रा महाविद्यालय पहुंच मार्ग, टीकरखुर्द बोकरामुडा मार्ग, पेण्ड्रा से बंटीबहरा मार्ग, इंदिरा गार्डन पहुंच मार्ग, एवं भाडी विशेषरा मार्ग में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर का कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग पेण्ड्रा। मद संख्या - 24-3054-7983**	80.00

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखें जा सकते है।

G-262703018/4 **अधीक्षण अभियंता**
लो.नि.वि., बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर

कार्यालय आयुक्त भू-अभिलेख छत्तीसगढ़
इन्द्रावती भवन, प्रथम तल, ब्लॉक नं.-02, अटल नगर रायपुर
मेल: clr-cg@nic.in

क्र.-631/ UPAHAR योजना/ 2026
नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 27-08-2026

NOTICE FOR INVITING TENDER (NIT)
(Second Call)
"Unified Platform for Agriculture and Holistic Assessment with Records (UPAHAR)"

Director of Land Record, Chhattisgarh Government invites bids from qualified and experienced companies for the selection of System Integrator to study, design, development, integration, implementation, execution, migration, operation, and maintenance of **"Unified Platform for Agriculture and Holistic Assessment with Records (UPAHAR)"** with the use of Geo-spatial, Remote Sensing and new emerging technologies for the Director of Land Record, Government of Chhattisgarh. Bidders qualifying as per the criteria defined in the RFP are encouraged to participate in the selection process.

Interested bidders should submit their bids online only in response to this NIT latest by 17:30 hrs on **11/09/2026** through the online tender portal. The detailed RFP document can be downloaded from the e-tender portal **http://www.eproc.cgstate.gov.in** and departmental portal **http://revenue.cg.nic.in**.

G-262703019/5 **Director,**
Land Record, Chhattisgarh
Nava Raipur Atal Nagar

लोक शिक्षण संचालनालय
इन्द्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़

-: संक्षिप्त सूचना :-

रायपुर दिनांक 27/08/2026

शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद, लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा अंग्रेजी कम्प्यूटर मुद्रलेखन गति 5000 की डिप्रेशन दिनांक 05/09/2026 को 12 परीक्षा केन्द्र एवं दिनांक 06/09/2026 को 01 परीक्षा केन्द्र तथा हिन्दी कम्प्यूटर मुद्रलेखन गति 5000 की डिप्रेशन प्रतिघंटा के मान से दिनांक 06/09/2026 को 10 परीक्षा केन्द्र एवं दिनांक 08/09/2026 , 09/09/13/09/2026 को 01-01 परीक्षा केन्द्र तथा दिनांक 12/09/2026 को 08 परीक्षा केन्द्र पर परीक्षाएं आयोजित होगी। परीक्षार्थी को परिषद द्वारा आबंटित परीक्षा केन्द्रों पर ही निर्धारित बैच एवं समय पर ही परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है। परीक्षा कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी परिषद की वेबसाईट **https://ctsp.cg.nic.in** पर उपलब्ध है साथ ही प्रवेश पत्र डाऊनलोड करने संबंधी सूचना परीक्षार्थियों के पंजीकृत मोबाईल नं. SMS पर सूचना भेज दी गई है। समस्त परीक्षार्थीगण पहचान पत्र के रूप में आधार कार्ड, ड्रायविंग लाईसेंस, पेनकार्ड अथवा मतदाता परिचय पत्र में से कोई भी पहचान पत्र मूलतः साथ लेकर परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होवें। साथ ही प्रवेश पत्र में दिये गये निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करें।

सहायक सचिव
शीघ्रलेखन मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद
G-262703023/1 **लोक शिक्षण संचालनालय छ.ग.**

सड़क हादसे में युवक की मौत

राजनांदगांव। नेशनल हाईवे में बाइक में सवार होकर जा रहे युवक को लापरवाही से भागती ट्रक ने ठोकर मार दिया। इस दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सूत्रों के अनुसार सूर्य नगर पावर हाऊस भिलाई निवासी आदित्य विश्वकर्मा 29 अगस्त को शाम साढे 5 बजे बाइक में अपने घर से मामा के लड़का को छोड़ने पें राजनांदगांव गया था। पेंड्री में अपने मामा के लड़के को छोड़कर वापस अपने घर पावर हाऊस जाने के लिए निकला था। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। घटना रात 9 बजे सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ठाकुरटोला टोल प्लाजा के आगे नेशनल हाईवे खुटेरी चौक के पास तेज गति एवं लापरवाही से आ रही ट्रक ने बाइक सवार को ठोकर मार दिया।

अंडर वाटर मिशन में 'निपुण' पोत नौसेना बेड़े में हुआ शामिल

भारतीय नौसेना की पनडुब्बी बचाव क्षमता को मिलेगी मजबूती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

स्वदेशी डाइविंग सपोर्ट पोत 'निपुण' सोमवार को नौसैनिक बेड़े में शामिल हो गया है। इसको खास तौर पर गहरे समुद्र में गोताखोरी और पानी के नीचे होने वाले अंडर वॉटर मिशन को अंजाम देने के लिए तैयार किया गया है। यह संकट में फंसी सबमरीन की भी मदद कर सकता है। नौसेना प्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन की मौजूदगी में इसे नौसेना में शामिल किया गया। दरअसल जहां सामान्य पोत समुद्र की सतह पर काम करते हैं, वहीं 'निपुण' का प्रभाव समुद्र की गहराइयों तक जाता है। इसमें आधुनिक गोताखोर प्रणालियां हैं जिनसे कठिन समुद्री परिस्थितियों में भी काफी लंबे समय तक गोताखोरों को मदद मिलती है।

इसमें आधुनिक नौवहन और पोत प्रबंधन प्रणालियां मौजूद

यह निस्तार श्रेणी का दूसरा डाइविंग सपोर्ट पोत है



'निपुण' को शामिल करते नौसेना प्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन

संचालन की कमान मजबूत होगी

इस अवसर पर नौसेना प्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने कहा कि युद्धक तैयारी नौसेना की सर्वोच्च जिम्मेदारी और प्राथमिकता है, खासकर ऐसे समय में जब समुद्री वातावरण लगातार चुनौतीपूर्ण और बदलता हुआ है। उन्होंने कहा कि यह पोत लहरों के ऊपर, समुद्र की सतह पर और पानी के नीचे संचालन की कमान की क्षमता को मजबूत करेगा। नौसेना प्रमुख ने कहा कि पनडुब्बी बचाव अभियान के लिए उच्च स्तर की तैयारी की आवश्यकता होती है और इसमें देरी की बहुत कम गुंजाइश होती है। यह संकट में फंसी पनडुब्बियों की सहायता करने की भारत की क्षमता को काफी बढ़ाएगा।

गोताखोर अभियानों को सहायता मिलेगी

पानी के नीचे किसी संदिग्ध वस्तु की जांच हो या कोई और मिशन, 'निपुण' सभी के लिए भी तैयार है। यह आधुनिकतम पोत भारतीय नौसेना की पनडुब्बी बचाव क्षमता को भी मजबूत करेगा। समुद्री गहराई में यदि पनडुब्बी में संकट में आती है तो 'निपुण' बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। 'निपुण' गोताखोरों और पानी के नीचे होने वाले बचाव अभियानों को सहायता उपलब्ध कराएगा। पोत में गोताखोरी, पानी के नीचे हस्तक्षेप और चिकित्सकीय सहायता के लिए विशेष सुविधाएं भी हैं। मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड में 'निपुण' को औपचारिक रूप से नौसेना के बेड़े का हिस्सा बनाया गया।

9,000 टन वजनी है यह पोत

करीब 9,000 टन वजनी 'निपुण' पोत में कई विशेष क्षमताएं हैं। पोत की विशेष डाइविंग क्षमताएं मित्र देशों को पानी के भीतर मलबा हटाने और बचाव अभियानों में भी सहायता दे सकती हैं। यह निस्तार श्रेणी का दूसरा डाइविंग सपोर्ट पोत है। 'निपुण' में आधुनिक नौवहन और पोत प्रबंधन प्रणालियां लगाई गई हैं। इसमें सटीक स्थिति बनाए रखने की क्षमता भी है। इसका फायदा पानी के नीचे जटिल अभियानों के दौरान मिलेगा। पोत समुद्र में अपनी स्थिति को नियंत्रित रखते हुए गोताखोरों को लगातार सहायता दे सकेगा।

रक्षा मंत्री आज करेंगे रक्षा क्षेत्र के 16 डीपीएसयू की कार्य-समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सशस्त्र सेनाओं (सेना, वायुसेना और नौसेना) के लिए की जाने वाली हथियारों की खरीद के मामले में विदेशों पर बनी हुई निर्भरता को कम करने यानी आत्मनिर्भरता को हासिल करने के उद्देश्य के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार (1 सितंबर) को नई दिल्ली में सार्वजनिक क्षेत्र के 16 रक्षा उपक्रमों (डीपीएसयू) की वार्षिक कार्य समीक्षा करेंगे। जिसमें नई स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के विकास और निर्यात को बढ़ावा देने के महत्व पर खासा जोर दिया जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि इस कार्य समीक्षा कार्यक्रम के दौरान रक्षा क्षेत्र के कुल 7 रक्षा उपक्रम शामिल होंगे। जिसमें हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल), मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल), भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल), गार्डनरीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई), बीईएमएल और मिधानी के अध्यक्ष-प्रबंध निदेशक शामिल होंगे। यह सभी वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सरकार की इक्विटी हिस्सेदारी पर प्राप्त लाभांश के चेक रक्षा मंत्री को सौंपेंगे।

बाढ़ की विभीषिका के बीच नेपाल के दूतावास गए राजनाथ, शोक संदेश भी लिखा

'मुश्किल की इस घड़ी में अपने नेपाली भाई-बहनों के साथ खड़ा है हिंदुस्तान'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

नेपाल में आई विनाशकारी बाढ़ के बीच सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली स्थित नेपाल के दूतावास का दौरा किया। जहां उन्होंने शोक पुस्तिका में हस्ताक्षर के साथ लिखे अपने शोक संदेश में 26 अगस्त को आई इस प्राकृतिक आपदा में बड़े पैमाने पर हुए जानमाल के भारी नुकसान को लेकर नेपाल के लोगों के प्रति भारत की सरकार और आम जनता की ओर से शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं। साथ ही नेपाल को हमेशा की तरह हर संभव मदद प्रदान करने को लेकर प्रतिबद्धता जताई है। यह जानकारी रक्षा मंत्री ने एक्स पर की गई एक पोस्ट के जरिए दी है।

बाढ़ में मरने वालों की संख्या 903

वहीं, अधिकारियों ने बताया कि बाढ़ में मरने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। 31 अगस्त को यह आंकड़ा बढ़कर 903 तक जा पहुंचा है। राहत और बचाव दलों ने कई शव बरामद किए हैं। जबकि अब भी 4 हजार 250 लोग लापता हैं। बचावकर्मी लापता लोगों की तलाश और बाढ़ के बीच फंसे हुए लोगों को बचाने के लिए युद्धस्तर पर राहत और बचाव अभियान चला रहे हैं। नेपाल ने करीब छह जिले इस आपदा से बुरी तरह से प्रभावित हैं।



भारत ने नेपाल को बताया करीबी मित्र

राजनाथ सिंह ने शोक पुस्तिका में लिखे अपने संदेश में नेपाल को भारत का एक करीबी मित्र, साझेदार और सुख-दुख का साथी बताते हुए कहा कि नई दिल्ली हमेशा से ही अपने नेपाली भाई-बहनों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रही है। आज भी इसी तर्ज पर वह बाढ़ से हुए नुकसान के बाद पड़ोसी देश द्वारा राहत-बचाव और पुनर्वास के लिए चलाए जा रहे अभियान में हर तरह से सहायता प्रदान करने के लिए संकल्पबद्ध है। इस दुखद प्राकृतिक आपदा ने न केवल नेपाल के लोगों को प्रभावित किया है। बल्कि उनके अलावा कई भारतीयों और विदेशी नागरिकों को भी अपनी चपेट में ले लिया है। आपदा में जान गंवाने वाले लोगों, उनके परिजनों के प्रति राजनाथ ने अपने शोक संदेश के जरिए जताई गई संवेदनाओं और प्रार्थनाओं के साथ-साथ घायलों के जल्द से जल्द ठीक होने की कामना की है।

भारत ने भेजी 60 टन राहत सामग्री की खेप

गौरतलब है कि आपदा आने के तुरंत बाद भारत ने अपने निकट पड़ोसी देश के लिए राहत सामग्री भेजने की कवायद की शुरुआत कर दी थी। जिसके तहत अब तक वायुसेना के कुल 3 विशालकाय परिवहन विमानों के जरिए 60 टन राहत-बचाव सामग्री की खेप भेजी जा चुकी है। जिसमें मेडिकल टीम के साथ ही अस्थायी शेल्टर, कंबल, सोलर लैंप, स्वच्छता किट, जीवनरक्षक दवाएं, खाने-पीने की चीजें, जनरेटर और पानी साफ करने वाले उपकरण मुख्य रूप से शामिल हैं। इसके अलावा मृतकों के शवों की पहचान करने के लिए 19 सदस्यीय फॉरेंसिक विशेषज्ञों, सुरंग बचाव दल को भी भारत ने नेपाल रवाना किया है। सुरंग बचाव दल ने अपने कार्य की शुरुआत कर दी है। एक अस्थायी लोहे का पुल (बेली ब्रिज) भी नई दिल्ली द्वारा काठमांडू भेजा गया है।

'खड़गे के 'शुद्धिकरण' विवाद पर जयराम रमेश का भाजपा-आरएसएस पर हमला

'आरोपियों पर कार्रवाई नहीं, न्याय मांगने वाले राहुल पर एफआईआर'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने उत्तराखंड के हल्द्वानी में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की रैली के बाद



कथित 'शुद्धिकरण' के नाम पर हुए कार्यक्रम को लेकर भाजपा और आरएसएस पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने दलितों के साथ हो रहे अन्याय, अपमान और भेदभाव का जो मुद्दा उठाया था, उसे भाजपा-आरएसएस ने महज 24 घंटे के भीतर ही सही साबित कर दिया। जयराम रमेश ने कहा कि खड़गे के खिलाफ कथित भेदभाव के मामले में अब तक आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, जबकि न्याय की मांग करने वाले राहुल गांधी के खिलाफ अगले ही दिन प्राथमिकी दर्ज कर दी गई।

यह लगाया आरोप

जयराम रमेश ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी पोस्ट में कहा कि राहुल गांधी ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में उत्तराखंड में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की रैली के बाद 'शुद्धिकरण' के नाम पर किए गए छुआछूत और अपमान का मुद्दा उठाया था। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि यह बात भाजपा-आरएसएस की उत्तराखंड की 'डबल इंजन' सरकार को बर्दाश्त नहीं हुई। यही वजह है कि कथित तौर पर खड़गे के अपमान के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ अभी तक कार्रवाई नहीं हुई, लेकिन न्याय की मांग करने वाले राहुल गांधी के खिलाफ अगले ही दिन एफआईआर दर्ज कर दी गई।

क्या है पूरा विवाद

यह विवाद उत्तराखंड के हल्द्वानी स्थित रामलीला मैदान में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की रैली के बाद कथित तौर पर किए गए 'शुद्धिकरण' कार्यक्रम को लेकर शुरू हुआ। खड़गे ने 8 अगस्त को इस मैदान में कांग्रेस की सभा को संबोधित किया था। इसके बाद कथित तौर पर वहां हवन के जरिये 'शुद्धिकरण' किया गया। कांग्रेस ने इसे खड़गे के दलित होने से जोड़ते हुए छुआछूत और जातिगत भेदभाव का मामला बताया था जबकि भाजपा ने कांग्रेस के आरोपों को खारिज किया था।

सुप्रीम कोर्ट ने सरकार की राय मांगी

एसिड की खुदरा बिक्री पर लगा दें पूरी तरह रोक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार से पूछा कि क्या बाजार में एसिड की खुदरा बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए या फिर इसे बेहद सख्त नियमों के तहत ही बेचने की इजाजत दी जानी चाहिए। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जज जॉयमाल्या बागची और जज वी. मोहना की पीठ ने कहा कि 2013 में एसिड की खुदरा बिक्री को नियंत्रित करने के लिए जारी दिशा-निर्देश अब लगभग अप्रासंगिक हो चुके हैं और कई जगह उनका प्रभावी पालन नहीं हो रहा है। पीठ ने केंद्र से यह भी पूछा कि एसिड कैसे बनाया जाता है और बाजार में इसकी उपलब्धता किस तरह सुनिश्चित होती है। अदालत ने कहा कि केवल दिशा-निर्देश बना देना काफी नहीं है, उनका प्रभावी ढंग से लागू करना भी जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एसिड हमले के पीड़ितों के लिए 6 सप्ताह के भीतर पुनर्वास उपाय तैयार करने का निर्देश दिया।



लंबित मामलों की मांगी जानकारी

सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से एसिड हमलों की घटनाओं, दर्ज मामलों में आरोपपत्र दाखिल होने की स्थिति और सुनवाई या अपील के स्तर पर लंबित मामलों की जानकारी मांगी गई है। यह मामला एसिड हमले की पीड़िता शाहीन मलिक की ओर से दायर जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान सामने आया। सुनवाई के दौरान सीनियर वकील सौरभ कृपाल ने अदालत को बताया कि सर्वे में सामने आया कि 2013 में सुप्रीम कोर्ट की ओर से सुरक्षा उपाय तय किए जाने के बावजूद एसिड अभी भी आसानी से खरीदा जा सकता है और इसकी बिक्री पर लगभग कोई प्रभावी निगरानी नहीं है।

'मोहम्मद दीपक' को मिली सुप्रीम राहत, फिलहाल कार्रवाई पर रोक

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार, 31 अगस्त 2026 को देहरादून के जिम मालिक दीपक कुमार को अंतरिम राहत दी। कोर्ट ने उत्तराखंड में बजरंग दल के सदस्यों के साथ हुई बहस के बाद उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर पर आगे की कार्रवाई पर रोक लगा दी, गौरतलब है कि इंटरनेट वो 'मोहम्मद दीपक' के नाम से मशहूर हैं। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने एफआईआर को चुनौती देने वाली दीपक की याचिका पर नोटिस जारी किया और आदेश दिया कि इस मामले से जुड़ी कार्यवाही पर रोक लगी रहेगी। कोर्ट ने उत्तराखंड हाईकोर्ट के उस पुराने आदेश पर भी रोक लगा दी, जिसमें दीपक को इस मामले के बारे में सार्वजनिक बयान देने या सोशल मीडिया पर पोस्ट करने से मना किया गया था। दीपक ने एफआईआर रद्द कराने के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हालांकि, कोर्ट ने मामला रद्द करने से इंकार कर दिया।

- **मुस्लिम दुकानदार के लिए बजरंग दल से भिड़े थे**

दिल्ली- स्कूल में नर्सरी की बच्ची का यौन शोषण

नई दिल्ली। दिल्ली के बवाना इलाके के एक प्राइवेट स्कूल में तीन साल की छात्रा के यौन शोषण का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में स्कूल में काम करने वाले कैब ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने नर्सरी में पढ़ने वाली बच्ची को चॉकलेट का लालच दिया और उसे कई बार गलत तरीके से छुआ। बच्ची की मां ने उसके व्यवहार में बदलाव देखा तो उससे इस बारे में पूछा। बच्ची ने मां को स्कूल में आने वाले एक 'बैड अंकल' के बारे में बताया। बच्ची आरोपी का नाम नहीं बता सकी, इसलिए उसके माता-पिता ने स्कूल प्रशासन को जानकारी दी। 24 अगस्त को स्कूल प्रशासन ने बच्ची को कई लोगों की तस्वीरें और सीसीटीवी फुटेज दिखाए। बच्ची ने इनमें आरोपी कैब ड्राइवर की पहचान की। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई और पाक्सो एक्ट की संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई।

- **स्कूल में काम करने वाले कैब ड्राइवर गिरफ्तार**

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि
Email : response.haribhoomi@gmail.com

CLASSIFIED

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

टीचर

Wanted- Acadeic Head and Teachers Required for Raipur, Bagbahra and Pithora Branches to Teach English, Maths,Science, SSt. Experienced, English Medium B.Ed. candidate will be preferred, Send resume, contact 9425214413, 9329621221, 7772862917.(आरे-268)

ड्रायवर/ऑफिस बॉय

आवश्यकता है- रायपुर शंकरनगर ऑफिस में - (1)कार चलाने हेतु अनुभवी, कुशल ड्राईवर (2)ऑफिस बॉय/गर्ल की आवश्यकता है जो ऑफिस की साफ-सफाई व अन्य कार्यों में सहायता करें। बायोडाटा सहित संपर्क करें:- 9993011757 / 9893132000.(आरे-420)

हाऊस कीपिंग

आवश्यकता है- हाउस कीपिंग – पुरुष उम्मीदवार (इन-हाउस रहने हेतु), ऑफिस बॉय – केवल रायपुर लोकल उम्मीदवार एवं कंसल्टेंसी वाले संपर्क करें :- मो.6232022676.(आरे-309)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

ऑफिस/ डिलीवरी बॉय

आवश्यकता है- ऑफिस के कार्यों के साथ ही समय-समय पर डिलीवरी करने हेतु एक मेहनती ऑफिस/डिलीवरी बॉय की आवश्यकता है। अपना बायोडाटा 9755763666 पर व्हाट्सएप या snaco43@gmail.com पर मेल करें।(आरे-110)

वेल्डर/ऑपरेटर

आवश्यकता है- फैब्रिकेशन कार्य हेतु वेल्डर एवं गैस कटिंग ऑपरेटर की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें। स्थान: बा रा डे रा - ध न सु ली, मंदिरहसौद, रायपुर। मो. 7024347173.(आरे-0M)

ऑफिस स्टॉफ/ अकाउंटेंट

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु स्टाफ की आवश्यकता- अकाउंटेंट Tally ERP 9 (मेल/ फीमेल), मैनुअल क्लेरिकल वर्क स्टॉफ (मेल/ फीमेल), फील्ड स्टॉफ (मेल/ फीमेल), आफिस बॉय (दोपहिया वाहन आवश्यक), जय अम्बे एग्रो इंडस्ट्रीज, अवंति विहार, 400 मीटर आगे एटीएम चौक से, एस्थेटिक इन्स्टिट्यूट ऑफ़ डिज़ाइन कॉलेज के पास, रायपुर। फोन- 8602598092, 9243826347.(आरे-420)

सेल्सगर्ल

आवश्यकता है- एक सेल्स गर्ल्स की आवश्यकता है वेतन 10000 से स्टार्ट ओम ज्वैलर्स शॉप नंबर 64 बी प्रिया सिंगार सदन के सामने इंदिरा मार्केट दुर्ग (आरे -4169)

घरेलु/ड्रायवर कार्य

आवश्यकता है- रायपुर में एक फैमिली की आवश्यकता हैं। पत्नी जो घर मे रहकर घर के कार्य कर सके एवं पति जिसे ड्राइविंग आती हो जो बुलेरो पिकअप चला सके उसे प्राथमिकता। रहने/ बिजली, पानी की सुविधा, वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क:- 9893413130, 9425509393. (आरे-418)

घरेलु नौकर

आवश्यकता है- रायपुर (सिविललाइन्स) स्थित एक प्रतिष्ठित परिवार के लिए 12 घंटे एवं 24 घंटे कार्य हेतु अनुभवी, ईमानदार और जिम्मेदार घरेलू नौकर की आवश्यकता है। अनुभव: कम से कम 5 वर्ष शिक्षा: न्यूनतम 10वीं पास वेतन: 25,000 प्रतिमाह रहने की व्यवस्था है स्थान: सिविल लाइन्स, रायपुर संपर्क: 9109972720 / 9109125252.(आरे-OM)

सेल्समैन/ऑपरेटर

आवश्यकता है- सेल्समैन, कम्प्यूटर आपरेटर, ड्राईवर, पैकिंग हेतु महिलाओ की, माल छोड़ने लड़कों की, घरेलू कार्य हेतु लड़की /महिला की आवश्यकता है, रहने की सुविधा संपर्क करें:- बोरियाखुर्द रायपुर 9893115061. (आरे-839)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

Property प्रापर्टी

प्लाट

प्लॉट बेचना है - आदिवासी प्लॉटः न्यू धमतरी रोड हाईवे पर ग्राम- बिरेझर 265x230 फीट प्लाट डबल रोड प्लाट अतिशीघ्र बेचना है। संपर्क करें:- 88789-20002.(आरे-837)

डायवर्टेड प्लाट बेचना है- भाटागांव भर्रीखार दो प्लांट 635- 600 वर्ग फुट का रेट 1500 प्रति वर्ग फुट नया रायपुर (जाम गांव) 1000 वर्ग फुट रेट 700 प्रति वर्ग फुट राजिम व आमापारा शिक्षक कॉलोनी 450 वर्ग फुट रेट 1000 प्रति वर्ग फुट संपर्क मोबाइल नंबर 8823780696 पी. एल यदु 9754685471, वी.के यदु 8827275508 पता परशु राम नगर महामाईपारा रायपुर (आरे-828)

मकान

Sale- House for sale- Ready possesion Duplex House (Molshree) situated on Mumbai- Kolkata Highway, Kharun Greens, CG housing Board Kumhari. Plot area 979.16 sqft, Builtup area 819 sqft Contact- 7978932970, 9407983291.(आरे-41744)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

Finance फायनेंस

फाइनेंस - प्रगति फाइनेंस द्वारा कृषि, बिजनेस, पर्सनल, लघु उद्योग, आधारकार्ड, समूह लोन, होम लोन पर कम समय आसान क़स्ति (2%ब्याज), (40%छूट) 50 हजार से 40 लाख समस्त लोन कराये - 7606809537, 7587708423.(आरे-4349)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

आवश्यक सूचना

बाहकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (जैसे भेजने, कोई भी राशि रखने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वाद-विवाद पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। बाहक पूर्ण जानकारी लेवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (इस प्रकाशक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दावों के अपने वादों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

हरिभूमि क्लासीफाईड



Healthcare



जैकेट के शेष

167 स्कूलों में शुरु कराईं ...

को निरंतर सहयोग दिया है। उनके प्रयास से अब तक सैकड़ों विद्यालयों और हजारों विद्यार्थियों को लाभ मिला है।

पोषण और पर्यावरण संरक्षण पर जोर: शिक्षक रंजीता साहू ने आदिवासी और वनांचल क्षेत्र के 205 से अधिक विद्यालयों में न्योता भोज का आयोजन कराया। पर्यावरण संरक्षण के लिए 3 हजार चंदन के पौधे, 1,100 पपीते के पौधे तथा 10 हजार काली हल्दी, नारियल, चंदन और अन्य पौधे निःशुल्क वितरित किए। अपने खेत में 1,100 से अधिक फलदार वृक्ष लगाकर जैव विविधता को बढ़ावा दिया। करीब 25,800 किलो अमरूद विद्यार्थियों और ग्रामीणों को निःशुल्क बांटे।

स्कूल को बनाया स्मार्ट...

तक पहुंची। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से प्रभावित होकर निजी स्कूलों के बच्चों ने भी सरकारी स्कूल में प्रवेश लिया।

जनसहयोग से स्कूल का विकास

जनसहभागिता से स्कूल भवन की छत मरम्मत, अहाता जीर्णोद्धार, मैदान समतलीकरण, प्रिंटरिच एवं किचन गार्डन का निर्माण कराया गया। स्कूल में अब तक 130 बार न्योता भोजन हो चुका है। उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण, सुपर-36 शिक्षक सम्मान सहित विभिन्न संस्थाओं ने सम्मानित किया है। अब 5 सितंबर को राज्यपाल पुरस्कार मिलने से उनकी उपलब्धियों में एक और गौरवपूर्ण अध्याय जुड़ जाएगा।

पूर्व डीईओ गंजीर को ...

लगभग 500 ग्राम सोना, आभूषण और 40 संपत्तियों व तीन मकानों से जुड़े दस्तावेज बरामद किए थे। वर्ष 2018 में गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया गया था।

क्रिटिकल मिनरल्स से ...

के नए शिखर तक ले जाने की क्षमता रखते हैं। इन खनिजों की उपलब्धता से प्रदेश में आधुनिक उद्योगों और नई तकनीक आधारित निवेश को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने ई-रेत संगवारी पोर्टल और टिन पोर्टल का शुभारंभ किया। छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम (सीएमडीसी) द्वारा इंडियन ओवरसीज बैंक तथा पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के साथ महत्वपूर्ण एमओयू भी किए गए।

टिकाऊ विकास भी जरूरी : तोखन : केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा, खनिज ब्लॉक्स की नीलामी की सफलता केवल उनके आवंटन से नहीं मापी जानी चाहिए। इसका वास्तविक प्रभाव अन्वेषण, निवेश, प्रोसेसिंग सुविधाओं की स्थापना, तकनीकी विकास, वैल्यू एडिशन और रोजगार सृजन के रूप में दिखाई देना चाहिए।

ढाई वर्षों में 40 एक्सप्लोरेशन प्रोजेक्ट : खनिज विभाग के संचालक एवं सीएमडीसी के प्रबंध संचालक रजत बंसल ने बताया कि प्रदेश में सतत खनन पद्धतियों के साथ खनिज संसाधनों के वैज्ञानिक अन्वेषण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। पिछले वित्तीय वर्ष में प्रदेश को लगभग 16 हजार 700 करोड़ रुपए का खनिज राजस्व प्राप्त हुआ, जो निर्धारित लक्ष्य का करीब 98 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि पिछले ढाई वर्षों में राज्य में 40 एक्सप्लोरेशन प्रोजेक्ट शुरू किए गए हैं और 2,800 किलोमीटर से अधिक जियोलॉजिकल सर्वे पूरा किया गया है। प्रदेश में अब तक 65 खनिज ब्लॉक्स की नीलामी की गई है, जिनसे लगभग 4 लाख करोड़ रुपए के संभावित राजस्व की उम्मीद है।

पीएससी एग्जाम, 265 पदों ...

पदों पर नियुक्ति के लिए चल रही है।

6 से 9 जून तक हुई थी मेंस परीक्षा : प्रारंभिक परीक्षा में चयन अभ्यर्थियों के लिए राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2025 का आयोजन 6, 7, 8 और 9 जून 2026 को किया गया था। अब मुख्य परीक्षा के परिणाम के आधार पर वर्गवार और उपवर्गवार न्यूनतम अर्हकारी अंक हासिल करने वाले कैंडीडटेस में से 608 को इंटरव्यू के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। इससे पहले प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम के आधार पर 3,921 कैंडीडटेस को मुख्य परीक्षा के लिए चिन्हांकित किया गया था।

परीक्षा लिए बगैर ही ...

रहे हैं, लेकिन रविवि प्रशासन को इससे कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। रविवि से संबद्ध कुरुद स्थित संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीए चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों ने एक विषय के रूप में मनी एंड बैंकिंग का चुनाव किया। पूरे सेमेस्टर छात्रों ने इसकी पढ़ाई की। आंतरिक मूल्यांकन सहित असाइनमेंट भी हुए। 6 जुलाई को इस विषय की परीक्षा निर्धारित की गई थी। छात्र पूरे समय परीक्षा केंद्र में बैठे प्रश्नपत्र आने का इंतजार करते रहे, लेकिन प्रश्नपत्र नहीं आया। अब छात्रों को इस विषय में पूरक बताकर उनका परिणाम घोषित कर दिया गया है, जबकि यह परीक्षा आयोजित ही नहीं की गई।

रविवि ने जारी कर दिया एडमिट कार्ड : एक ओर रविवि का कहना है कि उक्त विषय की पढ़ाई महाविद्यालय द्वारा कराई ही नहीं जानी थी, तो वहीं दूसरी ओर रविवि द्वारा स्वयं छात्रों के लिए जारी किए गए एडमिट कार्ड में मनी बैंकिंग विषय का जिक्र था। कुरूद के संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 14 छात्र अध्ययनरत हैं। वे एनएसयूआई के रविवि प्रभारी पुनेश्वर लहरे के नेतृत्व में विरोध दर्ज कराने सोमवार को पुनः रविवि पहुंचे। उन्होंने कहा, अगर सिलेबस गलत था तो विश्वविद्यालय ने उसी विषय का एडमिट कार्ड छात्रों को क्यों जारी किया? सबसे गंभीर बात यह है कि छात्रों के आगामी सेमेस्टर में प्रवेश की निर्धारित अंतिम तिथि भी समाप्त हो चुकी है। हमारी मांग है कि रिजल्ट में तत्काल सुधार किया जाए, संबंधित विषय की परीक्षा कराई जाए और छात्रों को आगे प्रवेश के लिए उचित समय दिया जाए।

पेज एक के शेष

बच्चों की रोज परीक्षा, स्कूल...

मुख्यालय मैनपुर के नजदीक महज 5 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत देहारगुड़ा और खामभाठा के बीच पैरी नदी मे सामने आया है, जहां स्कूली बच्चे 20 फीट ऊंचे पिलर पर लगी लोहे की सीढ़ी चढ़कर और उतरकर स्कूल आने-जाने को मजबूर हैं। यहां हर कदम पर खतरा बना हुआ है। जरा सा पैर फिसलते ही किसी बड़ी अनहोनी या जानलेवा दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है।

जान हथेली पर रखकर रोजाना सुबह जब ये मासूम बच्चे अपने घरों से स्कूल के लिए निकलते हैं, तो उनके बस्ते में किताबों के साथ-साथ एक अनजाना डर भी होता है। रास्ते में पड़ने वाले एक अधूरे पुल निर्माण या ऊंचे पिलर को पार करने के लिए संबंधित ठेकेदार एवं शासन प्रशासन या स्थानीय स्तर पर कोई सुरक्षित व्यवस्था नहीं की गई है। विकल्प के तौर पर खड़ी की गई लोहे सरीया की संकरी सीढ़ी ही इन बच्चों का एकमात्र सहारा है। भारी-भरकम स्कूल बैग पीठ पर लादे ये बच्चे जब एक-एक कदम फूंक-फूंक कर इस सीढ़ी पर रखते हैं, तो नीचे खड़े अभिभावकों और देखने वाले ग्रामीणों की सांसें अटक जाती हैं। बारिश के दिनों में या सीढ़ी पर हल्की सी फिसलन होने के कारण स्थिति और भी ज्यादा भयावह हो जाती है, परिजनों का कहना है कि वे हर वक्त इसी चिंता में डूबे रहते हैं कि उनका बच्चा सुरक्षित घर लौटेगा या नहीं। ग्रामीणों के मुताबिक, इस गंभीर समस्या को लेकर कई बार शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन अब तक शासन-प्रशासन की नींद नहीं खुली है। क्या प्रशासन को किसी बड़े हादसे का इंतजार है?

पांच वर्षों बाद भी ...

पर नहीं देखा गया जिसके परिणाम स्वरूप अधूरे पूल में जान जोखिम में डालकर बच्चे स्कूल तक आने मजबूर हो रहे हैं।

सरपंच ने कहा...

बेहद कछुए की चाल से निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसकी कई बार शिकायत की जा चुकी है। बारिश के दिनों में दर्जनों बच्चे नदी के उस पार खामभाठा यह अन्य मोहल्ले से प्राथमिक या मिडिल ,हाईस्कूल पढ़ाई करने आ रहे हैं। वे नदी पार कर या उफान पर होने के कारण 20 फीट ऊंचे पिलर को चढ़ कर स्कूल पहुंच रहे हैं। ग्रामीणों ने गरियाबंद कलेक्टर एवं शासन प्रशासन से मांग की है कि इस ओर गंभीरता से ध्यान दिया जाए नहीं तो मजबूरन ग्रामीण और छात्र नेशनल हाईवे 130 सी में चक्का जाम करने मजबूर होंगे।

विधायक बोले....

रहे हैं। लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग के अफसर और संबंधित निर्माण एजेंसी द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इन पर तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए।

पुतिन से बोले मोदी-युद्ध बहुत हो...

दोनों नेताओं ने व्यापार एवं निवेश, ऊर्जा व उर्वरक सुरक्षा समेत विभिन्न क्षेत्रों में जारी सहयोग पर भी विस्तार से चर्चा की। मोदी ने बैठक में टेलीविजन पर प्रसारित अपने शुरुआती संबोधन में कहा, हमने हमेशा यूक्रेन मुद्दे पर चर्चा की है। जब हमारी पिछली मुलाकात हुई थी, तब आपने मुझे इसके सभी पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी थी। भारत शांति के सभी प्रयासों का समर्थन करता है और आगे भी करता रहेगा। प्रधानमंत्री ने कहा, युद्ध काल का हर दिन मानवता को पीछे धकेलता है, जबकि शांति की दिशा में उठाया गया हर कदम मानवता में नयी आशा और उत्साह भरता है। हमें अंतहीन युद्ध से... युद्ध की समाप्ति की ओर बढ़ना होगा, जो मानवता के कल्याण के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, /"सभी मुद्दों का जल्द से जल्द शांतिपूर्ण समाधान मानवता की पुकार है और यही भारत का संदेश भी है। गांधी और बुद्ध की धरती का एक ही संदेश है- शांति का मार्ग। मोदी पुतिन की लिमोजिन कार से नोमैड गेम्स के आयोजन स्थल तक साथ गए।

देवी के दर्शन कर लौट...

का प्रयास किया। बताया जा रहा है कि पिकअप में करीब 30 से 32 ग्रामीण सवार थे। हादसे में बड़ी संख्या में ग्रामीण घायल हुए हैं। दुर्घटना में उमेश दीवान (14) और भुवनेश्वरी दीवान (40) की मौत हो गई।

ट्रक ड्राइवर गिरफ्तार : जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली पुलिस ने हादसे के बाद टक्कर मारने वाले वाहन के ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। हादसे के बाद वाहन को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

चलती बस में 17 साल...

2012 के निर्भया सामूहिक दुष्कर्म एवं हत्या मामले की यादों को ताजा कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, तीन अगस्त को लड़की की मां ने उसे डांटा था, जिससे नाराज होकर चार अगस्त को उसने अपना घर छोड़ दिया था। वह नोएडा सेक्टर 63 के लिए बस में चढ़ी, जहां उसका करीबी रिश्तेदार रहता है। पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने बताया कि बारिश हो रही थी और वह गलती से रात नौ बजे के आसपास परी चौक पर उतर गई। वह 11वीं कक्षा की छात्रा है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि तेज बारिश हो रही थी और उसे एहसास हुआ कि वह अपने रिश्तेदार के घर से लगभग 25 किमी दूर है। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता ने बताया कि जब वह परिवहन के साधन की तलाश कर रही थी, तब एक बस उसके पास आकर रुकी। पुलिस के अनुसार, परिचालक ने कथित तौर पर लड़की से कहा कि वे नोएडा सेक्टर 63 जा रहे हैं और उसे वहां छोड़ देंगे।

पुलिस के मुताबिक, उसकी बातों पर भरोसा कर वह बस में चढ़ गई। पुलिस के अनुसार, हालांकि, बस उस रात नियमित यात्री सेवा के रूप में नहीं चल रही थी। ट्रैवल कंपनी और जांचकर्ताओं के मुताबिक, तकनीकी खराबी आने के बाद इसे मरम्मत के लिए ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर स्थित एक कार्यशाला में ले जाया गया था। दोनों आरोपियों ने शाम करीब पांच बजे कार्यशाला से बस ली और रात करीब नौ बजे रवाना हुए। उत्तर दिल्ली की पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) निहारिका भट्ट ने बताया कि चार अगस्त की रात को कश्मीरी गेट थाने में 17-वर्षीय लड़की ने आकर सूचना दी कि उसके साथ नोएडा में एक बस में दुष्कर्म हुआ है। उन्होंने बताया, पूछताछ के दौरान यह पता चला कि लड़की मैनपुरी से नोएडा के सेक्टर 63 में अपने एक रिश्तेदार के घर जा रही थी। ग्रेटर नोएडा में परी चौक से नोएडा के सेक्टर 63 के रास्ते में लड़की के साथ दुष्कर्म हुआ।

गुमशुदा



उमेंद कुमार पाटले

उम्र - 28 वर्ष

पिता - भागवत प्रसाद पाटले

निवासी- खैजा सोहनपुर चौकी पंतोरा थाना बलौदा जिला जांजगीर चांपा

नाम सूचक :- भागवत प्रसाद पाटले पिता स्व. रुपदास पाटले उम्र 58 वर्ष साकिन खैजा सोहनपुर चौकी पंतोरा थाना बलौदा

हुलिया

रंगः- गोरा, कदः- 5 फीट 8 इंच, कपड़ाः- लोवर फूल शर्ट गुलाबी रंग, बालः- काला, चेहराः-गोल, शैक्षणिक-M.sc तक पढ़ा है।

दिनांक घटना :- 02.07.2026 के रात्रि 7 से 8 बजे, घटना स्थलः- ग्राम खैजा सोहनपुर, कृपया कहीं मिले या दिखे तो नीचे दिये मो.नं. पर संपर्क करे, पता बताने वालो को **उचित ईनाम 30,000** दिया जाएगा।

पिता- भागवत प्रसाद पाटले
8319680653
भाई- राजेश कुमार पाटले
9244767368

राशिफल

मेष — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

वृष — धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

मिथुन — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

कर्क — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

सिंह — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

कन्या — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

तुला — कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

वृश्चिक — संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

धनु — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

मकर — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

कुंभ — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

मीन — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

पाकिस्तानी मानवाधिकार संस्था ने खोली अपनी सरकार की पोल

पीओके में प्रदर्शनकारियों पर अत्यधिक बल प्रयोग, चुनाव विश्वसनीय नहीं

भारत के दावों की हुई पुष्टि

एजेंसी ▶▶| लाहौर

पाकिस्तान के मानवाधिकार संगठन ने कहा है कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ सरकार ने 'जरूरत से ज्यादा बल प्रयोग' किया। संगठन ने हिंसा और बड़े पैमाने पर धांधली के आरोपों से प्रभावित चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर भी गंभीर सवाल उठाए हैं। पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग (एचआरसीपी) के तथ्यान्वेषी मिशन की शनिवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में जारी अशांति की वजह लंबे समय से बरकरार राजनीतिक और सामाजिक-आर्थिक शिकायतें, संस्थाओं के प्रति अविश्वास और शासन व्यवस्था की कमियां हैं। एचआरसीपी ने कहा, 'सरकार की ओर से लगातार बढ़ती टकरावपूर्ण प्रतिक्रिया, जिसमें जरूरत से अधिक बल प्रयोग भी शामिल है, ने ध्रुवीकरण को और गहरा किया है और जनता के भरोसे को कमजोर किया है।'


फाइल फोटो

आयोग ने यह भी कहा कि उसके मिशन को हिंसा के स्तर और सुरक्षा बलों के आचरण को लेकर अलग-अलग और परस्पर विरोधी दावे सुनने को मिले।

45 सीट के लिए हुआ था चुनाव : पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की तथाकथित विधानसभा की 45 सीट के लिए 27 जुलाई से 10 अगस्त के बीच तीन चरण में चुनाव कराए गए। प्रतिबंधित ज्वाइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) जून से पीओके में विवादित 12 शरणार्थी सीट के मुद्दे पर लगातार प्रदर्शन कर रही थी।

भारत ने भी चुनाव को बताया था दिखावा

पीओके में हुए चुनावों को लेकर एचआरसीपी ने कहा, 'बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती, लंबे समय तक संचार सेवाओं पर प्रतिबंध, प्रमुख राजनीतिक दलों का बहिष्कार, चरणबद्ध मतदान और सात निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव स्थगित किए जाने से चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर व्यापक सवाल खड़े होते हैं।' भारत का कहना है कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न और अविभाज्य हिस्से हैं। नयी दिल्ली यह भी कहती है कि इन केंद्र शासित प्रदेशों के कुछ हिस्सों पर पाकिस्तान ने 'अवैध और जबरन कब्जा' कर रखा है। भारत ने चार अगस्त को पीओके में हुए तथाकथित स्थानीय निकाय चुनावों को 'पूरी तरह दिखावा' बताया था और कहा था कि इस तरह की 'खोखली कवायद' क्षेत्र की वास्तविक स्थिति को छिपा नहीं सकती।

'समुद्र मंथन' योजना आखिर किस विशेष उद्योगपति को फायदा पहुंचाने लाई गई?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस ने कहा है कि केंद्र सरकार की 84 हजार करोड़ रुपये की 'समुद्र मंथन' योजना खास पूंजीपति को फायदा पहुंचाने के लिए बनाई गई है। सोमवार को कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शक्तिसिंह गोहिल ने मांग की कि 'समुद्र मंथन' योजना को तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाए। उन्होंने कहा कि 84,084 करोड़ रुपये की भारी-भरकम राशि निजी कंपनियों को दिए जाने का कारण सार्वजनिक किया जाए। तेल एवं गैस की खोज के लिए यह राशि सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ओएनजीसी को दी जाए। उन्होंने कहा कि देश में भारी बेरोजगारी के बावजूद रोजगार सृजन न करने वाली योजनाओं के लिए निजी कंपनियों को 84,084 करोड़ रुपये देने का औचित्य स्पष्ट किया जाए। इसके साथ ही, बीते वर्षों में देश के घरेलू तेल और गैस उत्पादन में आई कमी पर केंद्र की मोदी सरकार जवाब दे।

ओएनजीसी को क्यों किया गया दरकिनार - सवाल उठाए कांग्रेस ने



ओएनजीसी को दरकिनार कर निजी क्षेत्र को लाभ पहुंचाया जा रहा : गोहिल ने बताया कि इस योजना को कैबिनेट ने एक अगस्त को मंजूरी दी है और इसके पहले चरण में 2031 तक 84,084 करोड़ रुपये खर्च किए जाने हैं। मोदी सरकार इस योजना के तहत 50 प्रतिशत राशि सीधे उस कंपनी को देगी, जो समुद्र में तेल-गैस ढूंढने का काम करेगी। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि यदि एक कुआं 675 करोड़ रुपये में खोदा गया है, तो सरकार उस कंपनी को उसकी आधी राशि देगी।

हजार करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार

कांग्रेस नेता ने याद दिलाया कि जब वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब जीएसपीसी (गुजरात राज्य पेट्रोलियम निगम) में 27 हजार करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार हुआ था और कैग ने इसका खुलासा किया था। उन्होंने कहा कि सामने आया था कि धरातल पर गैस या तेल की एक बूंद भी नहीं मिली और समुद्र में बनाए गए अधिकांश कुएं कागजों पर ही थे। उन्होंने मांग की कि इस भ्रष्टाचार की भी न्यायिक जांच होनी चाहिए।

आम ईश्तहार (उद्घोषणा)

रा.प्र.क्र./2026081401000006/अ-20(3)/सन्/2025-26/ ग्राम-पुरी प.ह.न. 14

एतद् द्वारा सर्व संबंधित एवं आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड के पत्र क्रंमाक का.यं./सं.सं./का./सामा/1373 कांकेर दिनांक 07-07-2026 के अनुसार ग्राम पुरी पटवारी हल्का नंबर 14 पुरी तहसील चारामा स्थित भूमि खसरा नंबर 673/1 रकबा 36.7200 हेक्टेयर में से रकबा 0.04 हेक्टेयर को कनिष्ठ अभियंता (वि.के.) छ.ग.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लिमि. पुरी के कार्यालयीन भवन निर्माण हेतु मांग किया गया हैं।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विधिवत अपना दावा अथवा आक्षेप मेरे समक्ष दिनांक 03-09-2026 को स्वंय अथवा अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद में प्राप्त दावा आक्षेप पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

वास्ते
तहसीलदार
तहसील-चारामा

प्रपत्र— 'जी'
अभिरुचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण

नीलकंठम सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड कोरबा में निर्माण एवं परियोजना प्रबंधन उद्योग में कार्यरत है

(भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड के विनियमन 36ए के उप—विनियमन (1) के तहत (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2016)

प्रासंगिक विवरण

1.	कॉर्पोरेट देनदार का नाम साथ में पैन/सीआईएन/एलएलपी नं.	नीलकंठम सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड पैनः AABCN9104G | सीआईएनः U51505CT2001PTC014514
2.	पंजीकृत कार्यालय का पता	बी–15 दीनदयाल मार्केट, पी.एच.रोड, कोरबा, छत्तीसगढ़–495677
3.	वेबसाइट का यूआरएल	लागू नहीं
4.	उस स्थान का विवरण जहां अधिकांश अचल संपत्तियां स्थित हैं	कोरबा, छत्तीसगढ़ में लीजहोल्ड भूमि
5.	मुख्य उत्पादों / सेवाओं की स्थापित क्षमता	हमें दी गई जानकारी के अनुसार, कॉर्पोरेट देनदार निर्माण, परियोजना प्रबंधन और औद्योगिक विकास के व्यवसाय में लगा हुआ था।

विक्रेता का नाम	जगह	कार्य
एनटीपीसी लिमिटेड	एनटीपीसी–बदरपुर (पैकेज–2ए)–दिल्ली में इको पार्क	सिविल कार्य
एनटीपीसी लिमिटेड	एनटीपीसी लारा टाउनशिप पार्ट–बी, रायगढ़, बिलासपुर, छत्तीसगढ़	ऑडिटोरियम और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के लिए भूनिर्माण कार्य
भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण	रायपुर, छत्तीसगढ़	बागवानी कार्य

6.	मुख्य उत्पादों की मात्रा और मूल्य / पिछले वित्तीय वर्ष में बेची गई सेवाएं	वित्तीय वर्ष 23–24 के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण के अनुसार: सेवाओं से राजस्व 13,94,435.00 रुपये था, मुख्य रूप से कार्यों और रोया अनुबंध से
7.	कर्मचारियों / कामगार की संख्या	उप अनुबंधित
8.	दो वर्षों के अंतिम उपलब्ध वित्तीय विवरण (अनुसूची के साथ), लेनदारों की सूची, प्रक्रिया की बाद की घटनाओं के लिए प्रासंगिक तिथियां सहित अधिक विवरण यहां उपलब्ध हैं	हमें cirp.nspl@gmail.com पर ईमेल करके जानकारी ली जा सकती है
9.	संहिता की धारा 25(2)(एच) के तहत समाधान आवेदकों के लिए पात्रता यहां उपलब्ध है	हमें cirp.nspl@gmail.com पर ईमेल करके जानकारी ली जा सकती है
10.	अभिरुचि की अभिव्यक्ति की प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि	16 सितंबर 2026
11.	संभावित समाधान आवेदकों की अंतरिम सूची जारी करने की तिथि	26 सितंबर 2026
12.	अंतरिम सूची के बारे में आपत्तियां प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि	01 अक्टूबर 2026
13.	संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि	11 अक्टूबर 2026
14.	संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स और समाधान योजना के लिए अनुरोध जारी करने की तिथि	16 अक्टूबर 2026
15.	समाधान योजनाएं जमा करने की अंतिम तिथि	15 नवंबर 2026
16.	ईओआई जमा करने के लिए संसाधित ईमेल आईडी	cirp.nspl@gmail.com
17.	एमएसएमई के रूप में कॉर्पोरेट देनदार की पंजीकरण स्थिति का विवरण	"सेवाएँ" श्रेणी के अंतर्गत "लघु उद्यम" के रूप में पंजीकृत पंजीकरण संख्याः UDYAM-CG-10-0000449

नोटः

1. समाधान आवेदक (पीआरए) द्वारा प्रस्तुत ईओआई दस्तावेज, जिन्होंने 11 अप्रैल 2025 को प्रकाशित ईओआई के आमंत्रण में भाग लिया था, सत्यापन के अधीन, अभी भी मान्य हैं और यदि वे सही पाए जाते हैं, तो उन्हें इस ईओआई प्रक्रिया के तहत ईओआई दस्तावेज़ के रूप में माना जाएगा।

आशुतोष खेमानी
समाधान प्रोफेशनल, नीलकंठम सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड
पंजीकरण सं.: IBBI/IPA-002/IPN-01177/2021-2022/13902 | एएफए वैधः 31.12.2026 तक
पंजीकृत पताः कार्यालय क्रमांक 1—सी, तीसरी मंजिल, श्याम प्लाजा, नए बस स्टैंड के सामने, पंडरी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 492001
ईमेलः cirp.nspl@gmail.com
तिथि: 01.09.2026
स्थान: रायपुर

OFFICE OF THE CHIEF MUNICIPAL OFFICER, NAGAR PANCHAYAT BASTAR, DIST. -BASTAR (C.G.)

S.No./867/PWD/NPB/2026-27 Bastar, Dated - 27/08/2026

E-procurement Tender Notice (1st CALL)

Online Bids invited from Registered Contractors under CG PWD Details as follows -

S. No.	System Tender No.	Name of Work	Probable amount of Contract (in Lacs)	Earnest Money Deposit (IN Rupees)	Last date & Time for download Tender
1	198381	Construction of CC Road, Ward no 07 to 15 (total 12 location)	34.56	26000.00	21/09/2026 Till 17:30 (IST)
2	198379	Construction of CC Road, Ward no 01,03,04,05 & 06 (total 09 location)	28.20	21200.00	
3	198378	Construction of Rcc Drain at different ward (total 08 location)	35.05	26300.00	

The Details can be viewed and downloaded online directly from http://eproc.cgstate.gov.in

CHIEF MUNICIPAL OFFICER
NAGAR PANCHAYAT BASTAR
DIST. - BASTAR (C.G.)

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
ई–निविदा सूचना

क्र.सं. (1) ई-निविदा संख्याः- डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-167-26-27, दिनांकः 20.08.2026

कार्यः वरिष्ठ मंडल अभियंता/मध्य/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत एनजीटी की गाइडलाइंस के अनुसार उसलापुर गुड्स शेड में वैग्ड कंसाइनमेंट के साथ-साथ उससे जुड़ी अन्य सुविधाएं के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास और छुलहा रेलवे स्टेशन का सॉफ्ट अपग्रेडेशन।

निविदा मूल्य (रू): 13,45,05,290.64/-, अमानत राशि (रू): 26,90,100.00/-, कार्य पूर्णता की अवधिः 18 माह। निविदा जमा की आरंभ तिथिः- दिनांकः 01.09.2026 के 11.00 बजे से। निविदा जमा की अंतिम तिथिः- दिनांकः 15.09.2026 के 11:00 बजे तक।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)
सीपीआर/10/367 द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
एस एण्ड टी निर्माण कार्य हेतु निविदा सूचना

क्र.सं. (1) ई–निविदा सूचना संख्याः 15–एसटी–टेंडर–2026. दिनांक–19.08.2026 कार्य : 1) KGS स्टेशन, बिलासपुर मंडल S&T कार्य : KTE छोर पर अप लूप लाइन संख्या–1 के DE (Dead End) को बढ़ाकर, डिस्पैच सुविधा सहित अप ग्रिड में Long-Haul Loop का निर्माण करना तथा BSP छोर पर Banking Engine Siding को अप लूप लाइन संख्या–1 से जोड़ना। 2) छुलहा स्टेशन पर S&T कार्य: APR छोर पर लूप लाइन संख्या–5 के DE (Dead End) को बढ़ाकर Long Loop Line का निर्माण करना, जिसकी CAL 750 मीटर तथा DS-PT होगी, साथ ही Bi-directional 03rd Line (द्वि–दिशीय तीसरी लाइन) का निर्माण करना।"

निविदा मूल्य : ₹ 5,34,12,835.29/- (पाँच करोड़ चौंतीस लाख बारह हजार आठ सौ पैंतीस रुपये और उनतीस पैसे मात्र)। अमानत राशि : ₹ 10,68,300/- (दस लाख अड़सठ हजार तीन सौ रुपये मात्र)। निविदा का जगा होना : दिनांक

उपयोगकर्ता बिना इंटरनेट यूपीआई से भुगतान कर पाएगे

फीचर फोन से भी बिना इंटरनेट कर सकेंगे यूपीआई भुगतान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

डिजिटल भुगतान कंपनी फोनपे ने सोमवार को 'फोनपे यूपीआई 123पे' सेवा शुरू करने की घोषणा की, जिसके जरिये फीचर फोन उपयोगकर्ता भी इंटरनेट कनेक्शन के बगैर यूपीआई से भुगतान कर सकेंगे। कंपनी ने दावा किया कि इस सेवा के साथ वह फीचर फोन उपयोगकर्ताओं को यूपीआई भुगतान की सुविधा देने वाली पहली प्रमुख टीपीएपी कंपनी बन गई है। इस समय देश में 20 करोड़ से अधिक फीचर फोन उपयोगकर्ता होने का अनुमान है।

एसएमएस आधारित ढांचे का उपयोग

फोनपे के मुताबिक, यह सेवा उसकी स्वामित्व वाली प्रौद्योगिकी पर आधारित है और लेनदेन को सीमित 2जी कनेक्टिविटी वाले क्षेत्रों में भी भरोसेमंद बनाने के लिए एसएमएस आधारित ढांचे का इस्तेमाल करती है।

'फोनपे यूपीआई 123पे' पर फोनपे ने शुरू की सेवा

30 करोड़ डिजिटल भुगतान के दायरे में आएगे

फोनपे के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) समीर निगम ने कहा, ''फोनपे यूपीआई 123पे के जरिये फीचर फोन पर यूपीआई लाने से डिजिटल भुगतान का लाभ स्मार्टफोन से आगे देश के हर कोने तक पहुंचेगा।'' उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य अगले 30 करोड़ उपयोगकर्ताओं को डिजिटल भुगतान के दायरे में लाकर वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना है।



स्कैन करने की सुविधा भी होगी

इस सेवा के जरिये उपयोगकर्ता एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति (पी2पी) और व्यक्ति से व्यापारी (पी2एम) को भुगतान कर सकेंगे। कैमरे वाले फीचर फोन में क्यूआर कोड को स्कैन करने की सुविधा भी होगी। इसके अलावा उपयोगकर्ता खाते का प्रबंधन, शेष राशि की जांच और लेनदेन का इतिहास भी देख सकेंगे।

नोकिया, एचएमडी, लावा से साझेदारी

कंपनी ने इस सेवा को अपने उपकरणों में पहले से उपलब्ध कराने के लिए नोकिया, एचएमडी, लावा इंटरनेशनल और आईटेल मोबाइल जैसे मोबाइन फोन विनिर्माताओं के साथ साझेदारी की है।

एआई हेल्पलाइन भी शुरू की है

पहली बार सेवा का इस्तेमाल करने वाले उपयोगकर्ताओं की सहायता के लिए कंपनी ने आवाज-आधारित कृत्रिम मेधा (एआई) हेल्पलाइन भी शुरू की है। इससे अंग्रेजी और 12 भारतीय भाषाओं में जरूरी जानकारी मुहैया कराई जाएगी।

अतिरिक्त सुविधाएं भी जोड़ी जाएगी

फोनपे ने कहा कि आगे के अपडेट में बिजली-पानी आदि के बिल भुगतान, रिचार्ज और आधार आधारित सेवा शुरू करने जैसी अतिरिक्त सुविधाएं भी जोड़ी जाएंगी। जुलाई, 2026 तक फोनपे के पंजीकृत उपयोगकर्ताओं की संख्या 71.5 करोड़ से अधिक थी, जबकि उसके व्यापारी नेटवर्क में पांच करोड़ से अधिक भागीदार थे।

खबर संक्षेप

एक्सिस बैंक ने 1100 से अधिक खेल पेशवरों को दिया सहयोग

रायपुर। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर देश में निजी क्षेत्र के प्रमुख बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने खेल के क्षेत्र में भारत के लगातार मजबूत होते प्रदर्शन का जश्न मनाया। बैंक को देश के प्रमुख खेल संस्थानों के साथ रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से भारतीय खेलों के विकास में योगदान देने पर गर्व है। इन साझेदारियों के तहत तीन वर्ष से भी कम समय में करीब 1,100 खिलाड़ियों, पैरा-एथलीटों, प्रशिक्षकों और अन्य खेल पेशेवरों को सहयोग दिया जा चुका है। वित्त वर्ष 2024-25 में इस क्षेत्र के तहत अपना पहला कार्यक्रम शुरू करने के बाद से खेल, एक्सिस बैंक की कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) रणनीति के प्रमुख क्षेत्रों में रहा है। बैंक विश्वस्तरीय खेल बुनियादी ढांचा तैयार करने में भी सहयोग कर रहा है, जो आने वाले दशकों तक भारतीय खेलों की सेवा कर सकेगा।

एचएनजीआईएल ने 'बीरा 91' को भेजा चूक नोटिस

नई दिल्ली। हिंदुस्तान नेशनल ग्लास एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने ''बीरा 91'' ब्रांड की बीयर बनाने वाली कंपनी बी9 बेवरेजेज लिमिटेड को भुगतान में चूक का (डिफॉल्ट) नोटिस भेजा है।

कंपनी के चेयरमैन 67वीं वार्षिक आम बैठक को कर रहे थे संबोधित

'होर्मुज जलडमरूमध्य' बाधित होने के बीच आईओसी ने एलपीजी उत्पादन 30% बढ़ाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के चेयरमैन अरविंदर सिंह साहनी ने सोमवार को कहा कि कंपनी ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण समुद्री व्यापार प्रभावित होने और ऊर्जा आपूर्ति के जोखिम के बीच रसोई गैस (एलपीजी) उत्पादन में करीब 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी की तथा अपनी रिफाइनरियों को 100 प्रतिशत से अधिक क्षमता पर संचालित किया।

कंपनी की 67वीं वार्षिक आम बैठक को संबोधित करते हुए साहनी ने कहा कि वैश्विक ऊर्जा बाजार में अस्थिरता और कच्चे तेल की आपूर्ति में चुनौतियों के बावजूद आईओसी ने कच्चे तेल के स्रोतों में विविधता, रिफाइनरी संचालन में बदलाव किया और वैकल्पिक आपूर्ति सुनिश्चित की।

- कहा, खाड़ी युद्ध तनाव के कारण समुद्री व्यापार हुआ प्रभावित
- रिफाइनरियों को 100 प्रतिशत से अधिक क्षमता पर किया जा रहा संचालित
- करीब 45 प्रतिशत कच्चे तेल का आयात होमुर्ज जलडमरूमध्य से जुड़ा

कच्चे तेल की जरूरत का 88 प्रतिशत से अधिक आयात

साहनी ने कहा, ''इस अभूतपूर्व संकट के दौरान इंडियन ऑयल की प्राथमिकता स्पष्ट रही है...सीमित आपूर्ति विकल्पों और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में उतार-चढ़ाव के बावजूद ऊर्जा आपूर्ति की निरंतरता बनाए रखना। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरत का 88 प्रतिशत से अधिक आयात करता है। इसमें से करीब 45 प्रतिशत कच्चे तेल का आयात और लगभग 90 प्रतिशत एलपीजी आयात होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़ा है।

कंपनी का शुद्ध लाभ 36,802 करोड़ रुपए रहा: कंपनी का एकल आधार पर शुद्ध लाभ 36,802 करोड़ रुपये रहा। इस दौरान पेट्रोलियम उत्पादों, प्राकृतिक गैस और पेट्रोरसायन की कुल बिक्री 10.5 करोड़ टन से अधिक रही।''कंपनी की रिफाइनरी ने साल के दौरान रिकॉर्ड 7.54 करोड़ टन कच्चे तेल का प्रसंस्करण किया। वहीं, पाइपलाइन के जरिये परिवहन 10.25 करोड़ टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।



आईओसी का कारोबार 8.86लाख करोड़ रुपए रहा

साहनी ने कहा, ''पश्चिम एशिया के कच्चे तेल की आपूर्ति में उल्लेखनीय बदलाव के बावजूद हमारी रिफाइनरी का परिचालन 100 प्रतिशत से अधिक क्षमता पर हुआ, कम समय में एलपीजी उत्पादन करीब 30 प्रतिशत बढ़ाया गया और गैस कारोबार ने प्राथमिक क्षेत्रों को आपूर्ति जारी रखी' उन्होंने कहा कि मार्च, 2026 को समाप्त वित्त वर्ष में आईओसी का कारोबार करीब 8.86 लाख करोड़ रुपये का रहा।

कच्चे तेल के आयात स्रोतों में बदलाव किया

ऐसे में इस रणनीतिक समुद्री मार्ग में किसी भी बाधा का देश की ऊर्जा सुरक्षा पर सीधा असर पड़ता है। साहनी ने कहा, ''पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के मार्गदर्शन में कंपनी ने कच्चे तेल के आयात स्रोतों में बदलाव किया, रिफाइनरी संचालन को नए सिरे से व्यवस्थित किया और वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखला मजबूत की...।''

घरेलू पेट्रोलियम उत्पादों की बिक्री उच्चतम स्तर पर

घरेलू पेट्रोलियम उत्पादों की बिक्री 8.89 करोड़ टन के अबतक के उच्चतम स्तर पर रही। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भी कंपनी का प्रदर्शन मजबूत रहा। आईओसी ने 1.92 करोड़ टन कच्चे तेल का प्रसंस्करण किया और उसका क्षमता इस्तेमाल 109.4 प्रतिशत रहा।

कंपनी की घरेलू बाजार हिस्सेदारी बढ़कर 43 फीसदी

कंपनी की घरेलू पेट्रोलियम उत्पाद बाजार हिस्सेदारी बढ़कर 43.1 प्रतिशत हो गई। साहनी ने कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण कच्चे तेल की कीमत बढ़ने से तिमाही लाभ पर दबाव रहा, लेकिन कंपनी के परिचालन प्रदर्शन से उसकी मजबूती पता चलता है।

शिक्षित युवाओं को भी रोजगार मिलना मुश्किल : कुमारस्वामी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- एएसडीसी के वार्षिक सम्मेलन को कर रहे थे संबोधित
- वाहन उद्योग अधिक अवसर पैदा करे

भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने सोमवार को वाहन उद्योग से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने में योगदान देने की अपील करते हुए कहा कि शिक्षित स्नातकों के लिए भी रोजगार मिलने में मुश्किल आना एक 'जमीनी हकीकत' है।

मंत्री ने कहा कि देश के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लक्ष्य को हासिल करने के लिए महत्वपूर्ण है। कुमारस्वामी ने यहां 'ऑटोमोटिव स्किल्स डेवलपमेंट काउंसिल' (एएसडीसी) के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, ''आइए, हम अगली पीढ़ी के परिवहन क्षेत्र के लिए तैयार वाहन उद्योग के कार्यबल के निर्माण और विकसित भारत 2047 के व्यापक लक्ष्य में योगदान के लिए मिलकर काम करें।

सरकार कई पीएलआई योजनाएं शुरू कर रही

कुमारस्वामी ने कार्यक्रम से इतर बातचीत में कहा कि सरकार कई उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाएं शुरू कर रही है और वाहन उद्योग को मजबूत करने में मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि वाहन उद्योग के जरिए रोजगार सृजन हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वाहन क्षेत्र का इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, इस्पात, कलपुर्जों, लॉजिस्टिक, सॉफ्टवेयर और सेवाओं समेत कई क्षेत्रों पर व्यापक प्रभाव पड़ता है।

बैंक ऑफ बड़ौदा 2,482 अधिकारियों की करेगा भर्ती

एजेंसी ▶▶ मुंबई



- 20 राज्यों की स्थानीय भाषा में दक्ष अधिकारियों की भर्ती की घोषणा
- बैंक कर्मियों की स्थानीय भाषाओं में ग्राहक संवाद पर जताई जा रही चिंता

बैंक ऑफ बड़ौदा ने 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्थानीय भाषाओं में दक्ष 2,482 अधिकारियों की भर्ती करने की सोमवार को घोषणा की। बैंक कर्मचारियों की स्थानीय भाषाओं में ग्राहकों से संवाद करने की क्षमता को लेकर जताई जा रही चिंता के बीच कनिष्ठ प्रबंधन श्रेणी में 'स्थानीय बैंक अधिकारियों' की भर्ती की जा रहा है।

इसमें यह सुनिश्चित करने का प्रावधान है कि उम्मीदवार अपनी सेवा के पहले 12 साल उसी राज्य में काम करें, जहां उनकी भर्ती हुई है। साथ ही वे पदानुक्रम में एक निश्चित स्तर तक पदोन्नति होने तक उसी राज्य में तैनात रहें। यह घोषणा मुंबई के आसपास स्थानीय भाषा में बातचीत करने में असमर्थ बैंक कर्मचारियों के खिलाफ हिंसा की कुछ घटनाओं के बीच की गई है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नवंबर, 2025 में बैंकों को इस मुद्दे के प्रति संवेदनशील रहने और जरूरत पड़ने पर अपनी मानव संसाधन (एचआर) नीतियों में बदलाव करने का निर्देश दिया था। बीओबी ने कहा कि 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और ओडिशा शामिल हैं। राज्य-आधारित तैनाती से बैंक को स्थानीय भाषा में दक्षता, सांस्कृतिक समझ और स्थानीय बाजारों की जानकारी रखने वाला कार्यबल तैयार करने में मदद मिलेगी जिससे ग्राहकों के साथ संबंध और मजबूत होंगे।

उम्मीदवार किसी भी विषय में स्नातक हो

बैंक ने कहा कि उम्मीदवार किसी भी विषय में स्नातक होना चाहिए और किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक में अधिकारी के रूप में कम से कम एक वर्ष काम करने का अनुभव होना चाहिए। उम्मीदवारों की आयु 21 से 30 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

सोने में गिरावट जारी 1,500 रुपए और टूटा



नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमतों में लगातार चौथे दिन गिरावट आई। वैश्विक स्तर पर कमजोर संकेतों के कारण कीमतें 1,500 रुपये टूटकर 1,60,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। घरेलू सोने की कीमतों में गिरावट हाल के सप्ताहों में सोने की कीमतों में आई तेजी के बाद लगातार हो रही मुनाफासूली को भी दिखाती है। कारोबारी अपने जमा सौदों को कम कर रहे हैं क्योंकि सोना अपनी पिछली तेजी को बनाए रखने में नाकाम रहा। चांदी की कीमत 2,45,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) पर स्थिर रही।

जिंदल स्टील कॉइन ब्लैंक की विनिर्माण क्षमता बढ़ाएगी

हिसार (हरियाणा)। जिंदल स्टेनलेस ने सिक्कों के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले ''कॉइन ब्लैंक'' की वार्षिक उत्पादन क्षमता 20 प्रतिशत बढ़ाने का फैसला किया है। कंपनी अपनी क्षमता को मौजूदा 10,000 टन से बढ़ाकर 12,000 टन सालाना करेगी। सिक्कों और अन्य धातु आधारित मुद्रा की मांग बढ़ रही है। जिंदल स्टेनलेस के हिसार संयंत्र के इकाई प्रमुख विजय बिंदलिश ने बताया कि कंपनी भारतीय टकसाल के साथ-साथ कई विदेशी टकसाल के लिए भी कॉइन ब्लैंक तैयार करती है। कंपनी भारत के अलावा फ्रांस, फिनलैंड, पोलैंड, नीदरलैंड, ब्रिटेन की रॉयल मिंट, मलेशिया और स्लोवाकिया की टकसाल को भी कॉइन ब्लैंक की आपूर्ति करती है।

जोमैटो ने 'एनालॉग' खाद्य उत्पादों पर रोक लगाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



ऑनलाइन ऑर्डर पर खाने-पीने के सामान की आपूर्ति करने वाले मंच जोमैटो ने सोमवार को अपने मंच पर सूचीबद्ध रेस्तरां के 'एनालॉग' चीज, पनीर या अन्य दुग्ध उत्पादों से बने व्यंजनों की बिक्री को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति की घोषणा की। कंपनी ने कहा कि नियमों का पालन नहीं करने वाले रेस्तरां को वह अपने मंच से हटाने का अधिकार रखती है। 'एनालॉग' व्यंजनों में पारंपरिक सामग्री की जगह सस्ते या वैकल्पिक पदार्थों, जैसे असली दूध या चीज की जगह वनस्पति तेलों का इस्तेमाल किया जाता है जबकि उनका रूप तथा बनावट पारंपरिक उत्पादों जैसी रखी जाती है।

कदम गुणवत्ता मजबूत करने उठाया जा रहा

खाद्य वितरण मंच ने कहा कि यह पहल खाद्य सुरक्षा और नियामकीय आवश्यकताओं के अनुरूप उपभोक्ताओं के लिए पारदर्शिता एवं खाद्य गुणवत्ता मजबूत करने के लिए की जा रही है। जोमैटो ने कहा, ''जिन रेस्तरां ने पहले ही अपने मेन्यू में 'एनालॉग' चीज व पनीर या अन्य ऐसे दुग्ध उत्पादों के इस्तेमाल की घोषणा की है, ऐसे व्यंजनों को तत्काल प्रभाव से मंच से हटा दिया जाएगा।''

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
सीला मलहम®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देंखे
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

अहलूवालिया हॉस्पिटल
81031 28515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

प्रीमियर लीग: ओल्ड ट्रैफर्ड में यूनाइटेड का कहर, फर्नांडीस की हैट्रिक



एजेंसी ▶▶| लंदन

मैनचेस्टर यूनाइटेड ने ओल्ड ट्रैफर्ड में प्रीमियर लीग मैच में इप्सविच टाउन को 5-2 से हराया। टीम की जीत के नायक ब्रूनो फर्नांडीस रहे, जिन्होंने तीन गोल किए। मैनचेस्टर यूनाइटेड इस मैच में पिछले सप्ताह हल सिटी के खिलाफ मिली अप्रत्याशित हार के बाद उतरी थी। इसलिए टीम पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव था। टीम के लिए हालात तब और मुश्किल हो गए, जब 24वें मिनट में लीफ डेविस ने गोल करके इप्सविच को बढ़त दिला दी।

फर्नांडीस ने हाफ टाइम से पांच मिनट पहले स्कोर बराबर किया, और ब्रेक के 10 मिनट बाद हैरी मैगुइरे के हेडर से यूनाइटेड आगे हो गया। यह गोल इप्सविच के डिफेंडर जैकब ग्रीव्स से टकराकर गोल पोस्ट के अंदर गया। इसके तुरंत बाद फर्नांडीस ने पेनल्टी स्पॉट से अपना दूसरा गोल किया और 68वें मिनट में अपनी हैट्रिक पूरी की। ब्रायन म्बेउमो ने मैच खत्म होने से आठ मिनट पहले मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए पांचवां गोल किया, जबकि चुबा अकपोम ने स्टॉपेज टाइम में इप्सविच के लिए दूसरा गोल किया।



बुंडेसलीगा : फ्रीबर्ग ने वेर्डर ब्रेमेन को दी शिकस्त

बर्लिन। युइतो सुजुकी की शानदार हैट्रिक की बदौलत फ्रीबर्ग ने बुंडेसलीगा 2026/27 सीजन की शुरुआत वेर्डर ब्रेमेन पर 4-1 की बड़ी जीत के साथ की है। मैच की शुरुआत में ब्रेमेन ने काफी अनुशासित खेल दिखाया और फ्रीबर्ग के खिलाड़ियों को ज्यादा मौके नहीं दिए। मेहमान टीम की ओर से मार्को ग्रुल और अमोस पाइपर ने शुरुआती हमले किए और गोल करने की कोशिश की। फ्रीबर्ग ने धीरे-धीरे खेल पर नियंत्रण बना लिया और 29वें मिनट में गतिरोध तोड़ा। निकलास बेस्टे ने दूर वाले पोस्ट की ओर एक कॉर्नर किक मारी, जहां सुजुकी अपने मार्कर से बचकर निकले और पास से हेडर करके गोल कर दिया।

ला लीगा : रियल मैड्रिड की मालागा पर बड़ी जीत

मैड्रिड। रियल मैड्रिड ने सीजन के शुरुआती दौर में अपना शानदार रिकॉर्ड बनाए रखते हुए हाल ही में प्रमोट हुई टीम मालागा को 4-0 से हराया। रियल मैड्रिड की ओर से जूड बेलिंगहम जीत के नायक रहे, जिन्होंने एक गोल करने के साथ-साथ एक असिस्ट भी किया। बेलिंगहम ने मैच के 19वें मिनट में गोल करके रियल मैड्रिड की टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। इंग्लैंड के इस खिलाड़ी ने सात मिनट बाद दूसरे गोल में भी अहम भूमिका निभाई, जब मालागा के गोलकीपर अल्फोंसो हेरेरो से टकराकर गेंद नेट में चली गई। इसके बाद, आधे घंटे के खेल के दौरान ट्रेंट अलेक्जेंडर-अर्नोल्ड के बेहतरीन क्रॉस पर किलियन एम्बाप्पे ने सही जगह पर रहकर गोल किया और रियल मैड्रिड को 3-0 से आगे कर दिया।

खबर संक्षेप



ज्यादा वनडे क्रिकेट खेलना चाहते हैं हेजलवुड

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड अपनी गेंदबाजी की तेजी बनाए रखने और अक्टूबर में साउथ अफ्रीका के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए ज्यादा से ज्यादा वनडे क्रिकेट खेलना चाहते हैं। बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में सफल वापसी के बाद उनका ध्यान अधिक से अधिक मैच खेलने पर है। सिडनी में हेजलवुड ने कहा, मुझे लगता है कि मेरे लिए आगे बढ़ने का सबसे अच्छा तरीका है कि मैं जितना हो सके उतना खेलूं। उस टेस्ट सीरीज से पहले हमारी दो वनडे सीरीज हैं, इसलिए हो सकता है कि मैं दोनों सीरीज में तीन में से दो मैच खेलूं।

पैरा खिलाड़ियों ने फिनलैंड में जीते 16 पदक

नई दिल्ली। भारत ने फिनलैंड में आयोजित आईटीटीएफ विश्व पैरा फ्यूचर लाहटी टूर्नामेंट से 6 स्वर्ण, 4 रजत और 6 कांस्य सहित कुल 16 पदक जीतकर अपने अभियान का समापन किया। भारतीय खिलाड़ियों ने एकल स्पर्धाओं में 10 पदक जीते थे। इसके बाद उन्होंने युगल में दो स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य सहित छह पदक अपने नाम किए।

दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल : ईस्ट जोन के युवा बल्लेबाज ने सेंट्रल जोन के खिलाफ दिखाया दम

वैभव बने सबसे युवा अर्धशतकवीर तोड़ा 57 साल पुराना लक्ष्मण का रिकॉर्ड

युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने इतिहास रच दिया। वह दलीप ट्रॉफी के इतिहास में अर्धशतक लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बन गए हैं।

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु



वैभव ने ईस्ट जोन की तरफ से खेलते हुए पहले सेमीफाइनल मुकाबले में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) ग्राउंड पर सेंट्रल जोन के खिलाफ 42 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया।

वैभव ने यह अर्धशतक 15 साल और 175 दिन की उम्र में लगाया है। उन्होंने लक्ष्मण सिंह का 57 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 1969 में 16 साल और 23 दिन की उम्र में टूर्नामेंट में अपना पहला अर्धशतक लगाया था। भारत के पूर्व लेग-स्पिनर पीयूष चावला इस लिस्ट में तीसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने 16 साल और 307 दिन की उम्र में दलीप ट्रॉफी में अर्धशतक लगाया था।

तिलक का शतक, नॉर्थ के खिलाफ साउथ जोन ने बनाई शानदार लीड



साउथ जोन ने सेमीफाइनल-2 में नॉर्थ जोन के खिलाफ अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। दूसरे दिन की समाप्ति तक साउथ जोन ने 90 रन की बढ़त हासिल कर ली है। साउथ जोन ने दिन की समाप्ति तक अपनी पहली पारी में कुल 94 ओवरों का सामना करते हुए 9 विकेट खोकर 285 रन बना लिए। इस टीम ने 80 रन तक अपने 5 विकेट खो दिए थे। यहां से कप्तान तिलक वर्मा ने श्रेयस गोपाल के साथ छठे विकेट के लिए 334 गेंदों में 175 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 255 रन तक पहुंचाया। श्रेयस गोपाल छठे विकेट के रूप में आउट हुए। उन्होंने 11 चौकों के साथ 88 रन बनाए। कप्तान तिलक दूसरे दिन के खेल तक 7 चौकों के साथ 106 रन बनाकर नाबाद थे। विपक्षी खेमे से गुरनूर बरार 70 रन देकर 4 विकेट हासिल कर चुके हैं, जबकि अर्शदीप सिंह और अंशुल कंबोज ने 2-2 विकेट चटकाए हैं।



यूएस ओपन

जेसिका का दूसरे दौर में प्रवेश नोवाक पहले दौर में ही बाहर

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

यूएस ओपन 2026 में महिला एकल में तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला और 11वीं वरीयता प्राप्त मार्टा कोस्त्युक ने दूसरे दौर में प्रवेश किया। वहीं जोकोविच पहले दौर में हारकर बाहर हो गए।

पेगुला ने एलेना गैब्रिएला रूसे को 6-3, 6-2 से हराया। इस सत्र में सर्वाधिक 46 मैच जीतने वाली पेगुला का अगला मुकाबला वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली सोफिया केनिन से होगा। पेगुला ने कहा, 'मैदान में उतरने से पहले मैं बहुत घबराई हुई थी, लेकिन मेरे कोच ने कहा कि मैंने अच्छा प्रदर्शन किया।' कोस्त्युक ने स्टॉर्म हंटर को 6-4, 6-1 से हराकर साल के आखिरी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत की। इससे पहले वह फ्रेंच ओपन और विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी थीं।

मारियानो से हारे जोकोविच

दिग्गज खिलाड़ी और रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच अपने करियर में पहली बार यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में हारकर बाहर हो गए जबकि वीनस विलियम्स का पिछले साल वापसी करने के बाद पहले दौर में हार का सिलसिला जारी रहा। 4 घंटे 36 मिनट तक चले पांच सेटों के इस मैराथन मैच में जोकोविच को अर्जेंटीना के मारियानो नावोन से 7-6 (5), 5-7, 4-6, 6-2, 6-1 से हार का सामना करना पड़ा। यूएस ओपन के पहले दौर में इससे पहले जोकोविच का रिकॉर्ड 19-0 था और उन्होंने 2006 के ऑस्ट्रेलियन ओपन के बाद से किसी भी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में अपना पहला मैच नहीं हारा था।

अगले दौर में स्वितोलिना, पाओलिनी और लेयला

महिला वर्ग में जीत हासिल करने वाली अन्य खिलाड़ियों में नौवीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना, 19वीं वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी और 31वीं वरीयता प्राप्त लेयला फर्नांडीज (2021 की यूएस ओपन की उपविजेता) शामिल थीं। महिला एकल के पहले दौर में उलटफेर भी देखने को मिला क्योंकि दो बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन और 27वीं वरीयता प्राप्त बारबोरा क्रेज्सिकोवा, कामिला रखिमोवा से 7-6 (4), 6-2 से हार गईं।

डब्ल्यूटीटी फीडर ओलोमोक

अंकुर का डबल धमाका जीते दो गोल्ड मेडल



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी अंकुर भट्टाचार्य ने चेक गणराज्य में आयोजित डब्ल्यूटीटी फीडर ओलोमोक टूर्नामेंट में अपना पहला डब्ल्यूटीटी पुरुष एकल खिताब जीता और आकाश पाल के साथ युगल वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल करके दोहरी सफलता हासिल की। विश्व रैंकिंग में 78वें नंबर के खिलाड़ी अंकुर ने एकल फाइनल में स्लोवेनिया के तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी डेनी कोजुल को 3-1 (9-11, 11-4, 11-5, 11-6) से हराया। इससे पहले उन्होंने आकाश के साथ मिलकर पुरुष युगल फाइनल में हंगरी के साबा एंड्रास सैंटोसी और पोलैंड के एलन कुलजिकी ज़ालेव्स्की को 3-1 (11-8, 4-11, 13-11, 11-9) से हराया था।

तीन गेम जीतकर खिताब किया अपने नाम

अंकुर के लिए एकल फाइनल की शुरुआत अच्छी नहीं रही, क्योंकि कोजुल ने पहला गेम 11-9 से जीत लिया। भारतीय खिलाड़ी ने हालांकि जल्द ही अपनी लय हासिल कर ली और अगले तीन गेम जीतकर खिताब अपने नाम कर लिया। पुरुष युगल में अंकुर और आकाश ने पहला गेम 11-8 से जीता, लेकिन सैंटोसी और ज़ालेव्स्की ने दूसरे गेम में 11-4 से जीत हासिल करके स्कोर बराबर कर दिया। तीसरे गेम में कड़ी टक्कर के बाद भारतीय जोड़ी ने 13-11 से जीत हासिल करके फिर से बढ़त हासिल ली और फिर चौथे गेम में भी अपना संयम बनाए रखते हुए 11-9 से जीत दर्ज की। अंकुर ने इस तरह से डब्ल्यूटीटी फीडर सीरीज में शानदार सत्र का समापन किया।

पाकिस्तान ने सात खिलाड़ियों को बीच सीरीज भेजा घर, कोचिंग स्टाफ बदला

एजेंसी ▶▶| लंदन

पाकिस्तान ने इंग्लैंड के साथ आखिरी व तीसरे टेस्ट से पहले लगभग आधी स्क्वॉड को घर भेज दिया। साथ ही टीम के हेड कोच सरफराज अहमद और बॉलिंग कोच उमर गुल को भी रिलीज कर दिया। इनकी जगह माइक हेसन और एश्ले नॉफके को जिम्मेदारी दी गई है। पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट 9 सितंबर से एजबेस्टन में होना है। पहले दोनों टेस्ट में पाकिस्तानी टीम बुरी तरह से हारी। पहला टेस्ट तीन दिन में खत्म हुआ था तो दूसरा चार दिन में निपट गया था।

पांच नए चेहरे टीम में शामिल

पाकिस्तान ने आखिरी टेस्ट के लिए पांच नए चेहरों को शामिल किया है। इनमें अराफात मिन्हास, मोहम्मद इमरान जूनियर, साद बेग, मोहम्मद इमरान रंधावा और रजाउल्लाह शामिल हैं। इनके अलावा साईम अयूब और अब्दुल्ला फजल को भी जोड़ा गया है। इन दोनों के पास कुल मिलाकर 10 टेस्ट का ही अनुभव है।

मेस्सी ने 39 साल की उम्र में किया संन्यास का ऐलान

इंटरनेशनल फुटबॉल को कहा अलविदा

ब्यूनस आयर्स। फुटबॉलर लियोनल मेस्सी ने इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास का ऐलान कर दिया। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए इसकी जानकारी दी। मेस्सी ने बताया कि 21 जुलाई यानी वर्ल्ड कप 2026 फाइनल के दो दिन बाद ही उन्होंने यह फैसला कर लिया था। जब उनके पिता का देहांत हुआ था फैसले पर मुहर लग गई। लियोनल की कप्तानी में अर्जेंटीना की टीम वर्ल्ड कप फाइनल में पहुंची थी मगर उसे स्पेन के सामने 1-0 से हार झेलनी पड़ी थी।



सोशल में किया भावुक पोस्ट

मेस्सी ने संन्यास की जानकारी देते हुए लिखा, फाइनल के बाद से और लगातार सोच विचार करने के बाद मैं सभी को बताना चाहता हूं कि मैं इंटरनेशनल फुटबॉल से रिटायर हो रहा हूं। यह ऐसा फैसला है, जिससे दर्द होता है और बहुत अंदर तक तकलीफ है लेकिन मैं समझता हूं कि यह सही समय है। मैं जब भी अर्जेंटीना के लिए खेला तो पूरी जान लगा दी। ऐसा नहीं है कि हालिया समय में जब हमने सब कुछ जीता तब ही ऐसा किया। मैं हमेशा लड़ा और आपके चेहरे पर हंसी लाने और अर्जेंटीना के लोगों को गर्व कराने के लिए पूरी कोशिश की।

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, रायपुर
// नोटिस //
क्रमांक /119/ब-121/2025-26/312
रायपुर, दिनांक 17 अगस्त, 2026
प्रति,
1. श्री सुरेश सिंह ठाकुर
पिता श्री ईश्वर सिंह ठाकुर
2.श्रीमती संध्या ठाकुर
पति श्री सुरेश सिंह ठाकुर, म. नं. 45 कॉलेज वार्ड दीर्घायु अस्पताल के पास, रोहिणीपुरम क्षेत्र गोल चौक उंगनिया जिला रायपुर
आवेदक प्राधिकृत अधिकारी पंजाब नेशनल बैंक सेक्टर 24 नवा रायपुर की ओर से असद उल्लाह शरीफ अधिवक्ता ने आवेदन पत्र / शपथपत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत कर, आवेदन पत्र से आपने बैंक से 32,04,000.00 रूपये का ऋण प्राप्त कर, श्रीमती संध्या सिंह ठाकुर के स्वामित्व की अचल संपत्ति बैंक के पक्ष में बंधक रखी गई है। आपके द्वारा ऋण की अदायगी नही की जा रही है। जिसके कारण बैंक ने आपको अधिनियम की धारा 13 के तहत नोटिस जारी किया गया कि आप ऋण की अदायगी मय ब्याज एवं अन्य शुल्क रूपया 37,22,706.16 अदा करे, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति बैंक अपने हक में प्राप्त कर लेगी कि जानकारी दी जाकर, बैंक के पक्ष में आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में बंधक रखी संपत्ति का कब्जा दिलाये जाने का निवेदन किया है।
2/ आपने प्राधिकृत अधिकारी पंजाब नेशनल बैंक सेक्टर 24 नवा रायपुर से 32,04,000.00 रूपये का ऋण प्राप्त कर मौजा शंकर नगर खम्हारडीह डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड नं. 27 प.ह.नं. 110/46 नया 63 रा.नि.मं. रायपुर जिला रायपुर स्थित आवासीय फ्लैट नं.23 षष्ठ तल गोल्डन पार्क ख.नं. 1122/6, 1123/3 के भाग रकबा 716 वर्गफुट बैंक के पक्ष में बंधक रखा है।
3/ अतः आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में उपरोक्त बंधक रखी गई अचल संपत्ति को वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये क्यों न आधिपत्य में लेने की कार्यवाही की जावे। आप स्वयं अथवा अपने नियुक्त अभिभाषक के माध्यम से ऋण से संबधित एवं बंधक रखी गई संपत्ति से संबधित दस्तावेज लेकर पक्ष प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय में पेशी दिनांक 21.09.2026 को ठीक 3.00 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करे। नियत तिथि में उपस्थित नही होने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर, प्रकरण में निर्णय ले लिया जावेगा।
आज दिनांक 17 अगस्त, 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
मुहर
कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, रायपुर (छ.ग.)

आज से चाइना मास्टर्स, महिला एकल में 3 खिलाड़ियों पर नजर

निराशा भुलाकर कोर्ट पर गरजेंगे लक्ष्य, पहले दौर में कड़ी चुनौती

एजेंसी ▶▶| शेनझेन

विश्व चैंपियनशिप में शुरुआत में ही बाहर होने वाले लक्ष्य सेन अपनी इस निराशा को पीछे छोड़कर मंगलवार से शुरू होने वाले 1,250,000 अमेरिकी डॉलर के चाइना मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे।

सेन को हालांकि पहले दौर में ही कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। वह अपने शुरुआती मैच में फ्रांस के विश्व चैंपियन एलेक्स लैनियर का सामना करेंगे। किदाम्बी श्रीकांत पहले मैच में चीनी ताइपे के ची यु-जेन का सामना करेंगे। इस सत्र में उनका प्रदर्शन उतार चढ़ाव वाला रहा है।

सात्विक और चिराग से काफी उम्मीदें

पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी से भारत को काफी उम्मीद होगी। सात्विक और चिराग ने इस साल की शुरुआत में सिंगापुर ओपन जीतकर दो साल का अंतरराष्ट्रीय खिताब का इंतजार खत्म किया। वे चीन के हू के युआन और लिन जियांग यी के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेंगे।



उन्नति, तन्वी और देविका पर निगाहें

महिला एकल में भारत की निगाहें तीन युवा खिलाड़ियों उन्नति हुडा, तन्वी शर्मा और देविका सिहाग पर टिकी रहेंगी। रोहतक की 18 वर्षीय उन्नति का सामना पांचवीं वरीयता प्राप्त चीन की हान यू से होगा। तन्वी का मुकाबला डेनमार्क की अमाली शुल्ज से होगा और देविका का बुल्गारिया की कालोयाना नलबंतोवा से होगा।

हरिहरन-अर्जुन की जापानी जोड़ी से होगी भिड़ंत

हरिहरन आमसकारुनन और एमआर अर्जुन की पुरुष जोड़ी का सामना आठवीं वरीयता प्राप्त जापानी जोड़ी ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी से होगा, जो 2021 के विश्व चैंपियन हैं। मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनीशा क्रास्टो का मुकाबला थाई जोड़ी टोनकिड और टोनरुग साएहेंग से, जबकि रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गड्डे का सामना चीनी ताइपे के वू गुआन शुन और ली चिया हिसन से होगा।

जमीन के 30 फीट नीचे बने रहस्यमयी घर, 1000 साल से रह रहे लोग

ट्यूनिस। जब भी हम किसी के घर की कल्पना करते हैं, तो हमारे दिमाग में ईंट, सीमेंट और छत से बनी एक ऐसी इमारत आती है, जो जमीन के ऊपर खड़ी होती है। लेकिन, दुनिया में एक ऐसी जगह भी है, जहां लोग जमीन के ऊपर घर बनाने के बजाय जमीन के अंदर गड्ढा खोदकर रहते हैं। ये बिल्कुल पाताल लोक का अहसास दिलाता है। हम बात कर रहे हैं ट्यूनीशिया के दक्षिणी इलाके में बसे मातमाता नाम के एक छोटे से गांव की, जो अपनी इसी अनोखी बनावट की वजह से पूरी दुनिया में जाना जाता है। आमतौर पर गर्म इलाकों में लोग गर्मी से बचने के लिए पहाड़ों को काटकर गुफाएं बनाते हैं। लेकिन, मातमाता गांव के बर्बर समुदाय के लोगों ने बिल्कुल अलग तरीका अपनाया। उन्होंने पहाड़ की दीवारों को काटने के बजाय सीधी जमीन में ही एक बहुत बड़ा और गहरा गड्ढा खोद दिया।

इस बड़े गड्ढे को वे अपने घर का आंगन बनाते हैं और फिर उस गड्ढे की अंदरूनी दीवारों को खोदकर चारों तरफ कमरे तैयार करते हैं। कई बार तो आसपास बने ऐसे कई गड्ढों को आपस में जोड़ने के लिए जमीन के नीचे ही खंदक जैसी सुरंगें बना दी जाती हैं, जिससे यह पूरा इलाका एक बड़ी भूलभुलैया जैसा लगता है। अब सवाल यह उठता है कि जमीन के अंदर इतने बड़े गड्ढे और कमरे खोदना कैसे आसान हुआ? दरअसल, मातमाता का यह पूरा इलाका बलुआ पत्थर की एक ऐसी परत पर बसा है, जो बहुत ही नरम होती है। इसे हाथ के साधारण औजारों से भी आसानी से खोदा जा सकता है। लेकिन, खास बात यह है कि यह पत्थर जितना खोदने में आसान है, सदियों तक बिना गिरे टिके रहने में उतना ही मजबूत भी है। बर्बर समुदाय के लोग पिछले एक हजार से भी ज्यादा सालों से इसी तरीके से जमीन के अंदर अपने आशियाने बनाते आ रहे हैं।



आखिर क्यों बनाए पाताल लोक में घर?

इतिहास के पन्नों को पलटें तो पता चलता है कि यह इलाका लीबिया और ट्यूनीशिया के बीच का एकमात्र मैदानी रास्ता हुआ करता था। इस वजह से पुराने जमाने में विदेशी हमलावर बार-बार यहां से गुजरते थे और लूटपाट मचाते थे। हमलावरों से अपनी जान और माल बचाने के लिए बर्बर समुदाय के लोगों ने सुरक्षा के लिहाज से जमीन के नीचे एक तरह से पाताल लोक में छिपकर रहना शुरू किया। शुरुआत में वे पहाड़ियों पर छिपते थे, लेकिन बाद में जब अरब हमलावरों के साथ उनके रिश्ते सुधरे, तो वे नीचे के मैदानी इलाकों में आए और जमीन के अंदर गड्ढे वाले ये घर बनाने लगे। मातमाता गांव की एक और बड़ी पहचान यह भी है कि इसका कनेक्शन हॉलीवुड से बहुत गहरा है।

कुदरत और इंसान की समझदारी का एक बेजोड़ नमूना

दुनिया भर में मशहूर फिल्म स्टार वॉर्स की शूटिंग इसी गांव में हुई थी। फिल्म के मुख्य किरदार ल्यूक स्काईवॉकर का जो घर पर्दे पर दिखाया गया था, वह असल में मातमाता का ही एक अंडरग्राउंड होटल है, जिसका नाम सिदी द्रिस है। आज भी इस गांव में बहुत से लोग जमीन के नीचे बने इन पारंपरिक घरों में रह रहे हैं। बाहर चाहे कितनी भी भीषण गर्मी या झुलसाने वाली धूप हो, इन गड्ढे वाले मकानों के अंदर का तापमान हमेशा एकदम ठंडा और सुहावना बना रहता है, जो कुदरत और इंसान की समझदारी का एक बेजोड़ नमूना है।



रोचक खबरें

सबसे बूढ़ी बिल्ली, लेती है प्रोटीन रिच डाइट, पीती है सिर्फ मिनरल वॉटर!

लंदन। बिल्लियां आमतौर पर 12 से 18 साल तक जीवित रहती हैं। 20 साल पार करना भी दुर्लभ माना जाता है। लेकिन, इंग्लैंड के स्टॉकपोर्ट में एक ऐसी बिल्ली है जिसने 31 साल का आंकड़ा छू लिया है। उसका नाम है मिली। हाल ही में मिली ने अपना 31वां जन्मदिन मनाया और सोशल मीडिया पर उसकी चर्चा जोरों पर है। लोग हैरान हैं कि एक बिल्ली इतनी लंबी उम्र कैसे जी सकती है? मिली एक टॉर्टोईशेल बिल्ली है। उसे 1995 में बिल्ली के बच्चे के रूप में गोद लिया गया था। तब से वह अपने मालिक के साथ रह रही है। मालिक का कहना है कि मिली की लंबी उम्र का राज उसकी खास डाइट और देखभाल में छिपा है। मिली प्रोटीन से भरपूर आहार लेती है जिसमें सैल्मन, प्रॉन्स, चिकन, टूना और अन्य मांस शामिल हैं। पानी की जगह वह सिर्फ बक्सटन मिनरल वॉटर पीती है। इसके अलावा भरपूर नैप्स, ट्रीट्स और ढेर सारा प्यार-दुलार उसकी दिनचर्या का हिस्सा है। सोशल मीडिया पर मिली की तस्वीरें और जन्मदिन की बधाई के पोस्ट वायरल हो रहे हैं। लोग कमेंट में लिख रहे हैं कि 31 साल की बिल्ली देखना सौभाग्य की बात है। कई पेट लवर्स अपनी बिल्लियों की उम्र बता रहे हैं और मिली से तुलना कर रहे हैं। कुछ ने पूछा कि क्या सच में मिनरल वॉटर और प्रोटीन डाइट इतना फर्क डाल सकती है। हालांकि, मिली की उम्र गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स द्वारा आधिकारिक रूप से सत्यापित नहीं है।



यूएस में गधे ने बनाया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड मालकिन बनवा रही तस्वीर वाली टी-शर्ट

वॉशिंगटन। अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में रहने वाले 16 साल के एक गधे का नाम अब अधिकारिक तौर पर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया है। इस खुशी में उसकी मालकिन जेनिफर जी ने पूरे परिवार संग पार्टी की और गधे को गले लगाकर स्पेशल ट्रीट भी दी। इतना ही नहीं, अब वो गधे की तस्वीर वाली टी-शर्ट भी बनवा रही हैं।' गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के मुताबिक, इस गधे का नाम हैंक है, जिसने जिंदा गधों में सबसे लंबे कान होने का वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया है। हैंक के कान 17.12 इंच लंबे हैं, जो जॉर्जिया के पिछले रिकॉर्ड-होल्डर गधे 'होप' से लगभग 1.5 इंच लंबे हैं। इसी वजह से हैंक आसानी से यह खिताब जीत गया। जेनिफर बताती हैं, 'हैंक से मेरी पहली मुलाकात 5 साल पहले हुई थी, जब वह बिक्री के लिए दूसरे गधों के साथ रखा गया था। उस वक्त हैंक खुद मेरे पास आ गया था, जैसे उसी ने मुझको मालिकन चुन लिया हो। उसने मेरा साथ तब तक नहीं छोड़ा, जब तक कि मैंने उसे अपने साथ घर ले जाने का फैसला नहीं कर लिया।' जेनिफर ने आगे कहा, 'हैंक बहुत ही चंचल है, शायद इसी वजह से पिछले 5 सालों की दोस्ती में हमारे बीच एक गहरा रिश्ता बन गया। हैंक को सबसे ज्यादा मजा ट्रेल ऑब्सटेकल कॉम्पिटिशन में आता है। लेकिन, मैं उसे जहां भी ले गई, लोग हमेशा यही कहते हैं कि उन्होंने इतने बड़े कान पहले कभी नहीं देखे।'



मर्डर का दोषी भागकर बना सरकारी टीचर, 40 साल बाद फिर पहुंचा जेल

हैदराबाद। हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे एक कैदी को दिसंबर 1983 में मात्र 91 दिनों की पैरोल मिली थी, लेकिन वो 4 दशक तक जेल से बाहर रहने में कामयाब रहा। इस दौरान ना तो वो अंडरग्राउंड हुआ, ना ही दूसरे देश भागा, बल्कि इस सब के उलट, उसने बाकायदा सरकारी टीचर की नौकरी हासिल की। साल 2004 में बेस्ट टीचर का अवार्ड जीता और फिर साल 2013 में मजे से रिटायर भी हो गया, लेकिन पुलिस को भनक तक नहीं लगी। उसकी गिरफ्तारी के लिए बनाई गई स्पेशल टास्क फोर्स को 16 मई 2024 में उसकी लॉकेशन मिली, जिसके बाद उसे गिरफ्तार करके वापस सेंट्रल जेल भेज दिया गया। तब तक वो कैदी 73 साल का हो गया था। जेल लौटने पर उसकी 27 दिन की जमा की गई छूट (रेमिशन) रद्द कर दी गई और तीन साल तक पैरोल या फर्लो पर रोक लगा दी गई। इस कार्रवाई के खिलाफ उसकी पत्नी ने तेलंगाना हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और 40 साल की लंबी देरी का हवाला देते हुए पति की उम्र और खराब स्वास्थ्य के आधार पर मेडिकल पैरोल की मांग की। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सरकारी वकील ने हाई कोर्ट में इस याचिका का विरोध करते हुए कहा, 'पैरोल कोई जन्मसिद्ध अधिकार नहीं है। अगर कोई कैदी पैरोल की शर्तें तोड़ता है, तो उसे सजा मिलना तय है।



अरब देशों पर खतरे की घंटी

जलवायु परिवर्तन से खड़ा हो सकता है भोजन-पानी का संकट, चेतावनी

रियाद। जलवायु परिवर्तन अरब दुनिया में एक बड़े खतरे की घंटी बजा रहा है। पूरे अरब जगत में पानी की कमी, खराब होती फसलें और खाने-पीने की चीजों की बढ़ती कीमतों पर जलवायु परिवर्तन का असर साफ दिख रहा है। इस इलाके में पहले से ही पानी की भारी कमी है। अब जलवायु परिवर्तन की वजह से भुखमरी और मानवीय संकट के प्रति और बहुत ज्यादा संवेदनशील होता जा रहा है। इस स्थिति को लेकर एक्सपर्ट ने चेताया है। खाड़ी सहयोग परिषद देशों के लिए संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन के कोऑर्डिनेटर अहमद मुख्तार ने बताया है कि प्रति व्यक्ति ताजे पानी की उपलब्धता के मामले में अरब दुनिया का सबसे ज्यादा पानी की कमी वाला इलाका है। यहां खेती के लायक जमीन 5 प्रतिशत से कम है और रेगिस्तान का दायरा तेजी से बढ़ रहा है।

घटते पानी का संकट

अरब इलाके में एफएओ स्थानीय सरकारों और समुदायों के साथ मिलकर पानी के टिकाऊ प्रबंधन के तरीके लागू करता है। साथ ही यह खेती की पैदावार बढ़ाने, प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करने और जलवायु परिवर्तन से खाने-पीने की चीजों की कमी के संकट से कमजोर आबादी को बचाने के लिए पॉलिसी फ्रेमवर्क बनाता है। स्थानीय स्तर पर ताजे पानी का ज्यादातर इस्तेमाल खेती में ही होता है इसलिए पानी की कमी से किसान समुदाय बहुत तेजी से मुश्किल में पड़ जाते हैं। उन्हें खाने-पीने की चीजों के लिए अस्थिर ग्लोबल इंपोर्ट मार्केट पर निर्भर रहना पड़ता है, जो टिकाऊ नहीं है। अहमद मुख्तार ने कहा कि जलवायु परिवर्तन इस समस्या को और बढ़ा रहा है। जलवायु परिवर्तन सरकारों के इरादों और मौजूदा आर्थिक संसाधनों पर तेजी से असर डाल रहा है। इस इलाके में कई बड़े देश तकनीकी रूप से औद्योगीकरण के दौर से गुजर रहे हैं। ऐसे में कार्बन फुटप्रिंट शायद बढ़ेंगे।



जलवायु परिवर्तन से बढ़ता खतरा

संयुक्त राष्ट्र के वर्ल्ड फूड प्रोग्राम के क्षेत्रीय निदेशक समर अब्देलजाबेर ने अरब न्यूज को बताया कि जलवायु से जुड़े झटके फसल की पैदावार कम कर रहे हैं, लोगों की आजीविका को नुकसान पहुंचा रहे हैं और खाने-पीने की चीजों की कीमतें बढ़ा रहे हैं। इससे कमजोर परिवारों के लिए पौष्टिक भोजन पाना मुश्किल हो रहा है। संघर्ष वाले इलाकों में ये असर ज्यादा है। अब्देलजाबेर ने कहा, 'जलवायु परिवर्तन एक ऐसे खतरे के तौर पर काम करता है, जो दूसरे खतरों को बढ़ा देता है। इससे खाद्य प्रणालियों और जरूरी सेवाओं पर दबाव पड़ता है। जलवायु परिवर्तन से फसलों की पैदावार कम होगी तो फल, सब्जियां और पशुपालन को जोखिम का सामना करना पड़ेगा, क्योंकि वे पानी के सीमित स्रोतों और स्थिर जलवायु परिस्थिति पर निर्भर हैं।'

क्यों और कैसे बढ़ेगा संकट

यूनिसेफ के पानी और स्वच्छता और साफ-सफाई मामलों के वरिष्ठ सलाहकार उमर अल-हत्ताब का कहना है कि जरूरी सामान पहले से सही जगहों पर पहुंचाना, समय रहते चेतावनी देने की व्यवस्था बनाना, स्थानीय स्तर पर प्रतिक्रिया देने की क्षमता मजबूत करने की जरूरत है। सूखे से खेती का उत्पादन कम हो सकता है, मवेशी मर सकते हैं औरआजीविका पर बुरा असर पड़ सकता है। सभी एजेंसियां इस बात से सहमत हैं कि जलवायु परिवर्तन से खेती, भोजन की उपलब्धता और पानी की कमी पर जो असर पड़ता है, उसे ठीक किया जा सकता है। समुदाय खराब हो चुकी जमीन को फिर से ठीक कर सकते हैं, पानी के प्रबंधन को बेहतर बना सकते हैं, पारिस्थितिकी तंत्र को बहाल कर सकते हैं और जलवायु के अनुकूल खेती के तरीके अपना सकते हैं।

आयात पर बढ़ेगी निर्भरता

अरब देश खाने-पीने की चीजों के आयात पर बहुत निर्भर है। एफएओ का अनुमान है कि 2031 तक इस इलाके में खाने-पीने की चीजों की कुल खपत का दो-तिहाई हिस्सा इंपोर्ट से आएगा। कुछ खाड़ी देश तो अपनी खाने-पीने की जरूरतों का 90 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा इंपोर्ट से ही पूरा करते हैं। अरब की समस्या यह है कि पानी की कमी के बावजूद देश खेती में आत्मनिर्भरता की ओर कैसे बढ़े। मुख्तार ने कहा कि इस समस्या को आर्थिक नजरिए से देखने की जरूरत है। इसका कोई एक समाधान नहीं है। आत्मनिर्भरता का विचार आदर्श लगता है, लेकिन असल में कोई व्यावहारिक विकल्प नहीं है। जलवायु से जुड़े झटके खाने-पीने की चीजें बड़े पैमाने पर पैदा करने वाले देशों को प्रभावित करते हैं। ये सप्लाई कम कर सकते हैं, कीमतें बढ़ा सकते हैं और व्यापार में रुकावट डाल सकते हैं।

तैयारी करने की जरूरत

अल-हत्ताब ने कहा कि आज तकनीक और व्यावहारिक समाधान मौजूद हैं। हमारी जिम्मेदारी एक ऐसा सिस्टम बनाने में मदद करना है, जो उस बच्चे को कभी निराश ना करे, क्योंकि मानवीय कार्यों के भविष्य का आकलन सिर्फ इस आधार पर नहीं किया जाएगा कि हम संकटों का कितनी प्रभावी ढंग से सामना करते हैं।

पहली बार दिखी केंकड़ों की रानी! काला नहीं, बैगनी है उसका रंग

बैगनी केंकड़े की तस्वीरें हुईं वायरल

बैंकाक। आपने अपनी जिंदगी में कई बार केंकड़े देखे होंगे। इसमें छोटे-बड़े, काले या भूरे रंग के केंकड़े शामिल है। लेकिन, थाईलैंड के एक नेशनल पार्क में हाल ही में ऐसा केंकड़ा देखा गया, जिसने सबका ध्यान खींच लिया। इसका रंग सामान्य काला नहीं, बल्कि खूबसूरत बैंगनी है। रेंजर्स ने इसे 'केंकड़ों की रानी' जैसा अनमोल नजारा बताया और तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई।



कहां और कैसे दिखी?

थाईलैंड के कैंग क्राचान नेशनल पार्क के फानोएन थुंग चेकपॉइंट पर रेंजर्स ने इस दुर्लभ केंकड़े की तस्वीरें खींचीं। पार्क हर साल 1 अगस्त से 31 अक्टूबर तक बंद रहता है। बंद होने से ठीक पहले के दिनों में यह नजारा मिला। पार्क चीफ मोंगकोल चैयाफाकदी ने इसे प्रकृति का अनमोल उपहार बताया। इस प्रजाति को 'प्रिंसेस क्रैब' या 'सिरिंधर्न क्रैब या पांडा क्रैब भी कहा जाता है।


रंग और आकार

इसका खोल (कारापेस) और पंजे सफेद रंग के होते हैं, जबकि चलने वाले पैर, आंखों के सॉकेट और मुंह के हिस्से गहरे बैंगनी-बैंगनी रंग के होते हैं। कुछ रिपोर्ट्स में इसे सामान्य पांडा पैटर्न (सफेद-काला) का खूबसूरत बैंगनी वैरिएंट भी बताया गया है। पूरी तरह विकसित होने पर इसका आकार 9 से 25 मिलीमीटर होता है जो एक सिक्के से भी छोटा है। यह मीठे पानी का वॉटरफॉल क्रैब है, जो सिर्फ पश्चिमी थाईलैंड में पाया जाता है। ठंडी, छायादार धाराओं और पूलों में रहता है। प्रदूषित पानी बर्दाश्त नहीं कर सकता, इसलिए इसकी मौजूदगी पार्क की अच्छी पर्यावरणीय स्थिति का संकेत मानी जाती है।

नासा बनाएगा ब्रह्मांड का सबसे बड़ा 3डी नक्शा

वॉशिंगटन। अंतरिक्ष को देखने के लिए वैज्ञानिकों को एक नई आंख मिल गई है। नासा ने 'रोमन स्पेस टेलीस्कोप' को सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया है। यह टेलीस्कोप रविवार को अमेरिका के फ्लोरिडा स्थित नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर के लॉन्च कॉम्प्लेक्स 39ए से स्पेस-एक्स के फाल्कन हेवी रॉकेट के जरिए अंतरिक्ष के लिए रवाना हुआ है। यह हबल और जेम्स वेब के बाद सबसे ताकतवर दूरबीन है, जो अंतरिक्ष के अनसुलझे रहस्यों को सुलझाने में बड़ी मदद करेगी। यह ऑब्जर्वेटरी पृथ्वी से करीब 15-16 लाख किलोमीटर दूर अंतरिक्ष में 'लैग्रेंज पॉइंट-2' (एल 2) पर लगाई जाएगी। यह वही जगह है, जहां नासा का मशहूर जेम्स वेब टेलीस्कोप मौजूद है। हबल और जेम्स वेब के बाद इसे अंतरिक्ष में इंसान की तीसरी सबसे बड़ी और ताकतवर 'आंख' माना जा रहा है, जिससे वैज्ञानिक ब्रह्मांड के गहरे रहस्यों को आसानी से समझ सकेंगे।

अरबों गैलेक्सियों को देखेगा नैन्सी ग्रेस रोमन स्पेस टेलीस्कोप, खोजेगा दूसरी दुनिया



क्या है नैंसी ग्रेस रोमन स्पेस टेलीस्कोप?

यह नासा की अगली पीढ़ी की शक्तिशाली अंतरिक्ष दूरबीन है। इसका आकार एक बड़ी बस जितना है। इस टेलीस्कोप का नाम नासा की पहली चीफ एस्ट्रोनॉमर 'नैन्सी ग्रेस रोमन' के नाम पर रखा गया है। अंतरिक्ष जगत में उन्हें 'मदर ऑफ हबल' भी कहा जाता है। उन्होंने ही 1960 के दशक में अंतरिक्ष में दूरबीनें भेजने की नींव रखी थी। नासा के इतिहास में यह पहला मौका है जब किसी बड़े स्पेस टेलीस्कोप का नाम किसी महिला वैज्ञानिक के नाम पर रखा गया है।

नैंसी ग्रेस रोमन स्पेस टेलीस्कोप क्या काम करेगा?

ब्रह्मांड के फैलाव का राज खोलेगा: दुनिया तेजी से क्यों फैल रही है, उस रहस्यमयी और अदृश्य ताकत (डार्क एनर्जी) को समझेगा।
अदृश्य शक्ति की पहचान: अंतरिक्ष में जो चीजें हमें दिखाई नहीं देतीं, लेकिन सब कुछ थामे रखती हैं (डार्क मैटर), उनका नक्शा बनाएगा।
ब्रह्मांड का 3डी नक्शा: 2 अरब से ज्यादा आकाशगंगाओं को स्कैन करके अंतरिक्ष का अब तक का सबसे बड़ा और साफ 3D नक्शा तैयार करेगा।
हजारों नए ग्रहों की तलाश: हमारे सौरमंडल के बाहर मौजूद हजारों नए और अनजान ग्रहों को खोज निकालेगा।
तारों के पीछे छिपे ग्रहों की तस्वीर: तारों की तेज चमक को दबाकर उनके पीछे छिपे बेहद धुंधले ग्रहों की सीधी फोटो खींचेगा।
तारों के विस्फोट पर नजर: अंतरिक्ष में जब कोई बड़ा तारा धमाके के साथ खत्म होता है (सुपरनोवा), यह उस पर नजर रखकर दूरियों का हिसाब लगाएगा।
हमारी अपनी आकाशगंगा की पड़ताल: जिस 'मिल्की वे' में हम रहते हैं, उसके बीच के घने और अंधेरे हिस्से की गहराई से जांच करेगा।
आकाशगंगाओं के जन्म की कहानी: अरबों साल पहले आकाशगंगाएं कैसे बनीं और समय के साथ कैसे बदलती गईं, इसका पूरा इतिहास निकालेगा।

बरसात के पानी को जमा करने की निंजा टेक्निक

किगाली। दुनिया भर में पीने के पानी की किल्लत एक गंभीर समस्या बन चुकी है। कई देशों में सूखे की खबरें आती रहती हैं, भूजल स्तर लगातार गिर रहा है और लोग दूर-दूर से पानी लाने को मजबूर हैं। रेन वॉटर हार्वेस्टिंग यानी बारिश के पानी को जमा करने पर जोर दिया जाता है, लेकिन कई जगहों पर इसे अनदेखा कर दिया जाता है। रवांडा ने इस मामले में एक मिसाल पेश की है। यहां के ज्यादातर घरों की छतें ऐसी बनाई गई हैं कि बरसात का एक भी बूंद व्यर्थ नहीं जाता। रवांडा की ये तकनीक बेहद सरल, लेकिन असरदार है। घरों की छतों को विशाल कलेक्शन फनल यानी चोंगे के आकार में डिजाइन किया गया है। छत का ढलान इस तरह रखा गया है कि बारिश का पानी चारों तरफ से एक केंद्रीय चैनल में इकट्ठा होता है और पाइप के जरिए सीधे भूमिगत टंकियों में पहुंच जाता है। नतीजा ये होता है कि बरसात का पानी घर की टंकी में सुरक्षित जमा हो जाता है और जब जरूरत हो तब इस्तेमाल किया जा सकता है।



किल्लत में ढूंढ रहे जुगाड़ : रवांडा अफ्रीका का एक छोटा लेकिन प्रगतिशील देश है। यहां पहाड़ी इलाके ज्यादा हैं और बारिश का पैटर्न मौसमी होता है। कुछ महीनों में अच्छी बारिश हो जाती है तो कुछ समय सूखा पड़ सकता है। ऐसे में बारिश के पानी को सहेजना बेहद जरूरी हो जाता है। सरकार और नागरिक दोनों इस दिशा में जागरूक हैं।

अपनाया बेहतरीन आइडिया

स्थानीय लोगों का कहना है कि ये व्यवस्था उनकी जिंदगी का हिस्सा बन चुकी है। चाहे शहर हो या ग्रामीण इलाका, ज्यादातर घरों में ये स्मार्ट छतें नजर आती है। बारिश होते ही पानी की धाराएं छत से बहकर एक जगह जुड़ जाती हैं और नीचे टंकी में समा जाती हैं। एक बूंद भी बहकर बर्बाद नहीं होती। सोशल मीडिया पर इस तकनीक की तस्वीरें और वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं। लोग इसे 'निंजा टेक्निक' बता रहे हैं। क्योंकि, ये तरीका देखने में साधारण है, लेकिन काम बहुत बड़ा करता है। कई भारतीयों ने कमेंट में लिखा कि काश हमारे यहां भी हर घर में ऐसी व्यवस्था होती तो मानसून का पानी यूं ही ना बह जाता. कुछ ने पूछा कि क्या भारत में भी इसे अपनाया जा सकता है।

हर घर में बनी है ऐसी छत, सीधे टंकी में जमा हो जाता है रेन वॉटर!

हरिभूमि माह अगस्त 2026 का मासिक बिल

दिन	दर	राशि
30 दिन	5.00	150.00
	कुल	150.00

हरिभूमि के सुधि पाठक अगस्त 2026 का अखबार बिल अपने एजेंट के पास 06 तारीख तक जमा कर सहयोग करें।
व्यवस्थापक

सर्वप्रथम अत्याधुनिक
(अल्ट्रामॉडर्न) बर्न यूनिट
10 इंटेंसिव आइसोलेशन केयर ग्लास केबिन, हेपा फिल्टर/लेमिनर फ्लो 100% जीवाणु रहित ग्लास केबिन.
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..
कोल्ड रेडियो फ्रीक्वेंसी मशीन द्वारा
- गर्दन दर्द, फ्रोजन शोल्डर, कमर, कंधे एवं जोड़ों इत्यादि के दर्द का ईलाज
- सभी प्रकार के न्यूरोलॉजिकल दर्द जैसे-माइग्रेन, सिरदर्द एवं स्ट्रोक इत्यादि के दर्द का ईलाज
- पुराने असाध्य दर्द, कैंसर के दर्द जो किसी भी प्रकार के इलाज से ठीक नहीं हो रहे।
एडवांस पेन मैनेजमेंट क्लीनिक
सोमवार से शनिवार
समय : 10.00 से 05:00 बजे तक
DR. PANKAJ OMAR
Consultant Pain Specialist
MBBS, MD, FIPM (Germany and Singapore)
देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.) 7024500330 www.snh.org.in

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com